3 राजधानी
राणा दंपति ने हनुमान चालीसा का किया पाठ

7 न्यूज-व्यूज
चार्टर्ड अकाउंटेंट आर्थिक विकास के सजग प्रहरी

10 विदेश
ट्रंप के खिलाफ केस वापस लेने से इनकार

12 स्पोर्ट्स
केकेआर की बड़ी जीत

RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 186
नई दिल्ली, रविवार, 15 मई, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



द आर्चीज से फिल्मी यात्रा आरंभ करेंगी सुहाना खान

राष्ट्रीय-9

www.dailypioneer.com

# माणिक साहा होंगे त्रिपुरा के नए सीएम

## ● भाजपा शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर बिप्लब देब ने दिया त्यागपत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** अगरतला



राज्यपाल से भेंट करते त्रिपुरा के भावी मुख्यमंत्री माणिक साहा। साथ में निवर्तमान मुख्यमंत्री बिल्लब देब

**भाजपा** ने आश्चर्यजनक कदम उठाते हुए राज्यसभा सदस्य माणिक साहा को त्रिपुरा का नया मुख्यमंत्री बनाया है। वह बिप्लब कुमार देब की जगह लेंगे जिन्होंने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर शनिवार को पद से इस्तीफा दे दिया। देब के राज्यपाल एसएन आर्य को अपना इस्तीफा सौंपे जाने के तुरंत बाद भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष साहा को मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर एक बैठक में विधायक दल का नेता चुना गया। देब ने बैठक में जैसे ही 69 वर्षीय साहा के नाम का प्रस्ताव रखा, मंत्री राम प्रसाद पॉल ने इसका विरोध किया जिससे विधायकों के बीच धक्का-मुक्की हुई।

सूत्रों ने कहा कि पॉल ने कुछ कुर्सियों को भी तोड़ दिया। उन्होंने कहा कि पॉल चाहते थे कि त्रिपुरा के पूर्ववर्ती राजपरिवार के सदस्य जिष्णु देव वर्मा को राज्य का नया मुख्यमंत्री बनाया जाए। भाजपा के वरिष्ठ नेता भूपेंद्र यादव और विनोद तावड़े विधायक दल के नेता के चुनाव के पर्यवेक्षक थे। साहा ने खुद को मुख्यमंत्री चुने जाने के बाद संवाददाताओं से कहा, मैं पार्टी का एक आम कार्यकर्ता हूं और आगे भी रहूंगा। पचास वर्षीय देब ने नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात के एक दिन बाद मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया। देब ने इस्तीफा देने के बाद कहा, पार्टी सबसे ऊपर है। मैं भाजपा का निष्ठावान कार्यकर्ता हूं। मुझे लगता है कि जो जिम्मेदारी दी गई, उसके साथ मैंने न्याय किया फिर चाहे राज्य भाजपा इकाई के अध्यक्ष का पद हो या त्रिपुरा के मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी। मैंने त्रिपुरा के संपूर्ण विकास के लिए कार्य किया और सुनिश्चित किया कि राज्य के लोगों के लिए शांति हो।

उन्होंने पार्टी द्वारा उन्हें संगठनात्मक दायित्व सौंपे जाने के फैसले की व्याख्या करते हुए कहा, वर्ष 2023 में चुनाव आ रहा है और पार्टी चाहती है कि जिम्मेदार संयोजक यहां प्रभार संभाले। सरकार तभी बन सकती है जब संगठन मजबूत हो। पूर्वोत्तर राज्य में 2018 में वाम मोर्चे के 25 साल के शासन को समाप्त कर भाजपा के सत्ता में आने के बाद देब को मुख्यमंत्री नियुक्त किया गया था। भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा ने शनिवार को माणिक साहा को बधाई दी, जो त्रिपुरा के मुख्यमंत्री के रूप में बिप्लब कुमार देब की जगह लेंगे। नड्डा ने विश्वास व्यक्त किया कि साहा राज्य को प्रगति और विकास की ओर ले जाएंगे। देब द्वारा राज्यपाल एस एन आर्य को अपना इस्तीफा सौंपने के तुरंत बाद मुख्यमंत्री के आधिकारिक ( शेष पेज 8 )

# मुंडका अग्निकांड में अभी 29 लोग लापता

## ● बुरी तरह जलने से पहचान में हो रही दिक्कत 27 की हो चुकी है मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



मुंडका अग्निकांड में अपने लापता परिजनों को लेकर रोता एक युवक

**पश्चिमी** दिल्ली के मुंडका इलाके में एक इमारत में भीषण आग लगने के एक दिन बाद बदहवास रिश्तेदार अबभी अपने प्रियजनों की तलाश कर रहे हैं। पुलिस के अनुसार अभी 29 लोगों का पता नहीं चल पाया है। इस घटना में 27 लोगों की मौत हो गई है। दमकल विभाग के अनुसार, शनिवार की सुबह आग बुझाने के अभियान के दौरान इमारत में झुलसे हुए अवशेष पाए जाने के कारण मृतक संख्या बढ़कर 30 तक हो सकती है। अस्पताल में 12 घायलों का इलाज चल रहा है। उन्होंने कहा कि चार मंजिला इमारत, जिसके पास अग्नि सुरक्षा प्रमाण पत्र नहीं था, में एक ही प्रवेश और निकास मार्ग था। इसी कारण स्थिति भयावह हो गई।

मुख्य दमकल अधिकारी अतुल गर्ग ने कहा कि इमारत में बचने का एक ही रास्ता था, यही वजह है कि इतने लोग हताहत हुए। अधिकारियों ने कहा कि प्रवेश और निकास के लिए केवल एक संकरी सीढ़ी थी, जिससे जलती हुई इमारत से बाहर निकलना मुश्किल हो गया। गर्ग ने कहा कि आशंका है कि किसी एसी में विस्फोट से आग लगी हो। पुलिस उपायुक्त (बाहरी) समीर शर्मा ने कहा कि सीसीटीवी कैमरा और राउटर निर्माण एवं पैकेजिंग कंपनी के मालिक हरीश गोयल और उनके भाई वरुण गोयल के कार्यालय से आग लगने का संदेह है। दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। गर्ग ने कहा कि यह पता लगाना मुश्किल है कि शनिवार की सुबह मिले अवशेष एक व्यक्ति के हैं या उससे अधिक के।

डीसीपी ने कहा कि 27 मृतकों में से सात की पहचान तानिया भूषण, मोहिनी पाल, यशोदा देवी, रंजू देवी, विशाल, दृष्टि और कैलाश ज्ञानी के रूप में हुई है। फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी रोहिणी की निदेशक दीपा वर्मा ने कहा कि वरिष्ठ विशेषज्ञों सहित दो टीम मौके पर काम कर रही है। ये टीमें पहचान और संग्रह के उद्देश्य से नमूने एकत्र करेंगी। इन्हें जांच अधिकारी को सौंप दिया जाएगा। झुलसे हुए मानव अवशेष भी मिले हैं, इसलिए संभवत: मृतक की पहचान का पता लगाने के लिए फोरेंसिक डीएनए जांच की जाएगी।

डीसीपी शर्मा के अनुसार, सीसीटीवी कैमरा पैकेजिंग यूनिट के मालिकों के खिलाफ धारा 304 (गैर इरादतन हत्या के लिए सजा), 308 (गैर इरादतन हत्या का प्रयास), 120 (दंडनीय अपराध को अंजाम देने की योजना छिपाने) और 34 (साझा मंशा) के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। डीसीपी ने बताया कि इमारत की सभी मंजिलों का इस्तेमाल यही कंपनी कर रही है। इमारत के मालिक मनीष लाकड़ा पर भी मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि तलाश अभियान जारी है। 12 घायलों में से एक की पहचान अभी नहीं हुई है। पश्चिमी दिल्ली के जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी सूची के अनुसार, घायलों में सतीश (38), प्रदीप (36), आशु ( शेष पेज 8 )

## मृतकों के परिवार को 10-10 लाख रुपए, मजिस्ट्रेट करेंगे जांच



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**मुंडका** में शुक्रवार शाम हुए दर्दनाक हादसे के बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को घटना स्थल का निरीक्षण किया। इस भीषण आगजनी में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि यह हादसा बेहद दर्दनाक और झकझोर देने वाला है। इसकी मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दे दिए गए हैं। हादसे में मारे गए लोगों के परिवार को 10-10 लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए मुआवजा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि इस हादसे के किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। जांच रिपोर्ट आने ( शेष पेज 8 )

# कांग्रेस में कमजोर वर्गों को मिलेगा 50% आरक्षण

**चिंतन शिविर**

## ● बदहाली की गर्त से निकलने को सोशल इंजीनियरिंग की राह पकड़ रही पार्टी, समाज के वंचित तबकों को पर्याप्त प्रतिनिधित्व देने पर गंभीर विचार-विमर्श

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/उदयपुर



उदयपुर चिंतन शिविर में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और उनके पुत्र राहुल गांधी

**बदहाली** की गर्त से निकलने के लिए कांग्रेस अब सोशल इंजीनियरिंग के फॉर्मूले की तरफ कदम बढ़ाएगी। इसी के तहत संगठन में सभी स्तरों पर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यकों को 50 प्रतिशत प्रतिनिधित्व दे सकती है।

कांग्रेस के नवसंकल्प चिंतन शिविर के माध्यम से पार्टी ने महिला आरक्षण के संदर्भ में कोटा के भीतर कोटा के मामले पर अपने रुख में बदलाव करने के संकेत दिए हैं। उसका कहना है कि वह संसद एवं विधानसभाओं में महिलाओं को आरक्षण देने के साथ ही इसमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग समुदायों की महिलाओं को अलग आरक्षण देने के पक्ष में है। पार्टी निजी क्षेत्र में आरक्षण और जातिगत जनगणना के पक्ष में भी खुलकर रुख अपना सकती है।

चिंतन शिविर के लिए बनी कांग्रेस की सामाजिक न्याय संबंधी समन्वय समिति की बैठक में शनिवार को इन बिंदुओं पर गहन चर्चा की गई। इस समिति के सदस्य राजू ने संवाददाताओं से कहा कि इसको लेकर चर्चा की गई कि क्या संगठनात्मक सुधार करने चाहिए जिससे पार्टी कमजोर तबकों को संदेश दे सके। हम प्रयास करेंगे कि ये समुदाय महसूस करें कि कांग्रेस उनके सशक्तीकरण को लेकर प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि यह प्रस्ताव भी आया है कि कांग्रेस अध्यक्ष के अधीन एक सामाजिक न्याय सलाहकार समिति बनाई जाए जो सुझाव देगी कि ऐसे क्या कदम उठाए जाने चाहिए जिससे इन तबकों का विश्वास जीता जा सके। राजू ने कहा कि कांग्रेस का संविधान एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यकों को 20 प्रतिशत आरक्षण देता है।

समूह ने फैसला किया है कि एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक समुदायों को ब्लॉक कमेटी से लेकर कांग्रेस कार्य समिति तक सभी समितियों में 50 प्रतिशत प्रतिनिधित्व दिया जाए। कुछ लोगों की यह भी राय है कि इन समुदायों के लिए प्रतिनिधित्व ( शेष पेज 8 )

# सुनील जाखड़ ने कांग्रेस को कहा अलविदा

**भाषा।** चंडीगढ़



**पंजाब** प्रदेश कांग्रेस समिति (पीपीसीसी) के पूर्व अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने शनिवार को कांग्रेस को अलविदा कह दिया। पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में पिछले महीने उन्हें कांग्रेस में सभी पदों से हटा दिया गया था। कांग्रेस से तीन पीढ़ियों और करीब 50 साल पुराने रिश्ते को तोड़ने की घोषणा उन्होंने फेसबुक के जरिए संबोधन में की तथा देश की सबसे पुरानी पार्टी को गुड लक और गुडबाय कांग्रेस कहते हुए अपनी शुभकामनाएं भी दीं।

जाखड़ ने यह निर्णय ऐसे समय पर लिया है, जब उदयपुर में कांग्रेस का तीन दिवसीय चिंतन शिविर चल रहा है। उन्होंने कहा, पार्टी से अलग होकर आज उसे मैं उपहार दे रहा हूं। कांग्रेसजनों को ए मेरे आखिरी शब्द हैं। भविष्य के लिए शुभकामनाएं और अलविदा कांग्रेस। पार्टी पर दिल तोड़ने का आरोप लगाते हुए वरिष्ठ नेता ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी को दोस्त और दुश्मनों की पहचान करने की सलाह दी तथा कहा कि उन्हें कांग्रेस की कमान अपने हाथों ले ले लेनी चाहिए लेकिन चापलूसों से सावधान रहना चाहिए। कांग्रेस की पंजाब इकाई के पूर्व प्रमुख जाखड़ 11 अप्रैल को मिले कारण बताओ नोटिस को लेकर पार्टी से नाराज थे। उन्होंने कांग्रेस की अनुशासनात्मक समिति को नोटिस का जवाब नहीं दिया था।

उल्लेखनीय है कि जाखड़ से पहले पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार और आर पी एन सिंह ने हाल के दिनों में कांग्रेस का दामन छोड़ा है। जाखड़ ने अपने फेसबुक पेज पर दिल की बात में कहा कि उदयपुर में हो रहा पार्टी का चिंतन शिविर महज औपचारिकता है। उनके मुताबिक, इसका ( शेष पेज 8 )

# गुना में शिकारियों ने तीन पुलिसकर्मियों की हत्या की

## ● दो आरोपी भी मारे गए, घटना स्थल से चार हिरण और एक मोर के अंग भी मिले

**भाषा।** भोपाल

**मध्य** प्रदेश के गुना जिले में शनिवार तड़के शिकारियों की ओर से गई की गई गोलीबारी में तीन पुलिसकर्मियों की मौत हो गई जबकि दो हमलावर भी मारे गए। अधिकारी ने बताया कि माना जा रहा है कि एक आरोपी पुलिसकर्मियों की जवाबी गोलीबारी में मारा गया है जबकि दूसरे को शनिवार शाम को पुलिस ने एक मुठभेड़ में ढेर किया है। वहीं प्रशासन ने कुछ आरोपियों के मकानों को भी ध्वस्त कर दिया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस घटना को लेकर एक उच्च स्तरीय बैठक की और शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपए की सहायता राशि तथा सरकारी नौकरी देने की घोषणा की।

उन्होंने घटनास्थल पर पहुंचने में देरी के लिए ग्वालियर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) अनिल शर्मा का तबादला भी कर दिया। गृह मंत्री ने पत्रकारों को बताया, कुछ बदमाशों (शिकारियों) की मौजूदगी की खुफिया सूचना मिलने पर पुलिस का एक दल गुना जिले में आरोन पुलिस थाने के तहत आने वाले एक स्थान पर पहुंचा। पुलिसकर्मियों ने बदमाशों को चारों ओर से घेर लिया। इसके बाद बदमाशों ने पुलिसकर्मियों पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसमें तीन पुलिसकर्मी मारे गए। मिश्रा ने बताया कि गोलीबारी में पुलिस सब-इंस्पेक्टर राजकुमार जाटव और ( शेष पेज 8 )



गुना में घटना स्थल पर बरामद हिरण और मोर के अंग

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 52,793 | |
| निफ्टी | 15,782 | |
| सोना | 50,127 | /10g |
| चांदी | 58,916 | /kg |

## क्विक न्यूज

### शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाह्यान यूएई के राष्ट्रपति बने

**दुबई (एपी)।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में शनिवार को शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाह्यान को राष्ट्रपति नियुक्त किया गया। यूएई में शासकों ने घोषणा की कि उन्होंने सर्वसम्मति से शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाह्यान को राष्ट्रपति के रूप में नियुक्त किया है। सरकारी समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएम ने कहा कि देश के सात शेखों की अबू धाबी के अल मुशरिफ पैलेस में हुई एक बैठक में यह निर्णय लिया गया। गौरतलब है कि यूएई के राष्ट्रपति एवं अबू धाबी के शासक शेख खलीफा बिन जायद अल नाह्यान का शुक्रवार को निधन हो गया था। वह 73 वर्ष के थे। सत्ता परिवर्तन केवल तीसरी बार हुआ है, जब सात शेखों ने एक स्वतंत्र राष्ट्र बनने के बाद से एक नए राष्ट्रपति का चयन किया है। शेख खलीफा ने अपने पिता मरहूम शेख जायद बिन सुल्तान अल नाह्यान की जगह ली थी।

# लू के थपेड़ों से दिल्ली बेहाल कई जगह पारा 47 डिग्री पार

## ● आज भी भीषण गर्मी पड़ने की संभावना, मौसम विभाग ने जारी किया ऑरेंज अलर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**राष्ट्रीय** राजधानी में पड़ रही भीषण गर्मी से शनिवार को पूरे दिन लोग बेहाल रहे। नगर के कई इलाकों में पारा 47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। गर्म हवा के थपेड़ों से चेहरे झुलसने जैसी स्थिति हो रही थी। लोगों का बाहर निकलना मुश्किल हो गया।

मौसम विभाग ने पूर्वानुमान जताया है कि शहर में रविवार को और भीषण गर्मी पड़ सकती है तथा इसके लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इस महीने के आखिर में भी दिल्ली के कई हिस्सों में पारा 46-47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि मुंगेशपुर में अधिकतम पारा 47.2 तो नजफगढ़ में 47 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दोनों ही स्थानों पर पारा सामान्य से कम से कम सात डिग्री ज्यादा रहा। हालांकि सफदरजंग वेधशाला में पारा 44.2 डिग्री सेल्सियस ( शेष पेज 8 )

# केंद्र ने लगाया गेहूं निर्यात पर प्रतिबंध

## ● रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते वैश्विक आपूर्ति शृंखला हुई प्रभावित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते कृषि सचिव मनोज आहूजा, खाद्य सचिव सुधांशु पांडेय और वाणिज्य सचिव बीवी आर सुब्रह्मण्यम

**चीन** के बाद दुनिया के दूसरे सबसे बड़े गेहूं उत्पादक भारत ने तत्काल प्रभाव से गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है। देश की समग्र खाद्य सुरक्षा का प्रबंधन करने और अन्य कमजोर पड़ोसी देशों की जरूरतों का समर्थन करने के लिए यह कदम उठाया गया है। यह निर्णय भारत की बड़ी निर्यात योजनाओं के विपरीत है, विशेष रूप से रूस-यूक्रेन संघर्ष के कारण वैश्विक आपूर्ति शृंखला में प्रभावित हुई है।

संयोग से यह निर्णय भी एक दिन बाद आया है जब सरकार ने भारत से गेहूं के निर्यात को बढ़ावा देने की संभावनाओं की खोज के लिए नौ देशों में व्यापार प्रतिनिधिमंडल भेजने की घोषणा की थी। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने शुक्रवार को एक अधिसूचना में कहा कि गेहूं की निर्यात नीति तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित है। हालांकि, डीजीएफटी ने कहा कि निर्यात शिपमेंट जिसके लिए इस अधिसूचना की तारीख को या उससे पहले अपरिवर्तनीय ऋण पत्र (एलओसी) जारी किए गए हैं, की अनुमति दी जाएगी। इसने यह भी स्पष्ट किया कि भारत सरकार द्वारा अन्य देशों को उनकी खाद्य सुरक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए और उनकी सरकारों के अनुरोध के आधार पर गेहूं के निर्यात की अनुमति दी जाएगी। केंद्र सरकार का यह निर्णय वैश्विक खरीदारों के लिए एक झटका होगा, जो फरवरी के अंत में यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद से काला सागर क्षेत्र से निर्यात में गिरावट के बाद आपूर्ति के लिए भारत पर की तरफ देख रहे थे। मालूम हो कि रूस और यूक्रेन की संयुक्त रूप से वैश्विक गेहूं आपूर्ति में लगभग एक चौथाई हिस्सेदारी हैं।

पिछले महीने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा था कि यदि विश्व व्यापार संगठन अनुमति देता है, तो भारत कल से दुनिया को खाद्य भंडार की आपूर्ति करने के लिए तैयार है। खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग के सचिव सुधांशु पांडे ने कहा कि वर्तमान में देश में पर्याप्त खाद्य भंडार है। देश में गेहूं की कीमतों में अचानक उछाल आया है। उन्होंने कहा कि कीमतों के बढ़ने के पीछे अनियंत्रित व्यापार है। हमारा प्राथमिक लक्ष्य मुद्रास्फीति की जांच करना है। उन्होंने कहा कि गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगाने का कदम मार्च में भीषण गर्मी के कारण फसल को हुए भारी नुकसान के बाद उठाया गया है। कृषि ( शेष पेज 8 )

# गांवों और सेक्टरों के विकास पर खर्च होंगे 93 करोड़ रुपए

## ग्रेटर नोएडा वेस्ट का प्रवेश द्वार होगा दुरुस्त : सीईओ

### ग्रेनो प्राधिकरण ने 56 कार्यों के लिए निकाला टेंडर



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने रखरखाव और विकास कार्यों की गति तेज कर दी है। प्राधिकरण ने गांवों व सेक्टरों के रखरखाव व विकास से जुड़े 56 कार्यों के लिए लगभग 93 करोड़ रुपये के टेंडर निकाले हैं। इन कार्यों में हल्दौनी मोड़ पर बारिश के दौरान जलभराव की समस्या का समाधान के साथ ही 8 स्मार्ट विलेज को विकसित करने, तीन एफओबी बनाने और टिगरी गोलचक्कर से ग्रेटर नोएडा वेस्ट के प्रवेश द्वार को दुरुस्त करने आदि कार्य शमिल हैं।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ सुरेन्द्र सिंह ने सेक्टरों और गांवों के रखरखाव विकास से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता पर तेजी से कराने के निर्देश दिए हैं। इसे देखते हुए परियोजना विभाग ने 56 कार्यों के लिए लगभग 93 करोड़ रुपये के टेंडर निकाले हैं। प्राधिकरण सूरजपुर-कासना रोड पर कलेक्ट्रेट के सामने, जगत फार्म और ईशान इंस्टीट्यूट के सामने व कैलाश अस्पताल के सामने फुटओवर ब्रिज एफओबी बनाना चाह रहा है। अब तक बीओटी बिल्ट ऑपरेट एंड ट्रांसफर के आधार पर बनाना चाह रहा था, लेकिन कंपनियों के न आने के कारण अब खुद से बनाने का निर्णय लिया है। प्राधिकरण ने इन तीनों एफओबी के लिए फिर से टेंडर निकाले हैं।

ग्रेटर नोएडा के 7 गांवों को स्मार्ट विलेज बनाने के लिए भी टेंडर निकाले गए हैं। इनमें युसुफपुर चक शाहबेरी, अमीनाबाद उर्फ मियाना, चिपियाना खुर्द उर्फ तिगरी, चीरसी, अस्तौली, सिरसा, छपरौला, सादुल्लापुर और जलपुरा शामिल हैं। ग्रेटर नोएडा स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक लगाने और पांच साल तक रखरखाव के लिए 1.27 करोड़ रुपये का टेंडर जारी किए गए हैं। बारिश के समय में हल्दौनी मोड़ के आसपास जलभराव हो जाता है, जिससे आवाजाही भी बाधित होती है। प्राधिकरण ने हल्दौनी मोड़ से हिंडन तक आरसीसी ड्रेन बनाने का निर्णय लिया है। परियोजना विभाग ने इसके लिए भी टेंडर जारी कर दिए हैं। इस पर करीब 5.05 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है।

टिगरी रोटरी के पास 60 मीटर चौड़ी रोड पर प्रवेश द्वार का मरम्मत कर और सुंदर बनाया जाएगा। अलग-अलग गांवों में छह फीसदी प्लॉटों के लिए पाइपलाइन का तीन वर्षों तक मेनटेन करने पर 2.38 करोड़ रुपये खर्च होंगे। भनौता गांव में आरसीसी ड्रेन का निर्माण करने के लिए भी टेंडर जारी किए गए हैं। इस पर करीब 44 लाख रुपये खर्च होंगे। सेक्टर अल्फा वन कॉमर्शियल बेल्ट का तीन वर्षों तक रखरखाव के लिए भी टेंडर जारी कर दिए गए हैं। सेक्टर ईटा वन के स्टाफ क्वार्टर के मरम्मत के कार्य जल्द कराने के लिए भी टेंडर निकाले गए हैं।

इसके अलावा प्राधिकरण ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट के टेकजोन फोर के ग्रीन बेल्ट में 6000 वर्ग मीटर एरिया में नर्सरी के आवंटन की स्कीम निकाली है। 13 मई से इसमें आवेदन कर सकते हैं। प्री क्वालीफिकेशन बिड खुलने की अंतिम तिथि 26 मई है। प्राधिकरण के महाप्रबंधक परियोजना एके अरोड़ा ने टेंडर प्रक्रिया को शीघ्र पूरा कर इन कार्यों को शुरू कराने की बात कही है।

# ई-बाइक टैक्सी धोखाधड़ी करने का एक आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा।** ई-बाइक टैक्सी चलाने के नाम पर कथित तौर पर धोखाधड़ी करने के आरोप में शनिवार को गौतमबुद्धनगर जिले के नोएडा से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस मामले में पहले भी कुछ लोगों की गिरफ्तारी की गई थी।

नोएडा सेक्टर -58 थाना के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने शनिवार को बताया कि सुशीला देवी नामक महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी कि नोएडा सेक्टर 62 स्थित एक इमारत में कुछ लोगों ने एमआईपी बाइक के नाम से ई- बाइक टैक्सी चलाने की योजना शुरू की थी।

उन्होंने बताया कि महिला के मुताबिक इन लोगों ने एक साल में धन दोगुना करने का लालच देकर कथित तौर पर उससे 1.86 लाख रुपए लिए और यह राशि हड़प ली। कुमार के अनुसार महिला ने सैकड़ों अन्य लोगों से भी इसी तरह की धोखाधड़ी होने का दावा किया।

# सादुल्लापुर गांव में करोड़ों की जमीन कराई कब्जामुक्त

## अवैध कॉलोनियों के खिलाफ प्राधिकरण कर रहा कार्रवाई, कब्जा करने वालों को सीईओ ने दी चेतावनी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा के सादुल्लापुर में करीब 9000 वर्ग मीटर जमीन पर अतिक्रमण को प्राधिकरण ने शनिवार को ध्वस्त कर दिया। इसकी कीमत करीब 17 करोड़ रुपये आंकी गई है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ और मेरठ मंडलायुक्त सुरेन्द्र सिंह ने प्राधिकरण एरिया में अधिसूचित या अधिग्रहित जमीन पर अवैध कब्जे को अभियान चलाकर तत्काल हटाने के सख्त निर्देश दिए हैं। सीईओ के निर्देश पर प्राधिकरण की टीम लगातार अवैध कब्जे को हटाने की कार्रवाई रही है।



सादुल्लापुर गांव में अवैध निर्माण को ढहाता प्राधिकरण का बुलडोजर।

सादुल्लापुर के खसरा नंबर.189, 218, 219 और 220 की करीब 9000 वर्ग मीटर जमीन प्राधिकरण के अधिसूचित एरिया में है। कालोनाइजर इस पर अवैध कालोनी काट रहे थे। इसकी सूचना मिलने पर शनिवार को महाप्रबंधक प्रोजेक्ट एके अरोड़ा, उप महाप्रबंधक केआर वर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक श्यौदान सिंह, एसडीएम आलोक गुप्ता व तहसीलदार जितेंद्र गौतम समेत कई प्राधिकरण कर्मी पुलिस व पीएसी के साथ मौके पर पहुंचे और करीब डेढ़ घंटे तक बुल्डोजर चलाकर अतिक्रमण को ध्वस्त कर दिया। प्राधिकरण ने 9000 वर्ग मीटर जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त करा लिया। इसकी कुल कीमत करीब 17 करोड़ रुपये होने का आकलन है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के डीजीएम केआर वर्मा ने मौके पर ही अवैध रूप से जमीन कब्जा कराने वालों को चेतावनी दी कि अगर दोबारा जमीन कब्जाने का प्रयास किया तो कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्राधिकरण के ओएसडी सचिन कुमार सिंह ने कहा है कि प्राधिकरण के अधिसूचित एरिया में किसी भी व्यक्ति को बिना अनुमति निर्माण करने का अधिकार नहीं है। अवैध रूप से जमीन कब्जाने की कोशिश करने वालों के खिलाफसख्त कार्रवाई की जाएगी।

# एक करोड़ की कोकीन के साथ 2 तस्कर दबोचे

### एनसीआर में छात्रों को करते थे सप्लाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

वाहनों की जांच के दौरान ग्रेटर नोएडा पुलिस ने एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। वाहनों की जांच के दौरान ग्रेटर नोएडा के दादरी में स्थित जीटी रोड पर एक वाहन में करीब एक करोड़ की कोकीन पुलिस ने बरामद की है।

कोकीन के साथ 2 तस्कर भी पुलिस ने दबोचे हैं। यह दोनों काफी समय से दिल्ली, नोएडा और पूरे एनसीआर में युवाओं को कोकीन की सप्लाई कर रहे थे। यह ग्रेटर नोएडा पुलिस की एक बड़ी कामयाबी मानी जा रही है।



मिली जानकारी के मुताबिक ग्रेटर नोएडा की दादरी पुलिस छपरौला गांव के पास जीटी रोड पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी। उसी दौरान पुलिस ने एक वाहन से करीब एक करोड़ रुपए की कोकीन बरामद की। पुलिस ने बताया कि बदायूं के रहने वाले राकेश और बिंटू को गिरफ्तार किया है। यह दोनों आरोपी एनसीआर के छात्रों को नशीला पदार्थ बेचते थे। जांच में पता चला है कि यह दोनों मूल रूप से बदायूं के रहने वाले हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से 225 ग्राम कोकीन बरामद किया है। जिसकी आज के समय में बाजार में कीमत करीब एक करोड़ रुपए है। इसके अलावा पुलिस ने इनके कब्जे से 93 हजार रुपए और एक बाइक बरामद की है। पुलिस दोनों को गिरफ्तार कर कोर्ट के सामने पेश कर रही है। कोर्ट के आदेश पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# संक्षिप्त समाचार



सेक्टर-51 होशियारपुर के बालिका इंटर कॉलेज में साइबर अपराध के बारे में जानकारी देतीं इंस्पेक्टर रीटा यादव। फोटो : अंकित

### महिला पत्रकार हुई ठगी का शिकार


**नोएडा।** साइबर ठगी के मामले रोजाना बढ़ते जा रहे हैं। आरोपी लोगों को अलग-अलग तरीकों से ठगी का शिकार बनाते हैं। ऐसा ही एक मामला नोएडा के सेक्टर.22 में देखने को मिला है। सेक्टर-22 में एक पत्रकार महिला के साथ ठगी हुई है। आरोपियों ने महिला के फोन पर लिंक भेजा और 8200 रुपए निकाल लिए है। पैसे निकलने का मैसेज आने पर पीड़ित को ठगी का पता चला है। महिला पत्रकार को ठगों ने उनके पिता का दोस्त बताया और महिला से पिता द्वारा लिए गए उधार रुपयों को वापस करने का झांसा दिया। पीड़ित आरोपियों की बातों में आ गई। आरोपियों ने महिला पत्रकार के पास एक लिंक भेजा और खाते से 8200 रुपए निकाल लिए। पैसे निकलने का मैसेज आने पर महिला पत्रकार को ठगी का पता चला। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### गाजियाबाद का नाम बदलने को लेकर दिया ज्ञापन

**गाजियाबाद।** सामाजिक संस्था रस्म के बैनर तले कार्यकर्ताओं ने शनिवार को गाजियाबाद जिले का नाम बदलने को लेकर ज्ञापन सौंपा। प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन में जिले का नाम बदलने की मांग की गई है। सामाजिक संगठन के संयोजक संदीप अधिवक्ता संदीप त्यागी ने बताया कि गाजियाबाद जिले का नाम बदलने को लेकर कई सालों से जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है। करीब 128 संगठनों ने भी अपना समर्थन पत्र दिया है। शहर के भाजपा विधायकों को भी जिले का नाम बदलने को लेकर ज्ञापन दिया गया है। त्यागी ने बताया कि शनिवार को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भाजपा के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा को दिया गया। ज्ञापन में प्रदेश के मुख्यमंत्री से गाजियाबाद का नाम बदलकर कुछ और रखने की मांग की गई है। महानगर अध्यक्ष ने सामाजिक संगठन के कार्यकर्ताओं को अभियान में पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वालों में अभियान से जुड़े अशोक भारतीयए डॉक्टर ओपी अग्रवाल एवं दुष्यंत दुष्यंत पुंडीर आदि रहे।

### मजदूर की ऊंचाई से गिरकर मौत

**नोएडा।** सेक्टर 126 क्षेत्र के सेक्टर 128 में एक मकान का निर्माण कार्य कर रहे मजदूर की ऊंचाई से गिरकर मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। सेक्टर 126 के थाना प्रभारी विकास जैन ने बताया कि सेक्टर 128 में एक व्यक्ति के मकान का निर्माण कार्य कर रहा शाहबाज (21)तीसरी मंजिल से नीचे गिर गया। गंभीर हालत में उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि अगर मृतक के परिजन इस मामले में कोई शिकायत करते हैं तो पुलिस घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच करेगी।



ग्राफिक्स इमेज

# युवती के साथ गैंगरेप, दो गिरफ्तार, एक आरोपी फरार

**नोएडा।** जनपद में एक युवती के साथ 3 युवकों ने गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया है। वारदात के बाद पीड़िता ने सेक्टर-24 थाने में मुकदमा दर्ज करवाया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने 3 में से 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गैंगरेप आरोपियों में से एक आरोपी अभी फरार है, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।

सेक्टर.24 थाना प्रभारी निरीक्षक ज्ञान सिंह ने बताया कि नोएडा के हरौला गांव में रहने वाली एक युवती अपने परिवार के साथी रहती है। युवती ने सेक्टर.24 थाने में रिपोर्ट कराई है कि रंजीत नामक युवक उसको बीती रात को सेक्टर-12 स्थित शिमला पार्क में घूमाने ले गया। यहां पर उसके दोस्त अमित और पंकज पहुंच गए। आरोप है कि तीनों ने उसके साथ गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने आरोपी रंजीत और पंकज को गिरफ्तार कर लिया है। अमित फरार है, पुलिस उसकी तलाश कर रही है। पुलिस ने पीड़िता को डॉक्टरी परीक्षण के लिए भेजा है।


# नोएडा की युवती हुई लव जिहाद का शिकार, केस दर्ज

## डीसीपी वृंदा शुक्ला ने दिए जांच के आदेश

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

सेक्टर-39 कोतवाली क्षेत्र निवासी एक युवती का कहना है कि वो लव जिहाद का शिकार हुई है। युवती का आरोप है कि एक विशेष समुदाय के युवक ने उसे कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर लव मैरिज के कागजात पर हस्ताक्षर करा लिए हैं। युवती ने इस मामले में पुलिस से शिकायत की है। मामले की जांच डीसीपी महिला सुरक्षा वृंदा शुक्ला कर रही हैं।

सदरपुर गांव निवासी एक युवती ने बताया कि वह सदरपुर में पिछले 16 सालों से अपने मां के साथ रह रही थी। मां सदरपुर में किराना की दुकान चलाती है। दुकान पर अक्सर आबिद सामान लेने आता था। इसी बीच युवती और युवक के बीच दोस्ती हो गई। युवक ने अपना नाम अनिल बताया था। युवती का आरोप है कि युवक ने उससे अपना नाम बदलकर दोस्ती की थी। जब युवती को सच्चाई का पता चला तो उसने दोस्ती खत्म कर दी। जिसके बाद युवक युवती को जान से मारने की धमकी देता था। एक दिन युवक ने युवती को मिलने के लिए बुलाया और उसे अपनी स्कॉर्पियो गाड़ी में बिठा लिया। गाड़ी में युवक के पिता और एक अन्य व्यक्ति भी बैठा हुआ था। युवक ने युवती की कनपटी पर बंदूक रखते हुए शादी के लिए जबरन हां करवाई और शादी न करने पर उसके पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी।



आरोप है कि युवक 16 अप्रैल 2022 को उसे अपनी कार से दादरी तहसील ले गया। जहां उसने युवती को कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाया और जबरन उसके साथ कोर्ट मैरिज कर ली। युवक ने शादी के बाद जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए। युवती ने बताया कि जैसे तैसे करके वह उनके चंगुल से बचकर अपनी मां के पास पहुंची और सारी घटना बताई।

# कर चोरी में 10 लोहा फर्मों पर मुकदमा दर्ज

**नोएडा।** नोएडा, बुलंदशहर और गाजियाबाद में लोहे का कारोबार करने वाली 10 फर्मों के खिलाफराज्य वाणिज्यकर विभाग ने एफ आईआर दर्ज कराई है। फर्मों के मालिकों ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जीएसटी में पंजीकरण कराया था। इसके जरिए 650 करोड़ रुपये का कारोबार दिखाते हुए 128 करोड़ की फर्जी आईटीसी का लेनदेन किया था।

राज्यकर नोएडा और गाजियाबाद जोन की अपर आयुक्त अदिति सिंह ने बताया कि 23 अप्रैल को नोएडा, हापुड़, दादरी, गाजियाबाद, बुलंदशहर, सिंकद्राबाद और खुर्जा में शनिवार को राज्य वाणिज्यकर विभाग की टीमों ने छापेमारी की थी। सातों शहरों में लोहा कारोबारियों की कुल 49 फर्मों को चिह्नित किया गया था। इस दौरान 44 फर्मों पर जांच और सीज करने की कार्रवाई की गई थी। कर और इनपुट टैक्स क्रेडिट आईटीसी चोरी की जानकारी पर यह कार्रवाई की गई थी। फर्मों ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जीएसटी में पंजीकरण प्राप्त कर लिया और सिर्फ ईवेबिल बनाकर आईटीसी का लाभ ले लिया। उन्होंने कहा कि वास्तविक लाभार्थियों को भी चिह्नित करते हुए आईटीसी ब्लॉक कर वसूली की कार्रवाई की जाएगी। इन मामलों में 27 तहरीर दी गई थी।



मुरादनगर गंगनहर में डूबे युवक को तलाशती एनडीआरएफ की टीम।

# गंगनहर में नहाने आए युवक की डूबने से मौत, शव बरामद

### एनडीआरएफ ने घंटो चलाया सर्च अभियान

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गर्मी से निजात पाने के लिए मुरादनगर स्थित गंगनहर में नहाने वालों के लिए छलांग लगाना मौत को न्यौता देना साबित हो रहा है। हालांकि, नहाते समय डूबने वालों में युवाओं की तादाद ज्यादा है। दोस्त के संग मुरादनगर स्थित गंगनहर में नहाने गए एक युवक की डूबने से मौत हो गई। सूचना पर एनडीआरएफकी टीम सर्च अभियान चलाते हुए घंटों बाद शव को बरामद किया।

एनडीआरएफ कमांडेंट पीके तिवारी ने बताया कि शुक्रवार सुबह सूचना मिली की खोड़ा कॉलोनी निवासी ललितेश उर्फ कालू 25 मुरादनगर गंगनहर में घाट से करीब 800 मीटर दूरी पर नहाते वक्त डूब गया है। सूचना पर एनडीआरएफकी डीप डाइविंग टीम ने मौके पर पहुंचकर सर्च ऑपरेशन लॉन्च किया। विभिन्न तकनीकि तरीकों का इस्तेमाल करते हुए दोपहर करीब 12: 40 बजे ललितेश के शव को नहर से बरामद कर पुलिस को सौंप दिया गया।

आपको बता दें कि छोटा हरिद्वार मुरादनगर गंगनहर में गर्मी आते ही युवाओं की भीड़ बढ़ जाती है। कोई हादसा न हो इसके लिए पुलिस हर वक्त घाट पर मौजूद रहती है। मगर छलांग लगाने के चक्कर में युवा घाट से दूर जाकर अपनी जान को जोखिम में डालते हैं। मुरादनगर थाना एसएचओ सतीश कुमार ने बताया कि गंगनहर पर प्राइवेट गोताखोर तैनात रहते हैं। जगह-जगह चेतावनी बोर्ड लगाया हुआ है।


# पुलिस कमिश्नरेट ने 19 चौकी प्रभारियों का किया तबादला

## गौतमबुद्धनगर जनपद में कानून व्यवस्था दुरुस्त करने में मिलेगी मदद

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट में जोन स्तर पर बड़ा फेरबदल किया गया है। नोएडा के डीसीपी राजेश एस ने प्रथम जोन में 34 दारोगाओं के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। जिसमें 19 चौकी प्रभारी और 2 सीनियर सब इंस्पेक्टर शामिल हैं। यह बदलाव कानून व्यवस्था को और भी ज्यादा बेहतर करने के लिए किया गया है। इसके अलावा डीसीपी ने आदेश दिए हैं कि किसी भी इंस्पेक्टर और सब इंस्पेक्टर के कार्यक्षेत्र में कमी नहीं आनी चाहिए।

चौकी सर्फाबाद पर तैनात उपनिरीक्षक धर्मेंद्र कुमार को वरिष्ठ उपनिरीक्षक थाना सेक्टर-58 बनाया गया है। दरोगा जुगल किशोर को वरिष्ठ उपनिरीक्षक थाना सेक्टर.24, कृष्ण पाल सिंह को थाना सेक्टर.58, अरुण कुमार वर्मा को चौकी प्रभारी सोरखा, उप निरीक्षक निशांत मलिक को थाना सेक्टर.113, वीरभद्र सिंह को चौकी प्रभारी सेक्टर.19, विकास यादव को चौकी प्रभारी अट्टा से पुलिस लाइन, नितिन कुमार को चौकी प्रभारी अट्टा, सोनवीर सिंह को चौकी प्रभारी सदरपुर, मनोज राय को चौकी प्रभारी निठारी, सुशील कुमार को पुलिस लाइन, सत्वीर सिंह परमार को चौकी प्रभारी सफाबाद, सुनील कुमार शर्मा को थाना फेस.वन, मनोज कुमार को चौकी प्रभारी सेक्टर 29, चंद्रशेखर को थाना सेक्टर.113 में नवीन तैनाती दी है।



उप निरीक्षक संदीप कुमार को चौकी प्रभारी सेक्टर.41, उपनिरीक्षक अजीत सिंह को चौकी प्रभारी सेक्टर.82 कट, जीआईपी चौकी प्रभारी रवि कुमार को थाना सेक्टर.113, अवनीश कुमार को चौकी जीआईपी, राजेंद्र कुमार को चौकी प्रभारी बोटैनिकल गार्डन, मोहम्मद सरताज को चौकी प्रभारी ओखला बैराज, पुष्पेंद्र सिंह को थाना सेक्टर 126, अरविंद कुमार को चौकी प्रभारी सेक्टर 126, सुभाष चंद्र को चौकी प्रभारी 12,22, ब्रह्मपाल सिंह को थाना सेक्टर 126, संदीप कालखंडे को चौकी प्रभारी विष्टाउन, विपिन कुमार को चौकी प्रभारी सेक्टर 51, मनोज कुमार को चौकी प्रभारी गिझौड़, राहुल कुमार को चौकी प्रभारी हरि दर्शन, नबी हसन को थाना सेक्टर 126, अमित कुमार को चौकी प्रभारी सेक्टर 54, कृष्ण वीर सिंह को थाना फेस वन, कृष्ण कुमार दिवाकर को चौकी प्रभारी सेक्टर 56, चंद्रशेखर भारद्वाज को थाना सेक्टर.113 में तैनात किया गया है।

**PUBLIC NOTICE**

Public at large is hereby informed that Entire Freehold Property bearing No. J-7/128 (Block No.J-7 & Plot No. 128), Land measuring area 160 Sq.Yds., Rajouri Garden, New Delhi, presently owned & possessed by Shri Inderjeet Singh by virtue of Release Deed, duly registered vide Regd. No. 19859 dated 29.09.2019 is offered as Security with State Bank of India & as per present owner(s) version the said property is/are free from all sorts of encumbrances.

It is hereby notified that any person, Attorney and/or entity, firm/ company, Bank, HUF/ Member of HUF, Financial Institution having any claim, any charge, interest or lien or claim and/or objection to thereof, he/she/they may lodge/ notify the same to the undersigned with documentary proof/ court judgement within 15 days from the day of publication of this public notice, failing which any further /future claim/ objection(s) shall be rejected & my client is free to create Equitable/ Registered Mortgage with the Bank.

**Ajeet Kumar (Advocate)**
Ch.No. 561, Saket Courts, N. Delhi (M) 9810039471
Email: legaloffice2006@gmail.com

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General public on behalf of IDFC First Bank Ltd. that Mrs. Suman Lata is the owner of Entire Third Floor with roof/terrace rights (said floor) Built on Plot bearing No-17, /House No.WZ-2G/1, New No.27, area measuring 100 sq. yds, out of Khasra No.39/21 &40/1, Situated at Village Khyala the colony known as Shyma Nagar, New Delhi; "the said property" by virtue of Sale Deed dated 17.11.2020, registration No. 9254, executed by Mrs. Harvinder Kaur, who purchased the Entire property vide sale deed dated 19.02.2019, from Mr. Surinder Singh, who was the owner of the said property by virtue of Gift deed dated 05.06.2017, for ½ share and remaining ½ share of regd. Will of Late Mr. Qimat Singh, All persons are hereby informed that Mrs. Suman Lata want to take Loan form IDFC First Bank Ltd., against the said floor, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner in respect of the said floor /Property, its sale /Mortgage/Litigation, and any kind of objection kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 10 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General public on behalf of ICICI Bank Ltd. that Mr. Pavitar Garg & Mrs. Priyanka Garg are Joint owners of Entire First Floor, without roof rights, "Said floor", Built on Property Bearing No. C-3/217, area measuring 150 sq. yds. situated at Janak Puri, New Delhi;, "the said property" by virtue of Sale deed dated 30.06.2017, registration No. 10417, executed by Mr. Ashok Kumar, All persons are hereby informed that Mr. Pavitar Garg & Mrs. Priyanka Garg want to sell the said floor, i.e. First Floor, to Mr. Rajiv Kataria who is taking home loan from ICICI Bank Ltd. for purchase of the above said floor, if anybody has any objection/s upon the ownership of the said floor, its Sale and Mortgage, litigation and any kind of objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**PUBLIC NOTICE**

This is to notify that my client, Smt. Suman Bala W/o Late Sh. Rakesh Kumar, R/o C-36, Street No. 3/24, Nehar Road, Village Gokulpur, Delhi-110094, hereby disown and disinherit by severance her all relations from her son Sh. Aakash Kumar and his wife Mrs. Dharna, from her movable and immovable properties for their misconduct and rude behavior towards my client. Anyone transacting for any business with them, will do it at his own risk and my client may not be slam for any kind of liability or responsibility.

**VINAY SHARMA, ADVOCATE**
Ch. No. P-12, Post Office Lane,
Tis Hazari Courts, Delhi-110054
Ph: 8010388090

**PUBLIC NOTICE**

Be it to known to all that My client Dr Anju Sharma d/o Manvir Singh, Dr Sharma is a celebrity sound healer has been awarded on many forums for her expertise in sound and other modalities of healing. It is brought to the kind notice to people at large. That my client Dr Anju Sharma has absolutely no connection whatsoever with Mr Lalit Dutta r/o was house no 95 second floor pocket 25, Rohini Sector 7 North West Delhi 110085 Rohini, Delhi for past 8 months. Hence any person dealing with Mr Lalit Dutta or his family or friends shall do at her/his own risk. No complaints or issues or misconceptions shall be entertained against Mr Lalit Dutta or his family or friends by my Client in future at any cost. Mr Lalit Dutta is also warned from not approaching my client or her professional team or family for any monetary help or spreading false and derogatory rumours against her. Any person dealing with such acts or omission shall be prosecuted harsh by civil and criminal action

**HEENA SHARMA ADVOCATES**
**SHARMA & SHARMA**
A-7C , Paschim Puri, New Delhi-63

**सांकेतिक कब्जे की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर -23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कर्ज़दार और डीएचएफएल के बीच हुए ऋण अनुबंध के अनुसरण में मंजूर की गई आवास ऋण सुविधा के संबंध में, प्रतिभूति के प्रवर्तन के संबंध में, निम्नवर्णित कर्ज़दारों को (बुनियादी समूह दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा आईसीआईसीआई बैंक को समनुदेशित किए जाने पर) मांग सूचनाएं जारी की थी, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।

कर्ज़दार उपरोक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्ज़दार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा निम्नवर्णित तिथियों को प्राप्त कर लिया है।

कर्ज़दार को विषेश रूप से तथा जन साधारण को एतद्द्वारा उक्त सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा उक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की बकाया राशि के प्रभाराधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार का नाम/(ऋण खाता नंबर) (डीएचएफएल पुराना ऋण खाता नंबर एवं आईसीआईसीआई नया ऋण खाता नंबर) | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्जे की तिथि | मांग सूचना की तिथि/ मांग सूचना में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | हेमंत स्वैन/ शिमा रानी स्वैन/ (12900001179 & QZFDB00005012550) | हाउस नंबर-2ई/151, फ्रंट पार्टिशन, एन.आई.टी. फरीदाबाद, (हरियाणा)/ 10 मई, 2022 | सितम्बर 27, 2021 ₹ 25,89,389/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्ज़दार/सह-कर्ज़दारएवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक: मई 13, 2022
स्थान: दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# मौत की इमारत : रिहायशी इलाके में अवैध रूप से बनी थी व्यावसायिक बिल्डिंग

## फायर का एनओसी और आग से बचाव के उपकरण भी नहीं थे, आने-जाने के लिए सिर्फ एक सीढ़ी

● जांच में पाया गया ग्राम सभा की जमीन पर रिहायशी के अलावा किसी भी तरह के निर्माण कार्य की इजाजत नहीं होती

संजय राय। नई दिल्ली

पश्चिमी दिल्ली के मुंडका इलाके में मेट्रो स्टेशन के पास स्थित चार मंजिला व्यवसायिक इमारत जो अब मौत की इमारत बन चुकी है, शुरुआती जांच में पाया गया कि यह ग्राम सभा (लाल डोरा) की जमीन पर बनाई गई है। ग्राम सभा की जमीन पर रिहायशी के अलावा किसी भी तरह के निर्माण कार्य की इजाजत नहीं होती। बावजूद इसके यह इमारत कैसे बनी इस पर सियासत गरमा गई है।

किसी भी तरह का निर्माण करने के लिए दिल्ली नगर निगम के भवन विभाग से नक्शा पास करना होता है, चाहे वह रिहायशी इमारत हो या व्यवसायिक। अवैध निर्माण होने पर उसे ढहाने का अधिकार भी निगम के पास है। मुंडका हादसे में जो लोग अपनों को खो चुके हैं, उनका सीधा आरोप है कि क्या नगर निगम तब आंख मूंदे बैठा था जब यहां पर अवैध तरीके से इमारत बनी और इसमें दफ्तर और फैक्ट्रियां चलने लगीं। दिल्ली के घनी आबादी वाले क्षेत्र चाहे पुरानी दिल्ली, सदर बाजार, करोलबाग या कम आबादी वाले बाहरी दिल्ली के इलाके, सब जगह ऐसी अवैध इमारतों की अच्छी खासी संख्या है।

इनमें से ज्यादातर के पास वैध नियमों से व्यवसायिक गतिविधियों को चलाने की अनुमति तक नहीं होती। ज्यादातर इमारतों में दमकल विभाग के मापदंडों का पालन नहीं होता। स्थानीय लोग यह भी आरोप लगाते हैं कि भ्रष्टाचार के चलते इस तरह की व्यवसायिक गतिविधियां चलाई जाती हैं। आसपास के लोग अगर शिकायत भी करते हैं तो उसकी सुनवाई नहीं होती। चुकी इस तरह की घटनाओं के बाद अब तक किसी नगर निगम अधिकारी या फायर विभाग के अधिकारी को सजा नहीं हुई तो मौत का खेल आगे भी जारी रहता है।

डिप्टी फायर ऑफिसर सुनील चौधरी के अनुसार जिस इमारत में आग लगी उसके मालिक के पास फायर से जारी एनओसी नहीं था। खास बात यह है कि इमारत में एक समय में 100 से अधिक लोग मौजूद रहते थे लेकिन इमारत के मालिक ने वहां आग से बचाव के कोई खास इंतजाम भी नहीं किए। इस इमारत में आने और जाने के लिए एक ही सीढ़ी का इस्तेमाल किया जाता था। आपात स्थिति में भवन से निकलने के लिए फायर एग्जिट का भी इंतजाम नहीं था। कुल मिलाकर मुंडका अग्निकांड में भी वही लापरवाही सामने आ रही है जो दिल्ली के अन्य बड़े अग्निकांडों में देखी गई थी।

**प्रमुख कारण जो इस हादसे में आए सामने**

इमारत में आग बुझाने के उपकरण तक उपलब्ध नहीं थे। भीतर सीसीटीवी वह वाईफाई के राउटर आदि बनाने का काम चल रहा था जिसके चलते अति ज्वलनशील पदार्थ भी रखे हुए थे। इस तरह के पदार्थ रखने के लिए जिस तरह की सावधानी रखी जानी चाहिए थी। उसमें भी लापरवाही बरती गई थी।




संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल के बाहर मुंडका हादसे में लापता अपने परिवारिक सदस्यों की फोटो दिखाते परिजन। फोटो : रंजन डिमरी

**व्यवसायिक इमारतों के लिए नियम**

किसी भी रिहायशी इलाके में फैक्टरियां नहीं चलाई जा सकती। यदि रिहायशी इलाके में कोई फैक्टरी चलाई जाती है तो उसे बंद करने या सील करने की जिम्मेदारी नगर निगम की होती है। इस इमारत में चल रही फैक्टरियों को लेकर नगर निगम पर बड़ा सवाल उठ रहा है। सवाल यह है कि इस इलाके में पिछले 10 सालों से यह फैक्टरी चल रही थी लेकिन निगम के अधिकारियों ने कोई कार्रवाई क्यों नहीं की। घटना के बाद निगम अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। अगर कोई भी शख्स व कंपनी इसका पालन नहीं करता तो इसके खिलाफ निगम के भवन विभाग से लेकर मुख्यमंत्री और उपराज्यपाल कार्यालय में शिकायत कर सकते हैं।

**रिहायशी इलाके में फैक्टरी चलाने के मानदंड**

दिल्ली नगर निगम के मुताबिक, रिहायशी इलाके में तभी फैक्टरी चलाई जा सकती है अगर उद्योग प्रदूषण फैलाने वाला नहीं हो। इसके साथ ही रिहायशी संपत्ति का 50 फीसदी से ज्यादा हिस्सा व्यावसायिक प्रयोग में नहीं लाया जाना चाहिए। फैक्टरी चलाने के लिए अधिकतम कर्मचारियों की सं या 9 और अधिकतम 11 किलोवाट का बिजली मीटर होना चाहिए। रिहायशी संपत्ति की दिल्ली सरकार द्वारा पक्की रजिस्ट्री होनी चाहिए। सबसे अहम शर्त यह है कि रिहायशी इलाके में किराए पर फैक्टरी नहीं चलाई जा सकती है।

## इमारत और अस्पतालों में अपनों को ढूंढते रहे लोग

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मुंडका में चार मंजिला इमारत में लगी भीषण आग के बाद सैकड़ों की संख्या में स्वजन अपनों की तलाश में वहां पहुंचे लगे। चरों तरफ चीख पुकार मची हुई थी। इमारत और आसपास के कई अस्पताल में कोई अपनी बेटी को ढूंढ रहा था तो कोई अपने पति, बहन, दोस्तों की जानकारी पाने के लिए पुलिसकर्मियों व अस्पताल कर्मियों से गुहार लगा रहे थे।

इमारत में आग लगने की घटना के बाद व्याकुल परिजन को अपने प्रियजनों के बारे में सूचना का इंतजार है। कुछ लोग अपनों की तलाश में शुक्रवार की रात ही संजय गांधी अस्पताल पहुंचे तो कुछ शनिवार की सुबह।



प्रवीण के परिवार के सदस्य ने बताया कि शुक्रवार को मुंडका की इमारत में आग लगने के बाद से वह उसकी तलाश कर रहे हैं।

## भूस्वामी ही नहीं, निगम अभियंताओं के खिलाफ हो कार्रवाई : ममगांई

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के मुंडका क्षेत्र में एक अवैध इमारत में आग लगने से 27 लोगों के जिंदा जल कर मरने व कई जले लोगों के लापता होने पर क्षोभ जताते हुए शहरी मामलों के विशेषज्ञ एवं एकीकृत दिल्ली नगर निगम की निर्माण समिति के अध्यक्ष रहे जगदीश ममगांई ने दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है।

ममगांई ने भूस्वामी के साथ, दिल्ली नगर निगम के भवन विभाग के स्थानीय कनिष्ठ, सहायक व कार्यकारी अभियंता के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 307 के तहत आपराधिक मुकद्दमा दर्ज कर गिरफ्तार किया जाए। उन्होंने दिल्ली फायर सर्विस को त्वरित कार्रवाई की प्रशंसा की परन्तु फायर एनओसी की प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए, इसमें भी प्रभावी बदलाव करने की मांग की।

उन्होंने कहा कि मुंडका की जिस अवैद्य इमारत में 27 लोगों के जिंदा जल कर मरने व कईयों के बुरी तरह जल जाने की घटना हुई, उसके निर्माण में कम से कम एक वर्ष का समय लगा होगा और जाहिर है निगम अधिकारी बिना किसी उगाही के चुप्पी साध नहीं सकते थे। उनके लालच के चलते ऐसी हृदयविदारक घटना हुई और शवों के ढेर लग गए, भारतीय दंड संहिता की धारा 307 के



अनुसार, जो भी कोई ऐसे किसी इरादे या बोध के साथ कोई कार्य करता है, जो किसी की मृत्यु का कारण बन जाए, उसके विरुद्ध आपराधिक कार्रवाई होनी चाहिए। अवैद्य निर्माणों के चलते व्यस्क ही नहीं, बच्चे व बुजुर्गों को भी अपनी जान गंवानी पड़ी है फिर भी निगमकर्मियों की प्रति लेंटर उगाही के चलते दिल्ली भर में बेतहाशा अवैद्य निर्माण जारी है। सरकारें भी अवैद्य निर्माणों के ढांचागत स्थिरता, निकासी व सुरक्षा मानकों की जांच के बिना उनके अस्थायी संरक्षण हेतु दिल्ली विशेष अधिनियम को लगातार विस्तार देती रही हैं, कट-ऑफ-डेट बढ़ाती रहती

## शोक संवेदना : उपराज्यपाल ने मौत पर गहरा दुख जताया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के उपराज्यपाल अनिल बैजल ने शनिवार को कहा कि मुंडका अग्निकांड में लोगों की जान जाने से वह बहुत दुखी हैं। उन्होंने भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए तत्काल कदम उठाने का आह्वान किया। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना भी व्यक्त की।

बैजल ने ट्वीट किया कि दिल्ली के मुंडका में भीषण आग लगने की घटना से गहरा दुख हुआ। बचाव के सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद कई कीमती जानें चली गईं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए प्रार्थना करता हूं। उन्होंने कहा कि हम त्रासदी के कारणों का विवरण जुटा रहे हैं। संबंधित सभी पक्षों को तत्काल कदम उठाने चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने दिल्ली में एक इमारत में लगी भीषण आग के कारण हुए हादसे पर दुख व्यक्त किया है। स्टालिन ने शनिवार को ट्वीट किया, दिल्ली में भीषण आग हादसे में इतने लोगों की मौत होने से बेहद दुखी हूं। मैं पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

## अग्निकांड पर योगी, अखिलेश और माया ने किया शोक व्यक्त

● सपा प्रमुख ने कहा-हादसे की हो गहन जांच

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली/लखनऊ

दिल्ली के मुंडका में एक व्यावसायिक इमारत में आग लगने की घटना के बाद यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, नेता विपक्ष एवं समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव तथा बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने गहरा दुख जाहिर करते हुए पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को ट्वीट किया, दिल्ली में शुक्रवार को एक दुर्भाग्यपूर्ण भीषण अग्नि दुर्घटना में हुई लोगों की मृत्यु अत्यंत दुखद एवं हृदय विदारक है। मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि मृतकों की आत्मा को शांति तथा घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।

वहीं, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा, दिल्ली के मुंडका अग्निकांड में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि। शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहन संवेदना एवं सरकार से उन्हें मुआवजा देने की अपील है। इमारत निर्माण में सुरक्षा के मानकों एवं अग्निशमन के नियमों तथा प्रबंधों की अनदेखी ही ऐसे हादसे को जन्म देती है। इस मामले में गहन जांच हो।

बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि दिल्ली के मुंडका स्थित चार मंजिला भवन में कल शाम लगी भीषण आग में करीब 27 लोगों के मरने एवं अन्य 12 लोगों के घायल होने की घटना अति-दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है। पीड़ित परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। सरकार इस मामले की उच्च-स्तरीय जांच कराकर दोषियों को सख्त सजा सुनिश्चित करे।

## 48 घंटे में जांच रिपोर्ट देने के निर्देश

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली नगर निगम के आयुक्त मुंडका अग्निकांड की विस्तृत जांच का जिम्मा नरेला जोन के अतिरिक्त उपायुक्त को सौंप दिया है। एडशिनल कमश्निर को अपनी पूरी जांच रिपोर्ट 48 घंटे के भीतर सौंपनी होगी।

एनडीएमसी आयुक्त ने स्थानीय निकाय अधिकारियों से इस मुद्दे को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ देखने को कहा है। एनडीएमसी ने उनसे उस क्षेत्र के प्रकार के बारे में विवरण पेश करने के लिए कहा है जहां इमारत स्थित है। उदाहरण के लिए उक्त क्षेत्र आवासीय, कृषि या लाल डोरा की श्रेणी में है। नरेला जोन के अतिरिक्त उपायुक्त को लिखे पत्र में भवन के निर्माण वर्ष और इसकी ऊंचाई मुहैया कराने को कहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### संक्रमण दर 2.77 फीसदी, 673 नए मामले दर्ज

**नई दिल्ली।** पिछले 24 घंटे में कोविड-19 के 673 नए मामले आए। इस दौरान चार संक्रमित मरीजों की मौत हो गई। वहीं, संक्रमण दर 2.77 प्रतिशत रही। इससे पहले गत शुक्रवार को चार लोगों की मौत हो गई जो पिछले दो महीने में किसी एक दिन मौत के सबसे ज्यादा मामले हैं। दिल्ली में सात मार्च को तीन लोगों और चार मार्च को चार लोगों की मौत हो गई थी। राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को 899 नए मामले आए तथा संक्रमण दर 3.34 प्रतिशत थी। बृहस्पतिवार को 1032 नए मामले आए थे। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार दिल्ली में संक्रमितों की संख्या 18,99,745 और मृतक संख्या 26,192 हो गई है। एक दिन पहले कुल 24,317 नमूनों की जांच की गई। शनिवार को पृथकवास में 3122 मरीज समेत कुल 3936 उपचाराधीन मरीज हैं। अस्पतालों में कोविड-19 के मरीजों के लिए 9581 बिस्तर हैं जिनमें से 154 पर मरीज हैं। निषिद्ध क्षेत्रों की संख्या 1706 है।

### पिस्तौल देने वाले व्यक्ति को जमानत देने से इनकार

**नई दिल्ली।** जहांगीरपुरी में हुई हिंसा में इस्तेमाल की गई एक पिस्तौल कथित तौर पर उपलब्ध कराने वाले व्यक्ति की जमानत याचिका खारिज करते हुए दिल्ली एक अदालत टिप्पणी की कि आरोपी के खिलाफ आरोप गंभीर हैं। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश गगनदीप सिंह की अदालत ने गुलफाम रसूल उर्फ गुल्ली को जमानत देने से इनकार कर दिया। गुलफाम को पुलिस ने मामले के मुख्य आरोपी को कथित तौर पर पिस्तौल देने के आरोप में गिरफ्तार किया था। अदालत ने शुक्रवार को पारित एक आदेश में कहा, इस समय क्षेत्र में सांप्रदायिक तनाव है। अभी आरोपपत्र दाखिल किया जाना बाकी है। आवेदक के खिलाफ आरोप गंभीर हैं। पुलिस ने रसूल को 19 अप्रैल को गिरफ्तार किया था। आरोपी के पास से एक पिस्तौल भी बरामद हुई थी।

### भीषण गर्मी के बीच पानी की किल्लत

**नई दिल्ली।** भीषण गर्मी में यमुना नदी सूखने और हरियाणा सरकार द्वारा आपात संदेश (एसओएस) का जवाब नहीं देने के बीच दिल्ली में पेयजल की मांग को मुश्किल से पूरा किया जा रहा है। वजीराबाद जलाशय का जलस्तर कम होकर 670.70 फुट रह गया है, जो इस साल का सबसे निचला स्तर है। बृहस्पतिवार को यह 671.80 फुट था। पिछले वर्ष 11 जुलाई को जलाशय का स्तर 667 फुट तक कम हो गया था, जिसके बाद दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) ने उच्चतम न्यायालय का रुख कर हरियाणा सरकार को यमुना में अतिरिक्त पानी छोड़ने के लिए निर्देश देने का अनुरोध किया था। दिल्ली जल बोर्ड ने इस संबंध में 12 मई, तीन मई और 30 अप्रैल को हरियाणा सिंचाई विभाग को पत्र लिखा था। डीजेबी एक अधिकारी ने बताया कि वजीराबाद, चंद्रवाल और ओखला जल शोधन संयंत्रों की उत्पादन क्षमता घटकर 85 प्रतिशत रह गई है।

## राणा दंपति ने दिल्ली में किया हनुमान चालीसा का पाठ

### महाराष्ट्र से ठाकरे को सत्ता से बाहर करने का संकल्प दोहराया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

महाराष्ट्र से निर्दलीय सांसद नवनीत राणा और उनके विधायक पति रवि राणा ने शनिवार को कनाट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस अवसर पर राणा दंपत ने दावा किया कि उन्होंने महाराष्ट्र पर शिवसेना के रूप में मंडरा रहे सबसे बड़े खतरे को टालने के लिए प्रार्थना की है।

राणा दंपति को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के मुंबई स्थित आवास के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ करने के बाद राजद्रोह के आरोपों में पिछले महीने गिरफ्तार किया गया था और 12 दिन बाद जमानत पर रिहा कर दिया गया।

केसरिया साड़ी पहने नवनीत राणा अपने पति तथा सैकड़ों समर्थकों के साथ नॉर्थ एवेन्यू स्थित



अपने आवास से कनॉट प्लेस में हनुमान मंदिर तक पैदल गईं। नवनीत ने मंदिर के बाहर पत्रकारों से कहा कि उद्धव ठाकरे महाराष्ट्र पर मंडरा रहा सबसे बड़ा खतरा हैं। मैं महाराष्ट्र को इस खतरे से मुक्ति दिलाने की प्रार्थना करने के लिए आई हूं।

राणा दंपति ने मंदिर में आरती भी की। वे ऐसे दिन मंदिर गए जब ठाकरे का मुंबई में एक बड़ी रैली को संबोधित करने का कार्यक्रम है। इस बीच, अमरावती से सांसद नवनीत राणा ने शिवसेना पर महाराष्ट्र में सत्ता हथियाने के लिए कांग्रेस और राकांपा से हाथ मिलाकर हिंदुत्व को त्याग देने का आरोप लगाया।

शिवसेना नेता संजय राउत ने कथित तौर पर कहा था कि शिवसेना की असली शैली दिखाने का वक्त आ गया है। इस बारे में पूछने पर नवनीत राणा ने कहा उद्धव ठाकरे बालासाहेब ठाकरे की विरासत को भूल गए हैं। बालासाहेब हिंदुत्व के सच्चे पथ प्रदर्शक थे, ये तो नकली हैं।

नवनीत राणा ने ठाकरे को हिंदुत्व का समर्थन करने के लिए उन्हें निशाना बनाने के बजाय ओरेंगजेब की कब्र पर प्रार्थना करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की चुनौती दी थी।

## दक्षिण निगम की ऑनलाइन सेवाओं से लोग हो रहे लाभान्वित

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दक्षिणी नगर निगम की ऑनलाइन सेवाओं से नागरिकों को व्यापक स्तर पर लाभ मिल रहा है। निगम नागरिकों को पारदर्शी ,कुशल व प्रभावी ऑनलाइन सेवाएं प्रदान कर रहा है।

तीनों नगर निगमों की नोडल एजेंसी होने के नाते दक्षिणी निगम ने 'सिविक सर्विसिस सूट' के अंतर्गत 20 से अधिक आई.टी. एप्लीकेशन को सफलतापूर्वक विकसित व लागू किया। दक्षिणी दिल्ली नगर निगम की आई.टी. टीम एवं संबंधित विभागों ने कोरोना महामारी के दौरान नेशनल इनफॉर्मेटिक सेंटर (एन.आई.सी.) के सहयोग से सभी एप्लीकेशंस को विकसित किया, जिसके फलस्वरूप नगर निगम ने ऐसी प्रणाली विकसित जिसके अंतर्गत 'कभी भी- कहीं भी' के आधार पर नागरिक सेवाओं देने में सक्षम हुए और जिसके चलते नगर निगम करों का संग्रहण कर पाए। इस ऑनलाइन प्रणाली की सहायता से कोरोना महामारी के समय में नागरिकों ने बिना निगम कार्यालयों के चक्कर लगाए घर बैठे सेवाएं प्राप्त की।

## दंत चिकित्सकों के कैडर के गठन को दी मंजूरी

● आसान होगी नई भर्तियां, चिकित्सकों ने स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन का जताया आभार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

डेंटल सर्जन सर्विस रूल्स के लिए दिल्ली सरकार ने एक कैडर के गठन को मंजूरी दी है। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से डेंटल हेल्थ सिस्टम को मजबूत करने के लिए डेंटल सर्जन कैडर के गठन का निर्णय लिया है। दिल्ली में दंत चिकित्सकों के लिए यह इस तरह का पहला कैडर है।

केजरीवाल सरकार के इस कदम से पिछले दो दशकों से दिल्ली के विभिन्न अस्पतालों में अस्थायी तौर पर अपनी सेवाएं दे रहे दंत चिकित्सक अब नियमित हो पाएंगे। साथ ही कैडर के गठन के बाद नियमित भर्ती में भी मदद मिलेगी। इस कैडर के लिए डेंटल सर्जन कई वर्षों से मांग कर रहे थे। सर्जनों की भर्ती के करीब 23 वर्षों के बाद डेंटल कैडर नियमों को अधिसूचित किया गया है। ये दंत चिकित्सक साल 1998 में अस्थायी तौर पर नियुक्त किए गए थे।

## सचिवालय में एक जून से एकल उपयोग प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं

### राष्ट्रव्यापी प्रतिबंध से एक महीने पहले ही प्रभावी हो जाएगी व्यवस्था : गोपाल राय

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

प्रदूषण के खिलाफ जंग को और धार देने के मकसद से केजरीवाल सरकार ने दिल्ली सचिवालय में एक जून से सिंगल यूज प्लास्टिक उत्पादों पर पाबंदी लगाने का फैसला लिया है। इसके अंतर्गत पहले चरण में दफ्तरों में यूज एंड थ्रो वाले पेन और पानी की बोतलों पर बैन लगाया जाएगा। साथ ही प्लास्टिक से बने बैनर्स, पोस्टर्स और खाने के लिए इस्तेमाल होने वाली कटलरी पर भी पूरी तरह से रोक लगाया जाएगा।

दिल्ली सरकार का पर्यावरण विभाग आबोहवा दुरुस्त करने के लिए लगातार उचित कदम उठा रही हैं । बढ़ते प्रदूषण को कम करने लिए समर एक्शन प्लान की भी शुरुआत विभाग द्वारा की गई हैं। ऐसे में प्रदूषण को बढ़ावा देने में सिंगल यूज प्लास्टिक भी एक एहम भूमिका निभाता हैं।

सिंगल यूज प्लास्टिक जैसे प्लास्टिक के री-कांटे, स्ट्रॉ, पॉलिथिन, प्लास्टिक गिलास इत्यादि जो फेंक दिये जाने पर पुन: उपयोग में नहीं लाये जा सकते हैं। ऐसे में कई बार लोग



इसे खत्म करने के लिए जमीन में दबा या जला कर इसे नष्ट करने की कोशिश करते हैं जो वायु, जल और भूमि प्रदूषण के लिए गंभीर खतरा भी हैं। साथ ही वजन में हलके होने के कारण कई बार यह देखा गया हैं की यह इधर उधर उड़ कर आसपास की सीवेज या जल निकासी प्रणाली के अवरुद्ध करने का कारण बनता है। जिससे जल जमाव की समस्याओं बढ़ जाती है।

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक वस्तुओं के उपयोग को रोकने के लिए जागरुकता अभियान जरूरी है। इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए सरकार ने यह निर्णय लिया हैं कि सचिवालय के सभी कार्यालयों में 1 जून से सिंगल यूज प्लास्टिक से उत्पादित सभी वस्तुओं को बैन किया जाएगा।

**मेटल, बाँस, पेपर, मिट्टी से बनी वस्तुओं के प्रयोग पर दिया जाएगा जोर**

इसके अन्य विकल्पों के बारें में जानकारी देते हुए पर्यावरण मंत्री बताया कि एक बार प्रयोग में आने वाली पानी की बोतलों और खाने की कटलरी की जगह अब से बाँस, ग्लास, मेटल या पेपर से बनी कटलरी को प्रयोग में लाया जाएगा। एकल इस्तेमाल वाली पेन की जगह फिर से प्रयोग में आने वाले जेल, बॉल या इंक पेन का प्रयोग किया जाएगा। साथ ही अब कपड़े या पेपर के बैनर्स ही बनाए जाएँगे।

## आप विधायकों के साथ केजरीवाल की बैठक रद्द

**नई दिल्ली।** मुंडका स्थित एक इमारत में भीषण आग की घटना के मद्देजनर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी (आप) के विधायकों के साथ शनिवार को होने वाली बैठक रद्द कर दी गई। इसके अलावा उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया द्वारा इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग प्वाईंट के उद्घाटन सहित कई अन्य कार्यक्रमों को भी रद्द कर दिया गया है।

आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल राष्ट्रीय राजधानी में भाजपा शासित नगर निगमों द्वारा शुरू किए गए अतिक्रमण रोधी अभियान से निपटने के लिए रणनीति तैयार करने के लिए पार्टी विधायकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक करने वाले थे।

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 15 मई, 2022



# मात्र छह साल की बेटी आद्या ने लिखी पुस्तक ऑलवेज बी युनीक

## एम्बियंस मॉल में एससीईआरटी के उप-निदेशक सुनील बजाज और भाजपा नेता नवीन गोयल ने किया पुस्तक का लोकार्पण

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**मात्र** 6 साल की बेटी आद्या दुबे द्वारा लिखी गई पहली पुस्तक-ऑलवेज बी यूनीक का शनिवार को यहां एम्बियंस मॉल में लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर एससीईआरटी के उप-निदेशक सुनील बजाज व पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने अतिथि के रूप में शिरकत की। आद्या सेक्टर-15 स्थित सालवान स्कूल की छात्रा है। पहली कक्षा की छात्रा आद्या इस पुस्तक को लिखने के साथ इंडिया की यंगेस्ट लेखक बन गई हैं।

पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने कहा कि आद्या दुबे के पुस्तक लिखने जैसे बेहद ही गंभीर विषय पर इतनी गहरी सोच रखने का मतलब भविष्य में देश के लिए एक बहुत बड़ी प्रतिभा का अभी से तैयार होना है। उन्होंने आद्या के माता-पिता नीतीश दुबे व साक्षी दुबे, शिक्षिका आशिमा को भी बधाई दी। आद्या के इस प्रयास से हर बच्चे, बड़े को आद्या से प्रेरणा लेने की बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि गुरुग्राम में चाहे खेल हो, शिक्षा हो, लेखन हो, पेंटिंग हो या कोई और क्षेत्र हो। हर क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। गुरुग्राम की प्रतिभाओं को निखारना हमारा ध्येय है। उप-निदेशक बजाज ने कहा कि जीवन में लक्ष्य और रचनात्मकता बहुत जरूरी है। किसी भी काम को करने के लिए लक्ष्य बनाना चाहिए, तभी उस काम को पूरा किया जा सकता है। लक्ष्यहीन कार्य हमेशा अधूरे रह जाते हैं। यह हमारी सोच का विकास करता है। इस अवसर पर पुलक अग्रवाल, भाजयुमो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गगन गोयल, भाजपा रिटायर्ड प्रकोष्ठ से बाली पंडित, योगेश शर्मा, राजेश सिंह, धर्मेंद्र शर्मा समेत काफी लोग मौजूद रहे।



गुरुग्राम के एम्बियंस मॉल में आद्या दुबे की पुस्तक का लोकार्पण करते अतिथि।

### विश्व रिकॉर्ड के लिए भेजी जाएगी पुस्तक

**आद्या** की इस पुस्तक के प्रकाशक इंच पेपर प्रा. लिमिटेड के चेयरमैन एवं सीईओ पुलक अग्रवाल ने बताया कि आद्या अब तक की दुनिया की सबसे कम उम्र की लेखक बनी हैं। भारत में कम उम्र में किताब लिखने का रिकॉर्ड आठ साल के बच्चे के नाम है, जबकि विश्व में 14 साल के बच्चे के नाम है। अब आद्या ने इन दोनों रिकॉर्ड को तोड़ा है। जल्द ही इस पुस्तक को रिकॉर्ड में दर्ज कराने के लिए लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड व गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए भेजा जाएगा। पुलक के मुताबिक इस पुस्तक को आइएसबीएन में भी पंजीकृत करवाया गया है। भारत सरकार की ओर से पुस्तक को एक विशेष नंबर जारी किया जाता है। पहले चरण में 5000 पुस्तकें छापी गई हैं। आद्या ने इस पुस्तक में लिखा है कि दुनिया का हर आदमी किसी ने किसी रूप में युनीक होता है। हमें उस पर काम करना चाहिए। अपनी शक्ति को तलाशना चाहिए, ताकि जीवन में उसी के अनुसार दशा और दिशा तय की जा सके।

# यूक्रेन से लौटे छात्रों को सता रही है अपने भविष्य की चिंता

## यूक्रेन से लौटे मेडिकल छात्रों और उनके अभिभावकों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

## विधायक ने सरकार से सकारात्मक बात करने का दिया आश्वासन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**पेरेंट्स** एसोसिएशन ऑफ यूक्रेन एमबीबीएस स्टूडेंट्स इंडिया ने शनिवार को गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला को उनके कार्यालय में पहुंचकर एक ज्ञापन सौंपा। एसोसिएशन ने सभी प्रतिष्ठित नेताओं और सभी संबंधित अधिकारियों से अनुरोध किया है कि यूक्रेन से लौटे छात्रों के भविष्य के लिए वे अहम और जरूरी कदम उठाएं। विधायक सुधीर सिंगला ने उनकी मांग का समर्थन करते हुए कहा कि वे ज्ञापन मुख्यमंत्री हरियाणा तक पहुंचाकर सकारात्मक निर्णय का अनुरोध करेंगे।

यूक्रेन से लौटे देशभर के छात्रों की ओर से उनके अभिभावकों ने मांग की है कि उनके बच्चों का भविष्य दांव पर लगा है, इसके लिए सरकार जल्द पॉजिटिव कदम उठाए, ताकि उनका भविष्य खराब ना हो। अभिभावकों ने कहा है कि वे मध्यम वर्गीय परिवारों से संबंध रखते हैं। उनके बच्चे यूक्रेन में मेडिकल की पढ़ाई करने गए थे, लेकिन पिछले कुछ महीने पूर्व वहां के हालात खराब हुए। रूस ने यूक्रेन पर हमला करके सब कुछ बाधित कर दिया। बड़ी मुश्किल से बच्चे अपनी जान बचाकर भारत लौटे। उन्होंने भारत सरकार द्वारा उन्हें यूक्रेन से सकुशल निकालने पर धन्यवाद करते हुए कहा कि अब सरकार उनके भविष्य को लेकर भी जरूरी कदम उठाए। क्योंकि अब उन्हें भारत में ही रहकर वे अपनी पढ़ाई को पूरा करना है। मांग की है कि सभी छात्रों को भारतीय मेडिकल कालेज में समायोजित किया जाए, ताकि वे पढ़ाई पूरी कर सकें। ज्ञापन में कहा गया है कि करीब 15-16 हजार मेडिकल के छात्र हैं, जिनमें से करीब 3000 छात्र फाइनल ईयर में पढ़ाई कर रहे थे। ऐसे में छात्रों को अनुमति दी जाए कि वे भारत के अस्पतालों में इंटर्नशिप कर सकें। बाकी के करीब 12 हजार छात्रों को एमबीबीएस के प्रथम वर्ष से लेकर तृतीय वर्ष में दाखिले देकर भविष्य बनाने के लिए सहायता की जाए। क्योंकि देश के अनेक मेडिकल कालेज में हाल ही में पहले वर्ष की पढ़ाई शुरू ही हुई है। ऐसे में उन्हें कोई ज्यादा दिक्कत नहीं आएगी। छात्रों ने यह भी बताया कि उनकी देश के अलग-अलग हिस्सों में मेडिकल कालेज प्रशासन से मीटिंग भी हुई है। वे सभी यूक्रेन से लौटे मेडिकल छात्रों को अपने परिसर में दाखिला देने के लिए सरकार की ओर से अनुमति मिलने के इंतजार में हैं। वे चाहते हैं कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत बनाने में अपना पूर्ण सहयोग देंगे। ज्ञापन देने वालों में एसोसिएशन के गुरुग्राम अध्यक्ष आरबी गुप्ता समेत काफी संख्या में लोग, छात्र शामिल रहे।



गुरुग्राम में विधायक सुधीर सिंगला को ज्ञापन सौंपते यूक्रेन से लौटे छात्र व अभिभावक।

# कॉलेज से बाहर पार्कों, गली मोहल्लों में योग सिखा रहे एनएसएस स्वयंसेवक



गुरुग्राम के एक पार्क में महिलाओं को योग कराती सेक्टर-9 कालेज से एनएसएस की स्वयंसेवक।

**गुरुग्राम।** राजकीय महाविद्यालय सेक्टर-9 की एनएसएस इकाई द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत विद्यार्थियों में योग जागरुकता के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। विद्यार्थियों द्वारा पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राईटिंग, निबंध लेखन, जागरुकता रैली का आयोजन किया गया है। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वयं सेवकों ने विभिन्न गली-मोहल्लों एवं पार्कों में आम जन के साथ योगाभ्यास कर उन्हें योग के लिए प्रेरित किया है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सत्यमन्यु यादव ने बताया कि भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निदेशज़नुसार इन कार्यक्रमों का आयोजन 7 अप्रैल से आरम्भ किया है तथा 21 जून तक इन कार्यक्रमों को किया जाएगा। बताया कि योग हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभदायक है। उन्होंने महाविद्यालय के कर्मचारियों एवं अधिकारियों को योग ब्रेक लेकर प्रतिदिन योगाभ्यास करने तथा स्वयं को तनावमुक्त एवं स्वस्थ रखने के लिए प्रेरित किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ललिता गौड़ एवं रोहित शर्मा ने बताया कि विद्यार्थियों एवं आम जन में योग के प्रति अत्याधिक उत्साह है। दीक्षा, अदिति, नैना, आंचल, निहारिका, नेहा, शुभम, रोहित, धर्मबीर, पुनीत, चंद्रप्रकाश सहित अनेक स्वयंसेवक महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### संत तरुण सागर के नाम से अहिंसा क्रांति के तहत लगाए घोंसले



गुरुग्राम के लेजरवैली पार्क में घोंसले लगाते लोग।

**गुरुग्राम।** राष्ट्र संत तरुणसागर महाराज के 26 मई को आने वाले 55वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 3 मई से अहिंसा क्रांति की शुरुआत गुरुग्राम में की गई है। इसके तहत पशु पक्षी संरक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को जैन समाज सेक्टर-14 के प्रधान, अस्सिटेंट गवर्नर रोटरी क्लब और जीतो के सलाहकार रविंद्र जैन द्वारा लेजरवैली पार्क सेक्टर-29 तथा मेफिल्ड गार्डन के सेंट्रल पार्क में काफी संख्या में दाना-पानी घोंसले लगाए गए। रविंद्र जैन ने बताया कि पूर्व मंत्री सुखबीर कटारिया, पार्षद अनूप सिंह, नारायण सिंह प्रधान लेजर वैली, मुकेश शर्मा प्रधान रोटरी ब्लड बैंक, भूपेन्द्र सिंह, गजेंद्र त्यागी, सूरज शर्मा, अलका दलाल, मनोज यादव, ओपी सिंह मैनेजर लेजर वैली पार्क, नवकल्प फाउंडेशन के अध्यक्ष अनिल आर्य की प्रेरणा से उनका सहयोग लेकर यह अभियान चलाया जा रहा है, ताकि पर्यावरण की रक्षा के लिए पशु पक्षी का जीवन भी सुरक्षित रहे।

### पेशी से लौटकर आए बंदी के सैंडल में मिला नशीला पदार्थ

**सोहना।** भोंडसी जिला जेल से पेशी पर गए विचाराधीन बंदी के पास लौटकर आते समय सैंडल से नशीला पदार्थ पकड़ा गया। आरोपी बंदी के खिलाफ जेल अधिकारी की शिकायत पर भोंडसी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। भोंडसी जिला जेल के उपाधीक्षक चरण सिंह ने लूट चोरी के मामलों में आरोपी शमशेर निवासी गांव खरड़ सदर हिसार के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। जेल अधिकारी ने पुलिस को बताया कि शमशेर को पुलिस गार्द में भोंडसी से हॉसी की अदालत में पेशी पर लेकर गए थे। लौटते समय जेल की ड्योडी में वार्डन जगजीवन ने शमशेर की तलाशी तो उसके सैंडल में छुपा नशीला पदार्थ मिला। पूछताछ में शमशेर ने पुलिस को बताया कि उसे नशा पदार्थ विकास उर्फ बच्ची निवासी गांव मयाना जिला हिसार ने दिया था। भोंडसी पुलिस ने बंदी समेत दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। एएसआई अजीम अहमद ने बताया कि आरोपी बंदी शमशेर से जेल में ही पूछताछ की जाएगी। उसे विकास उर्फ बच्ची कहां मिला था।

### किशोर को मिल रही रंजिश में जान से मारने की धमकी

**सोहना।** भोंडसी थाने के गांव सहजावास निवासी 16 वर्षीय किशोर को पुरानी रंजिश में जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। पुलिस ने किशोर की मां की शिकायत पर दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सहजावास निवासी महिला सपना ने पुलिस को बताया कि वह विधवा है। उसका करीब दो साल पहले पड़ोसी भागीरथ के साथ झगड़ा हुआ था। भागीरथ का लड़का अभिषेक उसके बेटे देवेन्द्र से रंजिश रखता है। उसके साथ रिठैज निवासी रिषभ उर्फ रोकी भी उसके बेटे को जान से मारने की धमकियां देता है। गुरुवार को देवेन्द्र घर से गांव के बस स्टैंड पर गया था। जहां रास्ते में उसकी मुलाकात हुई थी। इस दौरान अभिषेक ने उसके बेटे को धमकाया और जान से मार देने की धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### एसएमएस आने पर ही भरें जीएसटी रिटर्न : पंकज वर्मा

**गुरुग्राम।** कर सलाहकार व एमएसएमई वेलफेयर फाउण्डेशन के अध्यक्ष पंकज वर्मा ने व्यापारियों से आग्रह किया है कि वे जीएसटी 3बी रिटर्न भरने के लिए जल्दबाजी न करें। उन्होंने बताया कि जीएसटी पोर्टल पर इनपुट लेने के लिए जीएसटी 2बी का डाटा गलत दिखा रहा है। इसलिए जब तक विभाग द्वारा 2बी जनरेडिट का एसएमएस प्राप्त नहीं हो जाता, तब तक जीएसटी रिटर्न न भरें। यदि वे रिटर्न भर देते हैं तो उन्हें जीएसटी से संबंधित कई समस्याओं सामना करना पड़ेगा, जिसका समाधान करने में उन्हें परेशानियां भी आ सकती हैं।

### श्रमिकों के ग्रेच्युटी के मामले लोक अदालत में निपटे

**गुरुग्राम।** जिले में शनिवार को लोक अदालत का आयोजन किया गया। श्रम विभाग ने भी लोक अदालतों का आयोजन कर श्रमिकों के लंबित पड़े मामलों का श्रमिकों व प्रबंधनों की आपसी सहमति से समाधान कराया। श्रमिक संगठन एटक के जिला महासचिव कामरेड अनिल पंवार ने बताया कि श्रमिक लोक अदालत में परफेटी के ठेकेदार श्रमिकों के ग्रेच्युटी मामले की सुनवाई हुई। श्रम विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में दोनों पक्षों के बीच सेटलमेंट कराया गया। लोक अदालत के कुलदीप सिंह द्वारा योगेश कुमार, मनफूल, रोहित व ललित कुमार को ग्रेच्युटी के चेक भी दिए गए। अनिल पंवार का कहना है कि जो मामले लेबर ट्रिब्यूनल में लंबे चलते हैं, यदि इन मामलों को लोक अदालत में रखा दिया जाए तो उनका समाधान दोनों पक्ष अपनी सहमति से कर लेते हैं। लोक अदालत श्रमिकों के लिए बड़ी ही लाभप्रद है। इस अवसर पर श्रमिकों की ओर से श्रमिक नेता बलवीर कंबोज, सोमवीर सिंह व ठेकेदार की ओर से विपिन, मोहित, डालचंद तथा कंपनी प्रबंधन की ओर से सोनू राठी आदि भी मौजूद रहे।

# एक बूथ एक यूथ अभियान की शुरुआत करेगी युवा जजपा : दुष्यंत चौटाला



गुरुग्राम में शनिवार को जजपा कार्यकारिणी की बैठक लेते दुष्यंत चौटाला।

## नए युवाओं को जजपा के साथ जोड़कर संगठन को किया जाएगा और मजबूत

## गुरुग्राम में ली पार्टी कार्यकारिणी की बैठक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**बूथ** स्तर पर संगठन को और मजबूती प्रदान करने के लिए जननायक जनता पार्टी जल्द नया अभियान चलाने जा रही है। इसके लिए युवा जजपा एक बूथ एक यूथ कार्यक्रम की शुरुआत करेगी। साथ ही ब्लॉक स्तर पर नए युवा साथियों को जजपा के साथ जोड़ा जाएगा और युवाओं के लिए सेमिनार का आयोजन भी किया जाएगा। इस बारे प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने जजपा युवा पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

शनिवार को गुरुग्राम में आयोजित जजपा युवा प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक हुई। इस बैठक में संगठन मजबूती सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर युवा पदाधिकारियों के साथ विचार विमर्श किया गया। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि हर क्षेत्र के विकास में युवाओं की अहम भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि इसी तरह संगठन मजबूती के लिए जजपा के युवा पदाधिकारियों का हमेशा अहम रोल रहा है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि युवा जजपा ब्लॉक स्तर पर एक बूथ एक यूथ कार्यक्रम शुरू करें और इसके तहत हर बूथ पर एक मजबूत युवा साथी की जिम्मेदारी संगठन मजबूती के लिए लगाए। उन्होंने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ युवा पदाधिकारी इसके लिए बूथ वाइज युवा पदाधिकारियों की ड्यूटियां लगाना शुरू कर दें। डिप्टी सीएम ने यह भी निदेज़्श दिए कि युवा पदाधिकारी बूथ-बूथ जाकर युवाओं को पाटीज़् की नीतियों से अवगत करवाकर उन्हें संगठन के साथ जोड़े। इसके अलावा युवाओं के लिए सेमिनार का भी आयोजन करवाया जाए।

### जजपा युवा प्रकोष्ठ में विस्तार, 18 पदाधिकारी नियुक्त

**इस** बैठक में उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के साथ विचार-विमर्श करके जजपा युवा प्रकोष्ठ में विस्तार करते हुए कई युवा जजपा नेताओं को संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां भी सौंपी गई। युवा प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र सांगवान ने बताया कि जजपा युवा प्रकोष्ठ में प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर जींद निवासी जसबीर रेढ़ू, फरीदाबाद निवासी संदीप कपासिया व यमुनानगर निवासी रॉकी सांगवान को नियुक्त किया हैं। कैथल निवासी सम्पूर्ण कोयल, रोहतक निवासी सीना पहलवान व पंचकूला निवासी अमित सैनी को युवा प्रदेश सचिव बनाया हैं।

इनके अलावा दादरी निवासी रामफल कादमा, पानीपत निवासी रविंद्र मीणा, रोहतक निवासी जितेंद्र वाल्मीकि, झज्जर निवासी सुनील काला, भिवानी निवासी सीना पायल, जींद निवासी सतीश बिधान को युवा प्रदेश सहसचिव की जिम्मेदारी दी हैं। इसी तरह नूंह निवासी जावेद सलाहेड़ी, फरीदाबाद निवासी अनिल भाट्टी, महेंद्रगढ़ निवासी जोनी तंवर, रोहतक निवासी बलजीत तोमर व फरीदाबाद निवासी सूरत चौहान भी युवा प्रदेश सहसचिव होंगे।चरणजीत डोंगरा को इंद्री में युवा हलका अध्यक्ष बनाया गया है।

# कैनविन फाउंडेशन ने राजेंद्रा पार्क से शुरू किया फॉगिंग अभियान : नवीन गोयल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**बीमारी** चाहे कोई भी हो, उसे फैलने से पहले ही अगर रोक लिया जाए तो धन और समय का सदुपयोग करके मानसिक परेशानी से बचा जा सकता है। गर्मियां बढ़ने के साथ डेंगू का खतरा भी बढ़ सकता है। यह बात पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने शनिवार को यहां राजेंद्रा पार्क स्थित कैनविन फाउंडेशन के पॉलीक्लीनिक में मेडिकल कैंप का शुभारंभ और डेंगू से बचाव के लिए फॉगिंग मशीन लांच करते हुए कही। इस कैंप में करीब 350 लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराई।

नवीन गोयल ने कहा कि हमारा फोकस लोगों के बीमार होने पर सही करने का नहीं होना चाहिए, बल्कि बीमारियों को पनपने से पहले रोकने का भी होना चाहिए। इसलिए उद्देश्य के साथ आज फॉगिंग मशीन लांच की गई है, ताकि डेंगू का लार्वा पैदा ही ना होने दिया जाए। डेंगू के मच्छर अगर पैदा नहीं होंगे तो डेंगू जनित बीमारियों से बचाव अपने आप ही हो जाएगा। उन्होंने कहा कि विदेशों में इसी तर्ज पर काम होता है। श्री गोयल ने कहा कि राजेंद्रा पार्क के अलावा अन्य कालोनियों, गांवों में भी डेंगू से बचाव के लिए फॉगिंग का अभियान चलाया जाएगा, ताकि हर किसी को डेंगू से सुरक्षित किया जा सके। उन्होंने कैनविन फाउंडेशन की दिन-रात सजग रहने वाली टीम के सदस्यों के काम की भी सराहना की। उन्होंने कहा किसी भी संस्था की रीढ़ की हड्डी उसके कार्यकर्ता, उसके कर्मचारी होते हैं। जमीनी स्तर पर वे काम करते हैं। उन्हें खुशी है कैनविन की टीम दिन-रात गुरुग्रामवासियों की सेहत के लिए दौड़ती है। इस अवसर पर आकाश यादव, डिम्पल राठी, कैप्टन धीर सिंह, कैप्टन प्रेम सिंह, अमन हुड्डा, उमाकांत, नित्यानंद, महेश यादव, संदीप सिंधू, सतपाल चौधरी आदि मौजूद रहे।



गुरुग्राम के राजेंद्रा पार्क से फॉगिंग की शुरुआत करते नवीन गोयल।

## फर्जी एलएलबी की डिग्री पर अनेक वकीलों के लाइसेंस रद्द

**गुरुग्राम।** बार काउंसिल ऑफ दिल्ली ने बार काउंसिल ऑफ इंडिया के आदेश पर डेढ़ दर्जन से अधिक अधिवक्ताओं के लाइसेंस निरस्त कर दिए हैं। बताया जाता है कि अधिवक्ताओं के निरस्त किए गए लाइसेंस में गुरुग्राम के भी 3 अधिवक्ता शामिल हैं। जानकारी के अनुसार इन अधिवक्ताओं के एलएलबी की डिग्री व मार्कशीट में अनियमितता पाई गई हैं। यानि कि ये फर्जी सिद्ध हुई हैं। इसी पर कार्रवाई करते हुए बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने बार काउंसिल ऑफ दिल्ली को आदेश दिए हैं कि इन अधिवक्ताओं के लाइसेंस निरस्त कर संबंधित विभागों के अधिकारियों को सूचित कर दिया जाए। बार काउंसिल ने सभी अधिकारियों, विभागों व जिला अदालतों को भी आवश्यक कार्रवाई के लिए सूचित कर दिया है। गुरुग्राम से अशोक कुमार, मुकेश कुमारी व अव्या कपूर अधिवक्ता शामिल हैं।

# शहर में दो दिन के बाद उठे कूड़े-कचरे के ढेर





शनिवार की सुबह अपनी मांगों को लेकर नगर परिषद के सफाई कर्मचारी शहर में झाड़ू प्रदर्शन करते हुए।

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**अपनी** मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन करने वाले नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों ने शहर में सरकार के खिलाफ झाड़ू प्रदर्शन किया। शहर में तीसरे दिन बाजार, कॉलोनी और वार्डों में सफाई की। शनिवार सुबह 7 बजे नगर परिषद के स्थाई व अस्थाई सफाई कर्मचारियों ने राज्य व केन्द्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन के दौरान सफाई कर्मचारियों ने झाड़ू हाथों में था। यूनिट प्रधान विक्रम सिंह ने कहा कि उनका यह अभिभयान लंबा चल सकता है। अभी तक 18 मई को अलग-अलग स्तर पर रैली निकाली जाएगी।

### तीन दिन बाद हुई शहर में सफाई

**नगर** परिषद के सफाई कर्मचारियों ने पिछले दो दिन से हड़ताल होने के कारण शहर में सफाई नहीं की थी। सार्वजनिक और गली मोहल्लों में कूड़े के ढेर लगे हुए थे। जिन्हें शनिवार को विरोध प्रदर्शन के बाद उठाया गया। नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों ने गुरुवार से अपनी मांगों को लेकर हड़ताल की दी थी। उससे दो दिन पहले नगर परिषद ने शहर में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान शुरू किया था। जिसमें सफाई कर्मचारियों की मुख्य भूमिका होती है, लेकिन सफाई कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने से नगर परिषद का अतिक्रमण के खिलाफ चलने वाला अभियान बीच में ही दमतोड़ गया।

## अनुसूचित जाति के 500 युवाओं को मिलेगी फर्स्ट एड का निशुल्क प्रशिक्षण

**गुरुग्राम।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी हरियाणा राज्य शाखा के महासचिव डा. मुकेश अग्रवाल के दिशा-निर्देशों से जिला रेडक्रॉस सोसायटी गुरुग्राम के अंतर्गत अनुसूचित जाति के 500 युवक-युवतियों को निशुल्क प्राथमिक चिकित्सा (फर्स्ट एड) प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए 16 मई से 20 मई 2022 तक पंजीकरण कराए जा सकते हैं। रेडक्रॉस सोसायटी सचिव विकास कुमार ने बताया कि जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव के मार्गदर्शन में सोसायटी काम कर रही है। आगामी होने वाली प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण के लिए पंजीकरण कराना होगा। पंजीकरण जिला रेडक्रॉस सोसायटी चंदन नगर सेक्टर-15 पार्ट-2 गुरुग्राम, उपमंडल अधिकारी नागरिक कार्यालय पटौदी और सामान्य अस्पताल सोहना के कांफ्रेंस रूम में कराया जा सकता है। पंजीकरण के लिए अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र, दो पासपोर्ट साइज की फोटो, आधार कार्ड की फोटो कॉपी, रिहायशी प्रमाण पत्र और आय का प्रमाण पत्र जमा कराना होगा।

# इंडिया इंक का हायरिंग वॉल्यूम 23 फीसद तक पहुंचने के लिए तैयार : इनडीड हायरिंग ट्रैकर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**जैसे-जैसे** दुनिया इस महामारी से उबर रही है, वैसे-वैसे जॉब मार्केट भी इसका अनुसरण कर रहा है; दुनिया की #v जॉब साइट इनडीड द्वारा जारी तिमाही हायरिंग ट्रैकर के निष्कर्षों से पता चलता है कि जनवरी से मार्च 2022 की तुलना में अप्रैल से जून 2022 के दौरान काम पर रखने वाले नियोक्ताओं के अनुपात में 5 प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना है।

वित्तीय वर्ष 23 के पहले क्वार्टर से वित्तीय वर्ष 22 के चौथे क्वार्टर की तुलना करने से पता चलता है कि हायरिंग वॉल्यूम में 3 प्रतिशत की वृद्धि होने के साथ ही कुल वृद्धि दर 23 प्रतिशत तक पहुंचने की भी संभावना है। हायरिंग ट्रैकर ने वित्तीय वर्ष 22 के चौथे क्वार्टर में जनवरी और मार्च 2022 के बीच नियोक्ताओं तथा नौकरी चाहने वाले, दोनों का ही विश्लेषण किया ताकि हायरिंग की गतिविधि तथा नियुक्ति के अनुपात को समझा जा सके। हायरिंग ट्रैकर ने इस बात का भी विश्लेषण किया कि नियोक्ताओं की प्राथमिकता क्या है, नौकरी चाहने वाले लोगों की अपेक्षाएं क्या हैं, और दोनों पक्षों के बीच किस तरह से तालमेल बैठ सका जिससे की नियुक्ति तथा नौकरी चाहने वाले, दोनों ही सुविधा के साथ अपनी अपेक्षाओं को पूरा कर सके। निष्कर्षों ने आगे खुलासा किया कि पहली बार नौकरी चाहने वालों को नियोक्ताओं से व्यापक स्वीकृति मिली, जिसमें सर्वेक्षण किए गए दस नौकरी चाहने वालों में से लगभग आठ (54 प्रतिशत से बढ़कर 77 प्रतिशत, दिसंबर 2021 तिमाही के दौरान) ने वित्तीय वर्ष 22 के चौथे क्वार्टर के दौरान अपनी नौकरी हासिल की। पहली बार नौकरी चाहने वालों को नियुक्ति देने वाले सेक्टर में से अधिकांश सूचना प्रौद्योगिकी (85 प्रतिशत), दूरसंचार (79 प्रतिशत) और ई-कॉमर्स (75 प्रतिशत) क्षेत्रों से थे।

शशि कुमार, हेड ऑफ सेल्स, इनडीड इंडिया ने कहा, महामारी की शुरुआत के बाद से भारतीय जॉब मार्केट में उथल-पुथल मची हुई है। हालांकि, पिछली तिमाही में COVID-19 मामलों की संख्या में कमी और अर्थव्यवस्था के फिर से खुलने के साथ, हमने नौकरी के बाजार में कुछ स्थिरता देखना शुरू कर दिया है। वित्तीय वर्ष की शुरुआत में हायरिंग वॉल्यूम में वृद्धि नियोक्ताओं और नौकरी चाहने वालों, दोनों के लिए अच्छी खबर है, यह विकास के बहुत सारे अवसरों को खोल देगा। सच तो यह है कि सभी क्षेत्रों की कंपनियां पहले से ही अपने कारोबार को बढ़ाने पर विचार कर रही हैं, तथा कुशल और लचीले कार्यबल के निर्माण पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं, हमें उम्मीद है कि आने वाली तिमाही में हायरिंग बढ़ती रहेगी क्योंकि अब अधिक से अधिक कर्मचारी कार्यालय में वापस लौट रहे हैं।

**शीर्ष भूमिकाएं और कौशल :** तेजी से बढ़ते हुए डिजिटलीकरण और प्रौद्योगिकी के कारण व्यवसाय में तेजी से विकास हो रहा है, जिस कारण विशिष्ट कौशल वाले कर्मचारियों की आवश्यकता बढ़ रही है। कम से कम 71 प्रतिशत नियोक्ताओं ने आईटी कौशल के लिए लोगों को काम पर रखा, हालांकि मात्र 29 प्रतिशत मामलों में ही आईटी कौशल के लिए नौकरी चाहने वालों की वरीयता से मेल खाता है। डेटा साइंस, एनालिटिक्स और अन्य तकनीकी भूमिकाओं जैसी नौकरीओं की मांग बनी हुई है। साथ ही सेल्स, उत्पाद प्रबंधकों जैसी पुरानी भूमिकाओं में भी मांग में वृद्धि देखी गई। पिछले तिमाही (29प्रतिशत) की तरह इस तिमाही (33प्रतिशत) में पायथन, सी ++, रूबी और जावास्क्रिप्ट के कौशल, नियोक्ताओं द्वारा सबसे वांछित तकनीकी कौशल बने हुए हैं।

# ब्लैकआउट : बीके में मैनटिनेंस के कारण एक घंटे रहा अंधेरा

## डिलीवरी के लिए आई महिलाओं को लौटना पड़ा वापस

## हालांकि बिजली कट की सूचना अस्पताल प्रबंधन ने पहले ही दे दी थी, लेकिन गर्मी अधिक होने के कारण परेशान रहे मरीज

कविता। फरीदाबाद

**बीके** सिविल अस्पताल में पैनल और ट्रांसफार्मर इंस्टॉलेशन कार्य के कारण 65 मिनट का बिजली कट रहा। जिसमें आधा घंटे बीके अस्पताल और 35 मिनट का कट कोविड-19 अस्पताल में रहा।

इस दौरान पीडब्ल्यूडी द्वारा कोविड-19 अस्पताल के लिए नए लगे पैनल में कनेक्शन देने का कार्य किया गया। कोविड-19 अस्पताल के लिए ट्रांसफार्मर और जनरेटर की सप्लाई भी अलग से की गई। हालांकि अस्पताल प्रबंधन ने पहले ही सूचना जारी कर दी थी। लेकिन 45 डिग्री तापमान में मरीज गर्मी के कारण बेहाल नजर आए। मरीज आधे घंटे के लिए पार्कों में निकल गए। वहीं कोविड-19 अस्पताल में भर्ती मरीजों को बीके अस्पताल की लाईन शुरू होने पर वहां भर्ती कर दिया गया। जिसके बाद कोविड-19 अस्पताल की बिजली का काम शुरू किया गया।


लिफ्ट बंद होने पर सीढ़ियों से आते मरीज और स्ट्रेचर को रैंप पर ले जाते तीमारदार।

**ये था हाल :** बीके अस्पताल में आधे घंटे बिजली कट के कारण यहां आई गर्भवती महिलाओं के ऑपरेशन पूरी तरह से बंद कर दिए गए। ऐसे में महिलाओं को चिकित्सकों ने रेफर करना चाहा, तो वह रेफर के बजाय स्वयं ही बिना डिलीवरी करवाये यहां से वापस लौट गईं। वहीं बच्चों की नर्सरी में 22 बच्चे भर्ती थे। लेकिन गर्मी के कारण उन्हें किसी तरह की कोई परेशानी नहीं हुई। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने बताया कि बच्चों को गर्मी में नहीं सर्दियों में बिजली कट के कारण दिक्कत होती है। उन्होंने बताया कि ऑक्सीजन की कमी होती, तो बच्चों को ऑक्सीजन सिलेंडर लगाकर नर्सरी में भर्ती किया जा सकता है। वहीं दूसरी तरफ अपातकालीन कक्ष में मरीजों को बिजली न होने के कारण गर्मी में भर्ती रहना पड़ा। पहले से सूचना होने के कारण तीमारदार मरीजों को हाथ के पंखे और कागजों से हवा करते नजर आए। वहीं ओपीड़ी में बिजली गुल होने के कारण लिफ्ट बंद हो गई और अंधेरा छा गया। जिससे मरीजों को परेशानी हुई, लेकिन संख्या कम के कारण और छुट्टी का समय होने के कारण मरीजों को कुछ हद तक राहत थी। वहीं वार्डो में भर्ती मरीज पार्कों में निकल गए।

**ये किया काम :** पीडब्ल्यूडी द्वारा बीके अस्पताल का पूरा भार 1600 और कोविड-19 अस्पताल की बिजली का भार 1200 वोल्टेज में डाला गया। वहीं ट्रासफार्मर 750 केबीए बीके के लिए और कोविड-19 अस्पताल के लिए 315 केबीए का लगाया गया है। वहीं बीके अस्पताल के लिए 625 केबीए के जनरेटर और कोविड-19 अस्पताल के लिए 250 केबीए के जनरेटर से सप्लाई जारी की गई है।

# सांसद खेल महोत्सव के तहत मैराथन में दौड़े हजारों शहरवासी

## केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर और कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा सहित विधायक गण और प्रशासनिक अधिकारियों ने की शिरकत

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**लोकसभा** क्षेत्र में 20 से 22 मई तक आयोजित होने वाले सांसद खेल महोत्सव को लेकर लोगों में जबरदस्त जुनून है। शनिवार सुबह इसकी एक बानगी तब देखने को मिली जब खेल महोत्सव से आमजन को जोड़ने के लिए आयोजित की गई मैराथन में हजारों शहरवासी एक साथ दौड़े।

करीब 11 किलोमीटर की इस मैराथन में केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा सहित सभी विधायक, प्रशासनिक अधिकारी बच्चे बुजुर्ग और महिलाएं भी शामिल हुईं। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने पूरी मैराथन में साथ चलकर सांसद फिट-फरीदाबाद हिट का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि यह सांसद खेलकूद प्रतियोगिता पूरे फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के लोगों में स्वास्थ्य के प्रति एक जागरुकता पैदा करने का अभियान है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के सभी लोकसभा क्षेत्रों में यह प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि 20 से 22 मई तक फरीदाबाद में अलग-अलग स्थानों पर 10 खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि इन खेल स्पर्धाओं में प्रत्येक नागरिक हिस्सा लें। उन्होंने मैराथन में हजारों लोगों के उत्साह को देखते हुए कहा कि यह मैराथन और इसमें शामिल हजारों लोग यह साबित करते हैं कि हम अपने स्वास्थ्य को लेकर बेहद सजग हैं। कहा कि यह सांसद खेल महोत्सव आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है।


मैराथन में भाग लेते मंत्री, अधिकारी और सामान्य लोग।

शनिवार को प्रात: छह बजे सेक्टर-12 खेल परिसर से विशाल मैराथन का आयोजन किया गया। इस दौरान मसहूर गायक पदमजीत सहरावत के द्वारा तैयार किए गए थीम सांग खेल रहा है इंडिया, आगे बढ़ रहा इंडिया। बाबा फरीद की नगरी, राजा नाहर कर्म भूमि पर हो रहा है सांसद खेल महोत्सव को भी लांच किया गया। कृष्णपाल गुर्जर ने सेक्टर 12 फरीदाबाद के खेल स्टेडियम मैराथन की शुरुआत मंत्रीगण के साथ हरी झंडी दिखाकर की। मैराथन में क्षेत्र के हजारों बच्चे, बुजुर्ग, युवा और महिलाएं शामिल हुई। यह मैराथन सेक्टर- 12 से सेक्टर -14, सेक्टर-17, सेक्टर-15 से वापस सेक्टर-12 खेल परिसर में सम्पन्न हुई। मैराथन के राजनीतिक ग्रुप में केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर प्रथम, भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा दूसरे स्थान पर रहे। प्रशासन के पुरुष वर्ग में डीआईपीआरओ राकेश गौतम पहले, डीसी जितेन्द्र यादव दूसरे और महिला वर्ग में तहसीलदार नेहा सहारण प्रथम स्थान पर रही। बच्चों में खेल परिसर के भीकू प्रथम, भूपेन्द्र द्वितीय, लड़कियों में कंचन पहले, मानशी दूसरे स्थान पर रही। वहीं दो छोटे भाई- बहन पारस 6 वर्ष और तपस्या 7 वर्ष ने भी मैराथन में अपनी आयु वर्ग में जीत हासिल की। विधायक नरेंद्र गुप्ता, विधायक सीमा त्रिखा, विधायक प्रवीण डागर, भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, जेजेपी के जिला अध्यक्ष राजेश भाटिया, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव अजय गोड़, मीडिया कोर्डिनेटर मुकेश वशिष्ठ, पलवल और फरीदाबाद के भाजपा कार्यकर्ता आदि मौजूद थे।

# पार्किंग ठेकेदार के गुंडों ने मां-बेटे को बेरहमी से पीटा

## डबुआ सब्जी मंडी में मारपीट का वीडियो वायरल होने पर मुकदमा दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**डबुआ** सब्जी मंडी में बिना पार्किंग के पार्किंग शुल्क वसूल करने वाले ठेकेदार के गुंडे ने जमकर आतंक मचाया हुआ है। सब्जी मंडी परिसर में कहीं भी पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। लेकिन मंडी के गेट से एन्टी करते ही ठेकेदार के गुंडे शुल्क वसूली का दबाव बनाते हैं। ऐसा ही एक मामला शनिवार को उजागर हुआ है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि शनिवार सुबह करीब 10 बजे डबुआ सब्जी मंडी में राजकुमार अपनी मां के साथ सब्जी मंडी में सब्जी खरीदने के लिए आया था। पार्किंग में मौजूद आरोपी जॉनी और उसके साथियों ने पार्किंग पर्ची के नाम पर मां बेटों पर हमला किया जिसका एक वीडियो वायरल हुआ था। शिकायतकर्ता के अनुसार उसने अपनी बाइक डबुआ सब्जी मंडी में 10 रुपये की पर्ची कटवा कर खड़ी की थी। जो सब्जी मंडी से सामान लेकर अपनी मां से पहले आ गया और उसकी मां पीछे रह गई थी। आरोपी द्वारा पार्किंग की पर्ची मांगने पर शिकायतकर्ता ने बताया की पार्किंग पर्ची उसकी मां के पास है। जो पीछे आ रही है। लेकिन आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर शिकायतकर्ता के साथ मारपीट की। शिकायतकर्ता की मां ने आकर बीच-बचाव करने पर उसके साथ भी मारपीट की गई।


महिला के साथ मारपीट करते लोग।

वारदात के संबंध में थाना डबुआ में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस आयुक्त महोदय ने डीसीपी क्राइम को आरोपियों की धरपकड़ के निर्देश दिए हैं आरोपियों की तलाश में क्राइम ब्रांच की टीम लगाई गई है। आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# 200 करोड़ का घोटाला : 7 दिन के रिमांड पर सीई डीआर भास्कर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**नगर** निगम में हुए 200 करोड़ के घोटाले का आरोपी चीफ इंजीनियर गिरफ्तार हो गया। पुलिस ने चीफ इंजीनियर डीआर भास्कर को देर रात गिरफ्तार कर लिया है। डीआर भास्कर को अदालत में पेश किया गया जहां से उसे 20 मई तक रिमाण्ड पर दिया है। हालांकि इस घोटाले में शामिल ठेकेदार को विजिलेंस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। पुलिस का दावा है कि भास्कर की गिरफ्तारी से 200 करोड़ के घोटाले से जल्द ही पर्दा उठ जाएगा। इस मामले में शामिल किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

दरअसल, मुख्य अभियंता ने सिंगापुर, मलेशिया और थाईलैंड देशों की यात्राएं की। इन यात्राओं के दौरान हवाई जहाज के टिकट से लेकर वहां ठहरने सहित जो भी खर्चा हुआ ठेकेदार सतवीर ने इसके लिए भुगतान किया। यह भुगतान आरटीजीएस के जरिये हुआ। इसका पूरा रिकार्ड विजिलेंस के पास है। 2 मई को मुख्य अभियंता डीआर भास्कर की अग्रिम जमानत याचिका अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश डॉ. पंकज सिंह की अदालत ने रद कर दी थी। दरअसल निगम अधिकारियों ने ठेकेदार को बिना काम करीब 200 करोड़ रुपये का भुगतान कर दिया।


200 करोड़ रूपए घोटाले का आरोपी डीआर भास्कर विजीलैंस टीम की गिरफ्त में।

यह सारा जनता का पैसा था, जो विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों की एवज में पास हुआ था। ठेकेदार के साथ मिलकर अधिकारियों ने जनता के इस पैसे का किस तरह दुरुपयोग हुआ, इसकी जानकारी विजिलेंस ने 2 मई को मुख्य अभियंता डीआर भास्कर की अग्रिम जमानत पर सुनवाई के दौरान अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश डा. पंकज सिंह की अदालत को दी।

# मानव रचना उत्कृष्टता पुरस्कार से दिग्गज सम्मानित

## उद्योग और शिक्षा जगत के 13 प्रतिष्ठित व्यक्तियों को सम्मानित किया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**मानव** रचना उत्कृष्टता पुरस्कार का छठा संस्करण राजीव चंद्रशेखर, राज्य मंत्री – कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार की उपस्थिति में मानव रचना के परिसर में संपूर्ण हुआ। शिक्षा में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए लगातार काम करने वाले मानव रचना के दूरदर्शी संस्थापक डॉ. ओपी भल्ला की समृद्ध विरासत को आगे बढ़ाने के लिए अप्रैल 2017 में मानव रचना उत्कृष्टता पुरस्कार की स्थापना की गई थी।

एमआरईए 2022 राजीव चंद्रसेखर, डॉ. प्रशांत भल्ला – अध्यक्ष, डॉ. अमित भल्ला – उपाध्यक्ष, डॉ. संजय श्रीवास्तव – एमडी, डॉ एनसी वाधवा – डीजी, एमआरईआई, लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. आरके आनंद, डीजी, एमआरआईआईआरएस, डॉ. आईके भट, वीसी, एमआरयू, एचके बत्रा, अध्यक्ष, परफेक्ट ब्रेड्स, और उद्योग के दिग्गजों की उपस्थिति में 13 लोगों को दिया गया।


बुक लॉन्च करते हुए मुख्यातिथि व गणमान्य लोग।

डॉ. संजय श्रीवास्तव, एमडी, मानव रचना शिक्षण संस्थान और वीसी, MRIIRS ने मानव रचना उत्कृष्टता पुरस्कार 2022 का अवलोकन किया। उन्होंने हमारे दूरदर्शी संस्थापक का सपना बताते हुए कहा कि ये पुरस्कार हमारे संस्थापक के सपने का प्रमाण हैं और हर साल, इसमें नई श्रेणियां जोड़ी जा रही हैं। सभी को बधाई देते हुए, डॉ. प्रशांत भल्ला ने कहा, मानव रचना प्रतिष्ठित उत्कृष्टता पुरस्कारों की सहायता से हर साल ऐसे चैंपियंस की विनम्रता और विशिष्टता को सलाम करता है।

उत्कृष्टता पुरस्कार विभिन्न डोमेन से उपलब्धि हासिल करने वालों की सराहना करने के लिए शुरू किए गए थे जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में क्रांतिकारी परिवर्तन लाए हैं और अपनी एक प्रमुख पहचान बनाई है। पुरस्कार विजेताओं को प्रतिष्ठित एमआरईए 2022 प्रदान करने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए राजीव चंद्रसेखर ने कहा, अगले 25 साल भारत के युवाओं के होंगे और हमारी आर्थिक प्रगति, विस्तार और नवाचार का नेतृत्व युवाओं द्वारा किया जाएगा।

उन्होंने आगे कहा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2022 के बाद अब पूरा ध्यान छात्रों के संदर्भ में न केवल ज्ञान प्राप्त करने पर है, बल्कि योग्यता और कौशल प्राप्त करने पर भी है, बल्कि व्यावसायिक शिक्षा और कौशल को भी अब पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। और इससे हमें वैश्विक क्षेत्र में अपने युवाओं के उत्थान के अपने मिशन में सफल होने में मदद मिलेगी। इसके बाद प्रो. (डॉ.) अमित सेठ, प्रोफेसर, फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, एमआरआईआईआरएस और सीएस (डॉ.) मोनिका गोयल, प्रोफेसर, वाणिज्य संकाय, एमआरआईआईआरएस द्वारा लिखित किताब रियल लाइफ मैनेजमेंट केस स्टडीज : डेवलप्ड इन फैक्टुअल कन्वर्सेशन विद इंडस्ट्री लीडर्स का लॉन्च किया गया। इस प्रतिष्ठित मंच पर कई दिग्गजों को सम्मानित किया गया।

# सुरक्षा की दृष्टि से चलाया जांच अभियान

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**महत्वपूर्ण** स्थान, मॉल, होटल बैंक इत्यादि की जा रही चेकिंग के तहत तहत शनिवार को पुलिस लाईन सेक्टर-30 और प्रिसटीन मॉल के परिसर को सेक्टर-31 थाना प्रबंधक इंस्पेक्टर बलराज की टीम ने बम निरोधक दस्ते के इंचार्ज संजय कुमार और उसकी टीम ने चेकिंग की ।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि बम निरोधक दस्ता पुलिस टीम के साथ मिलकर शहर में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए फरीदाबाद में सर्च अभियान चलाया। इस दौरान बम निरोधक दस्ते ने पुलिस लाईन सेक्टर-30 और प्रिसटीन मॉल में सर्च अभियान चलाया है। बम निरोधक दस्ते द्वारा बम की तलाश करने पर मॉल के कर्मचारी एक बार तो सहम गए लेकिन जब उन्हें पता लगा कि यहां किसी तरह के बम होने की सूचना पर नहीं है केवल निरीक्षण किया जा रहा है। मॉल का पूर्ण निरीक्षण करके कर्मचारियों को आग लगने की परिस्थिती में कैसे लोगो को ए,बी,सी प्लानिंग के तहत कैसे सुरक्षित बाहर निकाला जा सकता है। मॉल कर्मचारी आग लगने या बम मिलने की स्थिति में कोर्ड वर्ड में बात करें ताकि लोग घबराए ना और उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला जा सके। मॉल में आग लग जाए या लाईट कॉट हो जाए तो बाहर निकलने के लिए रेडियम धातु से के सिम्बल बनाकर मॉल के रास्ते में लगाए। मॉल के सभी एरिया में निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगे होने चाहिए। सुरक्षा को दुरुस्त करने के लिए बम निरोधक दस्ते 24 घंटे पुलिस लाइन में तैनात रहते है। बम या विस्फोटक पदार्थ आदि के संबंध में अगर कोई सूचना मिलती है तो बम निरोधक दस्ता तुरंत मौके पर पहुंचेगा तथा कार्रवाई करेगा। इसके अतिरिक्त बम निरोधक दस्ता प्रतिदिन चेकिंग अभियान चलाएगा। जिसके तहत शहर में संवेदनशील व महत्वपूर्ण स्थानों की बारीकी से जांच की जाएगी। थाना प्रबंधक और बम डिस्पोजल टीम के प्रिस्टन मॉल के मैनेजर नरेंद्र भाटिया, सिनेमा हाल के मैनेजर शराफत व राजीव के साथ सुरक्षा को लेकर मीटिंग की।


सुरक्षा की दृष्टि से जांच करती टीम।

# मेंस्ट्रुअल हाईजीन के प्रति जागरुकता अभियान शुरू

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**आयुर्वेदिक** कैनबिस सेक्टर में भारत के पहले रिसर्च टु रिटेल वेंचर हेंपस्ट्रीट ने दिल्ली में गरीब तबके की महिलाओं और सेक्स वर्कर्स के बीच मेंस्ट्रुअल हाईजीन को लेकर जागरुकता अभियान शुरू किया है। इस अभियान को जॉइंट टार्गेट इनीशिएटिव एवं वीमेंस एक्शन ग्रुप चेल्सिया के सहयोग से लॉन्च किया गया है और इस उद्देश्य सभी के स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाना है। हेंपस्ट्रीट महिलाओं की काउंसिलिंग कर उनमें मेंस्ट्रुअल हेल्थ के प्रति जागरुकता ला रहा है।

2019 में अपनी शुरुआत से ही हेंपस्ट्रीट सक्रियता से महिलाओं के स्वास्थ्य को बेहतर करने की दिशा में काम कर रहा है। यह समाज के प्रति अपने दायित्व को पूरा करने की दिशा में अहम कदम है। अभियान के तहत हेंपस्ट्रीट डॉक्टरों की अगुवाई में विभिन्न कैंप आयोजित कर रहा है और हर कैंप में उसे क्षेत्र की 150 से ज्यादा महिलाएं हिस्सा ले रही हैं। 30 अप्रैल को एक सेमिनार एवं डॉ. प्रीति छाबड़ा एवं डॉ. पूजा कोहली द्वारा हेल्थ चेकअप कैंप के साथ इस अभियान को शुरू किया गया था। कैंप के बाद उसमें शामिल सभी महिलाओं को सैनिटरी पैड भी बांटे गए। दूसरा कैंप 5 मई को डॉ. आशिमा सरदाना के नेतृत्व में आयोजित किया गया।




जॉइंट टार्गेट इनीशिएटिव एक जॉइंट प्रोजेक्ट है। 2009 में शक्ति वाहिनी और इंडियन मेडिसिन डेवलपमेंट ट्रस्ट (आईएमडीटी) ने जीबी रोड स्थित सेक्स वर्कर्स के बीच एचआईवी, एड्स की रोकथाम के लक्ष्य के साथ इसकी शुरुआत की थी। जॉइंट टार्गेट इनीशिएटिव लोगों के बीच जागरूकता लाता है और एचआईवी टेस्ट करता है। वहीं वीमेंस एक्शन ग्रुप चेल्सिया दिल्ली का एक नॉन प्रॉफिट ऑर्गनाइजेशन है, जो हाशिए पर जी रहे लोगों के बीच बेहतर गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य एवं शिक्षा की सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में प्रयासरत है। यह संगठन इस क्षेत्र में 1992 से कार्यरत है।

इस पहल पर हेंपस्ट्रीट की एवीपी, कम्युनिटी एंड आउटरीच डॉ. पूजा कोहली ने कहा, 'मासिक धर्म को लेकर आज भी खुलकर चर्चा नहीं होती है। हाल के दिनों में कुछ बदलाव आया है, लेकिन अभी मात्र 36 प्रतिशत महिलाएं ही सैनिटरी नैपकिन का प्रयोग करती हैं। पिछड़े इलाकों की महिलाओं के मामले में यह औसत और भी कम है। 50 प्रतिशत से ज्यादा सेक्स वर्कर्स कपड़े का प्रयोग करती हैं, जिससे संक्रमण का डर रहता है। हम इससे स्वास्थ्य को होने वाले खतरों को लेकर जागरूक करने का प्रयास कर रहे हैं और सैनिटरी पैड बांटकर बदलाव की दिशा में काम कर रहे हैं।'

जॉइंट टार्गेट इनीशिएटिव की डॉ. नगमा ने कहा, 'जाकिर हुसैन कॉलेज के आसपास की सस्ती बस्तियों में अक्सर मेंस्ट्रुअल हाईजीन नहीं होने के कारण बीमारियों का खतरा रहता है।

# संक्षिप्त समाचार

## फर्जी कागजों से जमानत कराने वाले गिरोह का पर्दाफाश



**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच बदरपुर बॉर्डर प्रभारी इंस्पेक्टर सेठी मलिक की टीम ने फर्जी डाक्यूमेंट्स बनाकर कोर्ट के मुकदमों में जमानत दिलाने वाले तीन आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादियान ने बताया कि आरोपी जमशेद गांव मादलपुर धौज, संजय डबुआ कॉलोनी और मनीष संजय कॉलोनी का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने तीनों आरोपियों को गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर मुख्य सिपाही रविन्द्र को फर्जी डाक्यूमेंट्स बनवाने के लिए 5000 रुपये दिए और आरोपियों के पास भेज दिया आरोपियों ने पैसे लेकर आपस में बाट लिए। वकील ही सभी को जमानत का काम दिलाता था। पूछताछ में आरोपी जमशेद, मनीष व संजय नागर ने बताया कि वे वकील के कहने पर फरीदाबाद में फर्जी ID देकर फर्जी जमानत व फर्जी ड्राईवर बन कर एक्सीडेंट के केस के फर्जी क्लेम ले लेते थे। आरोपियों से मौके पर फर्जी आईडी और आरोपी जमशेद से 2250 रुपये, संजय से 1750 रुपये और आरोपी मनीष से 1610 रुपये बरामद हुए है। आरोपीयान को मामले की पूछताछ के लिए 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

## टैंट गोदाम में लगी आग, लाखों का सामान स्वाह

**फरीदाबाद।** सूरजकुंड थाना क्षेत्र में गांव अनंगपुर के पास टेंट गोदाम में शनिवार सुबह आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग से लाखों का सामान जलकर राख हो गया। इसमें किसी के झुलसने की सूचना नहीं है। आग की वजह शॉर्ट-सर्किट बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार आज सुबह 10 साढ़े बजे के करीब पूर्व सांसद अवतार सिंह भड़ाना के पैतृक गांव अनंगपुर में उनके निवास से कुछ दूरी पर अरावली पर्वत माला के समीप एक टैंट गोदाम में आग लग गई। आग लगने से आसपास के लोगों में अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। कुछ ही देर बाद थाना सूरजकुंड पुलिस व फायर ब्रिगेड की आठ गाड़ियों ने करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि सुबह करीब साढ़े 10 बजे टेंट गोदाम में आग लगने की सूचना मिली थी। आग की लपटों से उठ रहा घुआं दो किलोमीटर से दिखाई दे रहा था। आग से पूरा गोदाम जलकर राख हो गया।

## हरियाणा में बनेगी आम आदमी पार्टी की सरकार : भड़ाना

**फरीदाबाद।** जिला कार्यालय पर पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना के नेतृत्व में वार्ड नंबर 2 से एडवोकेट सिकंदर शर्मा एवं मनीष शर्मा की अध्यक्षता में भरत, गिर्राज, ब्रह्म सिंह, गोपी, बलवीर, दुर्गेश, रमेश, योगेश एवं दर्जन साथियों ने आम आदमी पार्टी का दामन थामा। सभी साथियों को जिला महासचिव भीम यादव, साउथ जोन महिला अध्यक्ष मंजू गुप्ता, साउथ जोन सचिव बृजेश नागर एवं रमा तिवारी ने सभी लोगों को टोपी एवं पार्टी का पटका पहनाकर पार्टी में सभी का स्वागत किया। आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के दिल्ली मॉडल से दिल्ली ही नहीं बल्कि पूरे देश की जनता प्रभावित हैं और हमें उम्मीद ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि आने वाली सरकार हरियाणा में आम आदमी पार्टी की होगी। जिस प्रकार से बिजली, पानी, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाएं दिल्ली में दी जा रही हैं, उसी तर्ज पर हरियाणा की जनता को भी सभी सुविधाएं मिलनी चाहिए। जिस प्रकार हरियाणा के प्रभारी डॉ. सुशील गुप्ता पार्टी के विस्तार एवं संगठन की मजबूती के लिए कड़े प्रयास कर रहे हैं, वह जरूर रंग लाएंगे।

## शेयर बाजार का तकनीकी पर व्याख्यान का आयोजन

**फरीदाबाद।** डीएवी शताब्दी कॉलेज में कार्यवाहक प्राधानाचार्या डॉ.सविता भगत के मार्गदर्शन में चल रही एलुमनस द्वारा व्याख्यान श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए पीजी कॉमर्स विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. रुचि अरोड़ा के निर्देशन में लेक्चर-6 का आयोजन किया गया जिसकी कनवीनर डॉ.इमराना खान एवं रजनी टुटेजा थी। मुख्य वक्ता के रुप में एम.कॉम एलुमनस श्री अंशुल सुदर्शन को आंमत्रित किया गया था जो वर्तमान समय में ए.थ्री डी कैपिटल कंपनी में वैल्थ मैनेजमेंट एसोसिएट के पद पर कार्यरत है। व्याख्यान का मुख्य विषय था तकनीकी विश्लेषण के आधार पर स्टॉक्स का चुनाव किस प्रकार किया जाना चाहिए। अंशुल ने स्टॉक्स के विश्लेषण के लिए उपयोग में आने वाली आधारभूत सांकेतिक रणनीतियों तथा पेर्टनो पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि किस प्रकार इन तकनीकों का प्रयोग करके शेयर बाजार की भविष्य की कीमतों के परिवर्तनों का पूर्वानुमान लगाया जा सकता है तथा ये सूचनाये निवेशकों का प्रदान कर उनकी निवेशित पूँजी को बढ़ाया जा सकता है उन्होंने विभिन्न लाभकारी पेटर्नो जैसे कैंडिलस्टिक पेटर्न के विषय में महत्वपूर्ण ज्ञान से छात्रों को अवगत कराया और समकालीन ऑनलाइन व्यापर की एंट्री तथा एक्जिट गतिविधियों से संबंधित व्यावहारिक ज्ञान से छात्रों को लाभन्वित किया। बीकॉम विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना भाटिया ने भी शेयर मार्किट से संबंधित व्यावहारिक तथ्य छात्रों के साथ सांझा किये तथा छात्रों के एवं श्री अंशुल के सुखद भविष्य के लिए शुभकामनायें दी।

## गन पॉइंट पर लूट करने वाला गिरफ्तार




**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर 65 प्रभारी सब इंस्पेक्टर ब्रह्म प्रकाश की टीम ने गन पॉइंट पर लूट करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी कैप्टन फरीदाबाद के गांव सागरपुर का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर आरोपी को सेक्टर 12 से थाना आदर्श नगर के वैगनआर गाड़ी लूट के मामले में गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी नशा करने का आदी है नशे की पूर्ति के लिए लूट की वारदातों को अंजाम देता है। आरोपी ने वर्ष 2020 में बाईपास रोड गांव शाहपुरा के नजदीक एक वैगनआर गाड़ी को अपने साथी गौरव और कपूर के साथ मिलकर मोटरसाइकिल को गाड़ी के आगे लगाकर गन पॉइंट पर लूट की वारदात को अंजाम दिया था। जिसका मुकदमा थाना आदर्श नगर में दर्ज है। आरोपी किसी काम से सेक्टर 12 में आया था। आरोपी से मौके पर ही थाना सूरजकुंड की चोरी की बाइक सहित काबू कर लिया था। आरोपी ने बाइक को वर्ष 2018 में थाना सूरजकुंड के एरिया से चोरी किया था। आरोपी से पता चला कि आरोपी ने एक लूट की वारदात को पलवल में भी अंजाम दिया है। क्राइम ब्रांच टीम ने पलवल पुलिस को आरोपी के बारे में सूचित किया है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने पूछताछ के लिए एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया था। पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेज दिया। आरोपी के दो अन्य साथी गौरव और कपूर को पहले ही गिरफ्तार कर आरोपियों से लूटी गई वैगनआर कार और देसी कट्टा बरामद किया जा चुका है।

## साईंधाम में वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन

**फरीदाबाद।** सेक्टर-86 स्थित शिरडी साईं बाबा टैंम्पल सोसायटी में बीके हॉस्पिटल के सिविल सर्जन फरीदाबाद के सहयोग से तथा खेड़ी की मेडिकल टीम द्वारा कोविड 19 टीकाकरण कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में सोशल डिस्टेंस का ध्यान रखते हुए लोगों के बैठने की उचित व्यवस्था की गई थी। 12 प्लस, 15 प्लस और 18 प्लस से अधिक की आयु वर्ग को वैक्सीन लगाया गया। जिसमें कोरबीवैक्स, कोवेक्सीन और कोविशिल्ड वैक्सीन लगाई गई। इसमें कुल 142 लोगों कोविड-19 का टीका लगया गया। मेडिकल टीम ने टीकाकरण के प्रबंध की सराहना की और टीका लगवाने जो व्यक्ति आये उनकी भी अच्छे से देखभाल की गई। सभी का नंबर से टीकाकरण किया गया। उनके बैठने की उचित व्यवस्था की गई। शिरडी साईं बाबा टैम्पल सोसाइटी के अध्यक्ष डा. मोतीलाल गुप्ता ने कहा कि साईं धाम हमेशा से ही सामाजिक और धार्मिक कार्य में आगे रहता है। संस्था कोविड वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन समय-समय पर करता रहा है। कोविड वैक्सीनषन हर षनिवार साईं धाम सेक्टर 86 में लगया जाता है। लोगों से अनुरोध है कि वे इस कैंप का लाभ उठाएं।

## मोदी के नेपाल दौरे को लेकर सुरक्षा एहतियात

# सीमा पर कड़ी चौकसी

**भाषा।** महाराजगंज (उप्र),



**बुद्ध पूर्णिमा** के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेपाल के लुंबिनी दौरे से पहले उत्तर प्रदेश पुलिस और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने भारत-नेपाल सीमा पर चौकसी तेज कर दी है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने कहा कि मुख्य रूप से रात में होने वाली घुसपैठ को रोकने के लिए निगरानी की जा रही है। नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 16 मई को लुंबिनी की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे। 2014 के बाद से प्रधानमंत्री मोदी की यह पांचवीं नेपाल यात्रा होगी। गोरखपुर सेक्टर के उप महानिरीक्षक (डीआईजी) सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) मंजीत सिंह पड्डा ने बताया कि इलाके में आतंकवादियों की किसी भी गतिविधि को रोकने के लिए सुरक्षा एजेंसियों को सीमा पार करने से पहले लोगों की पहचान करने के लिए कहा गया है। उन्होंने बताया कि नेपाल जाने वाले मुख्य मार्गों के अलावा एसएसबी चौकी पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। एसएसबी के नशीले पदार्थों, हथियारों और महिलाओं की तस्करी रोधी शाखा के प्रशिक्षित श्वान दस्ते को भी तैनात किया गया है। नेपाल सीमा पर मुख्य चेकपोस्ट सोनौली और ठुठिबाड़ी में मेटल डिटेक्टर और बैगेज स्कैनर लगाए गए हैं।उन्होंने बताया कि एसएसबी ने मुख्य रूप से रात में होने वाली घुसपैठ को रोकने के लिए सीमा पर चौकसी तेज कर दी है और कर्मियों को पूरे सीमा क्षेत्र में गश्त के दौरान 24 घंटे सतर्क रहने को कहा गया है। खुफिया इकाइयों को सीमा से लगे धार्मिक स्थलों पर भी नजर रखने को कहा गया है।पड्डा ने बताया कि सशस्त्र सीमा बल और नेपाल के साथ सीमा साझा करने वाले महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर और बलरामपुर जिलों में पुलिस को अलर्ट पर रखा गया है। उत्तर प्रदेश नेपाल के साथ 599.3 किलोमीटर लंबी खुली सीमा साझा करता है, जो सात जिलों पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थ नगर और महाराजगंज से सटी है।

## पीएसए के तहत निरुद्ध 44 बंदियों को जम्मू से नैनी जेल लाया गया

**प्रयागराज, भाषा**

**जम्मू- कश्मीर** में जन सुरक्षा कानून (पीएसए) के तहत निरुद्ध 44 बंदियों को भारी सुरक्षा के बीच शनिवार को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज स्थित नैनी सेंट्रल जेल स्थानांतरित किया गया।

अपर पुलिस महानिदेशक प्रेम प्रकाश ने बताया, जम्मू जेल से 44 बंदियों को आज नैनी सेंट्रल जेल लाया गया। इन्हें विशेष विमान से जम्मू पुलिस के जवानों द्वारा यहां लाया गया। स्थानांतरण की इस प्रक्रिया में प्रयागराज पुलिस के कर्मी भी तैनात थे।

उन्होंने बताया कि यहां वरिष्ठ जेल अधीक्षक की उपस्थिति में इन बंदियों को जेल में प्रवेश करा दिया गया है और बाकी औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं तथा कैदियों को एक जगह से दूसरी जगह भेजा जाना एक सामान्य प्रक्रिया है।वरिष्ठ जेल अधीक्षक पीएन पांडेय ने बताया कि जम्मू से लाए गए कैदी वहां के पीएसए के तहत निरुद्ध हैं।



शनिवार को भीषण गर्मी में भी ताज का दीदार करने वालों की भीड़ उमड़ी और परिसर गुलजार रहा

## पीलीभीत में कमरे में मिला उप जेलर का शव

**पीलीभीत (उप्र)।** उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में जिला कारागार में तैनात उप जेलर का शव उनके आवास से बरामद किया गया है। जेल प्रशासन ने शनिवार को यह जानकारी दी। जानकारी के अनुसार उप जेलर उदय राज पटेल (51) का शव उनके कमरे से बरामद किया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जेल अधीक्षक शशि भूषण सिंह ने पत्रकारों को बताया कि जौनपुर निवासी उप जेलर उदय राज सिंह शुक्रवार को दोपहर दो बजे ड्यूटी कर अपने कमरे पर चले गए थे। उन्होंने बताया कि शाम को जब जेल नहीं पहुंचे तब उनके आवास पर जाकर देखा गया तो वे अपने कमरे में पड़े थे, इसके तत्काल बाद उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों के मुताबिक उनकी मौत दिल का दौरा पड़ने से हो गई। जेल अधिकारी ने बताया कि उप जेलर अकेले ही यहां रहते थे और उनका परिवार जौनपुर में रहता था, शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## गोवंश को पर्याप्त मात्रा में भूसा न देने पर ग्राम प्रधान और अधिकारी के खिलाफ मामला दर्ज

**अमेठी (यूपी)।** उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले के संग्रामपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत चंडेरिया में गो आश्रय स्थल में मौजूद गोवंशों के लिए पर्याप्त मात्रा में भूसे की उपलब्धता न होने पर जिलाधिकारी के निर्देश पर सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) और ग्राम प्रधान के खिलाफ पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।अधिकारियों द्वारा गौशाला के निरीक्षण के दौरान गायों की तुलना में भूसे की कमी और अन्य विसंगतियां पाए जाने के एक दिन बाद शनिवार को यह मामला दर्ज किया गया। जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने बताया कि विकासखंड संग्रामपुर की ग्राम पंचायत चंडेरिया के गो आश्रय स्थल का नोडल अधिकारी नरेंद्र कुमार पांडेय द्वारा शुक्रवार को औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान पाया गया कि गो आश्रय स्थल में मौजूद 24 गोवंश के सापेक्ष उनको खिलाने के लिए मात्र 50 किलोग्राम भूसा उपलब्ध था जो कि बहुत ही कम है। जिलाधिकारी के निर्देश पर दीनदयाल दुबे, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) विकासखंड संग्रामपुर तथा संबंधित ग्राम प्रधान मोहम्मद तुफैल ग्राम पंचायत चंडेरिया के विरुद्ध संग्रामपुर थाने में पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कराया गया। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी जेपी सिंह समेत संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस भी जारी करने के निर्देश दिए।

## अध्यापिका से बलात्कार कर वीडियो बनाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में एक सरकारी स्कूल की अध्यापिका से कथित रूप से बलात्कार कर उसका वीडियो बनाने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पीड़ित महिला की शिकायत पर आरोपी युवक (दूसरे धर्म के) समेत पांच लोगों के विरुद्ध दुराचार, विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन समेत अन्य धाराओं में बृहस्पतिवार देर रात मामला दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक नगर संजय कुमार ने शनिवार को बताया की पुलिस ने आरोपी आमिर को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने पीड़िता द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के हवाले से बताया कि थाना कांठ क्षेत्र के एक प्राथमिक विद्यालय की 28 वर्षीय शिक्षिका चार मई को जब अपने घर जा रही थी, तभी बरेन्डा गांव के रहने वाले आरोपी आमिर ने उसे उसके घर छोड़ने की पेशकश की।

## शादी का प्रस्ताव ठुकराए जाने से क्षुब्ध युवक ने आत्मदाह किया

**गोंडा।** जिले के मोतीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवक ने युवती द्वारा शादी का प्रस्ताव ठुकराए जाने के बाद पेट्रोल छिड़ककर खुद को आग लग लगी। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि युवक को बचाने के चक्कर में युवती और उसके माता-पिता व भाई भी जल गए। अधिकारियों के मुताबिक, जिला अस्पताल में इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई, जबकि युवती और उसके परिजनों की हालत स्थिर बताई जा रही है। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सदर) लक्ष्मीकांत गौतम ने बताया कि फर्रुखाबाद जिले के सलीमपुर अटासा का रहने वाला विमल किशोर (25) लखनऊ के ट्रांसपोर्ट नगर में इलेक्ट्रीशियन का काम करता था। उसके साथ गोंडा जिले का महेश भी रहता था। गौतम के अनुसार, विमल और महेश गहरी दोस्ती होने के कारण एक-दूसरे के घर आया-जाया करते थे। उन्होंने बताया कि इस बीच, विमल को महेश की छोटी बहन से प्यार हो गया और वह उससे बातचीत करने लगा। गौतम के मुताबिक, विमल शुक्रवार को महेश के साथ उसके घर पहुंचा था और जब रात का खाना खाने के बाद लड़की के सामने शादी का प्रस्ताव रखा तो उसने मना कर दिया। उन्होंने बताया कि लड़की के इनकार से क्षुब्ध होकर विमल ने अपने उपर पेट्रोल छिड़का और खुद को आग लगा ली। गौतम के अनुसार, लड़की के परिजनो ने आग बुझाने का प्रयास किया, जिसमे महेश और उसकी मां गंभीर रूप से, जबकि उसके पिता व बहन आंशिक रूप से जल गए।

# भदोही में विधायक की हत्या कराकर उपचुनाव की योजना का वीडियो वायरल, दो हिरासत में

**भाषा।** भदोही

**उत्तर प्रदेश के** भदोही जिले की ज्ञानपुर विधानसभा सीट से सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के सहयोगी निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल (निषाद) के विधायक विपुल दुबे की कथित तौर पर हत्या कराकर इस क्षेत्र से उपचुनाव कराने की योजना का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने शनिवार को दो लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार जिले में सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो का संज्ञान लिया गया जिसमें चार लोग ज्ञानपुर विधानसभा की बातचीत कर रहे हैं। भदोही पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अनिल कुमार ने बताया कि वायरल वीडियो में दिखाई दे रहे लोग सुपारी देकर एक व्यक्ति से ज्ञानपुर के विधायक विपुल दुबे की हत्या की योजना बना रहे हैं। उन्होंने बताया कि वीडियो में यह कहा जा रहा है कि इस सीट पर पुन: चुनाव हो जाएगा जिससे मनमाफिक विधायक बन सकेगा।

कुमार ने बताया कि इस मामले का संज्ञान लेकर वीडियो में दिख रहे सोनू तिवारी और सद्दाम नाम के दो व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है। उन्होंने बताया कि दोनों ज्ञानपुर क्षेत्र के निवासी हैं। उन्होंने बताया कि यह वीडियो किसी के घर में विधायक को रास्ते से हटाने और पुन: चुनाव की बात करने का है जिसमें पैसे को लेकर एक महिला की भी आवाज़ सुनाई दे रही है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि हिरासत में लिए गए व्यक्तियों से पूछताछ के साथ मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है और वह खुद इसकी निगरानी कर रहे हैं।ज्ञानपुर के निषाद पार्टी से विधायक विपुल दूबे ने कहा कि बीस साल तक इस विधान सभा में मारकाट होती रही है। उन्होंने बिना किसी का नाम लिए कहा कि जो व्यक्ति इस बार सफल नहीं हो सका जिसे जनता ने ख़ारिज कर दिया, ऐसे लोगों को योगी सरकार में ठीक कर दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि ज्ञानपुर विधानसभा क्षेत्र से तीन बार समाजवादी पार्टी के और एक बार निषाद पार्टी से कुल चार बार विधायक रहे विजय मिश्रा इस बार विधानसभा चुनाव में तीसरे स्थान पर थे। वह अपने एक रिश्तेदार कृष्ण मोहन तिवारी की संपत्ति हड़पने, उनकी फर्म पर पर कब्ज़ा करने और वाराणसी की एक गायिका से बलात्कार सहित कई मामलों में दो साल से आगरा की जेल में बंद हैं।

## फैक्ट्री में टैंक की सफाई करने उतरे दो मजदूरों की मौत

**उन्नाव (उप्र)।** उत्तर प्रदेश के उन्नाव के सदर कोतवाली इलाके के औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक फैक्ट्री में शनिवार दोपहर टैंक सफाई करने वाले दो मजदूरों की जहरीली गैस की चपेट में आने से मौत का मामला सामने आया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार अकरमपुर औद्योगिक क्षेत्र स्थित एसीआई फैक्ट्री में शनिवार दोपहर टैंक सफाई करने वाले दो मजदूर जहरीली गैस की चपेट में आने से बेहोश हो गए। उन्होंने बताया कि मजदूरों को बेहोश देख फैक्ट्री प्रबंधन ने उन्हें तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित किए जाने के बाद अस्पताल लेकर गए फैक्ट्रीकर्मी शवों को अस्पताल में छोड़कर भाग गए। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) आशुतोष कुमार ने बताया कि अकरमपुर स्थिति एसीआई फैक्ट्री में दो मजदूरों की मौत की शनिवार दोपहर सूचना मिली।

# फतेहपुर में 25 लाख की शराब की गई बरामद, दो तस्कर चढ़े पुलिस के हत्थे

**भाषा।** फतेहपुर (उप्र)

**उत्तर प्रदेश के** फतेहपुर जिले के मलवां थाना की पुलिस और विशेष कार्यबल (एसटीएफ) की संयुक्त टीम ने शनिवार को वाहन जांच में एक डीसीएम (छोटे ट्रक) से हरियाणा प्रांत से तस्करी कर ले जाई जा रही करीब 25 लाख रुपए कीमत की अवैध शराब बरामद कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी।

नगर क्षेत्र के पुलिस उपाधीक्षक (सीओ) दिनेशचंद्र मिश्रा ने बताया कि शनिवार को मलवां थाना पुलिस कोटिया मोड़ के समीप वाहन जांच कर रही थी, तभी प्रयागराज की विशेष कार्यबल (एसटीएफ) की टीम भी मौके पर पहुंची और मुखबिर की सूचना पर वाहन जांच के दौरान एक डीसीएम को रोक कर तलाशी ली, जिससे पुलिस ने भारी मात्रा में हरियाणा प्रांत की विभिन्न ब्रांडों की शराब बरामद करने के साथ दो लोगों को गिरफ़्तार कर लिया।उन्होंने बताया कि पकड़े गए तस्करों ने अपने नाम वंशी कुमार उर्फ डोलू एवं धर्मवीर उर्फ सोनू बताया। उन्होंने बताया कि दोनों हरियाणा के सोनीपत जिले के रहने वाले हैं। पुलिस ने दोनो तस्करों को विधिक प्रक्रिया पूरी कर जेल भेज दिया।सीओ ने बताया कि बरामद शराब में अलग-अलग ब्रांडों की अवैध अंग्रेजी शराब 3,180 बोतल व बियर के 384 कैन कुल 1241 लीटर शराब बरामद की गई है। उन्होने बताया कि बरामद शराब की कीमत करीब 25 लाख रुपए बताई जा रही है। सीओ ने बताया कि तस्करी में शामिल चार अन्य फरार लोगों की तलाश की जा रही है।

# पीलीभीत में कर्ज से परेशान किसान ने गोली मारकर कर ली आत्महत्या

**भाषा।** पीलीभीत

- पत्नी के मुताबिक ओमप्रकाश ने बैंक से करीब डेढ़ लाख रुपए का कर्ज लिया था

**उत्तर प्रदेश** के पीलीभीत के बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में कथित रूप से कर्ज से परेशान एक किसान ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव शाहबाजपुर में कथित तौर पर कर्ज से परेशान किसान ओमप्रकाश (35) ने शनिवार को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि सुबह जब ग्रामीण खेत पर काम करने जा रहे थे तो लहूलुहान अवस्था में ओमप्रकाश का शव खेत के चकरोड़ पर पड़ा था, मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। किसान की पत्नी ममता के हवाले से पुलिस ने बताया कि आवारा पशुओं से खेत की देखभाल करने के लिए ओमप्रकाश रात्रि में खेत पर ही सोता था। उन्होंने बताया कि रोज की तरह शुक्रवार रात्रि आठ बजे खेत पर वह गया लेकिन सुबह उसका शव मिला। पत्नी के मुताबिक ओमप्रकाश ने बैंक से करीब डेढ़ लाख रुपए का कर्ज लिया था और इसके अलावा पांच प्रतिशत ब्याज पर सूदखोरों से भी पैसा ले रखा था। ममता का दावा है कि कर्ज से परेशान होकर ओमप्रकाश ने आत्महत्या कर ली।बीसलपुर प्रभारी कोतवाल नरेश त्यागी ने पत्रकारों को बताया कि किसान के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। उप जिलाधिकारी ऋषि कांत राजवंशी ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश पर उन्होंने मामले की जांच शुरू कर दी है। किसान की जेब से 315 बोर के कारतूस भी बरामद हुए हैं।

## अतिक्रमण हटाए जाने के दौरान घायल व्यक्ति की मौत, मामला दर्ज

**बुलंदशहर (उप्र)।** जिले के कोतवाली देहात इलाके में अतिक्रमण विरोधी अभियान में घायल एक व्यक्ति की अस्पताल में मौत हो जाने के बाद पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ लापरवाही के चलते हुई मौत के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने यह जानकारी दी। मामले में पुलिस में दर्ज शिकायत के अनुसार स्थानीय नगर पालिका के आदेश पर स्थानीय ठेकेदार मोहित चौधरी और अन्य दो मई को अतिक्रमण हटाने पहुंचे। कोतवाली देहात इलाके के आवास विकास द्वितीय के अंतर्गत टाडा की झोपड़ी के रहने वाले गोपाल द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के मुताबिक दो मई को दोपहर तीन बजे मोहित और अन्य लोग टाडा की झोपड़ी में बुलडोजर लेकर पहुंचे और गोपाल के बहनोई रोहताश और दूसरे लोगों के मकान तोड़ने लगे।

# कार और जीप की टक्कर में तीन की मौत

**भाषा।** बहराइच

**उत्तर प्रदेश के** बहराइच जिले की नानपारा कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊजा रही कार की सामने से आ रही एक जीप से टक्कर हो गई, जिससे इस घटना में कार सवार तीन लोगों की मौत हो गई जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए। नानपारा थाना प्रभारी भानु प्रताप सिंह ने शनिवार को बताया कि शुक्रवाराशनिवार की दरम्यानी रात मोतीपुर थाने के आसपास रहने वाले पांच लोग कार में सवार होकर लखनऊजा रहे थे। उन्होंने बताया कि रात करीब एक बजे नानपारा थानांतर्गत मिर्हीपुरवा- नानपारा मार्ग पर सामने से आ रही स्कार्पियो जीप व उनकी कार की टक्कर हो गई। उन्होंने कहा कि इस हादसे में कार सवार तीरथ राम (38), हरदेव (22) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि कार सवार तीन अन्य लोगों को घायल अवस्था में बहराइच मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां विनोद कुमार (28) की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। गंभीर रूप से घायल चंद्रशेखर व रामू का इलाज अस्पताल में कराया जा रहा है। थाना प्रभारी ने बताया कि स्कार्पियो जीप को घटनास्थल पर छोड़कर जीप चालक फरार हो गया है।

## गोंडा में हादसे में युवक की जान गई

**गोंडा।** उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले के धानेपुर थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई और उसके परिवार के पांच अन्य लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार धानेपुर थाना क्षेत्र के रेतवागाड़ा खास निवासी मोहम्मद रईस (28) अपनी पत्नी, बच्चों व परिवार के अन्य सदस्यों के साथ शुक्रवार की रात एक कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहा था। पुलिस ने बताया कि इसी दौरान गोंडा-उतरौला मुख्य मार्ग पर एक गांव के पास पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार चौपहिया वाहन ने उन्हें रौंद दिया। उन्होंने बताया कि हादसे में घायल हुए लोगों को उपचार के लिए जिला मुख्यालय लाया जा रहा था कि गंभीर रूप से जख्मी रईस ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि इस दुर्घटना में रईस की पत्नी फातिमा, बेटियां मुस्कान व माहिरा, बेटा आमिर व छोटे भाई की पत्नी अलीमुन्निशां भी घायल हो गई। उन्होंने बताया कि सभी घायलों का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि शव का पंचनामा करवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। उन्होंने बताया कि अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अभियोग दर्ज कर तलाश की जा रही है।

# चिकित्सा अधीक्षक ने वार्ड देखे और परखीं व्यवस्थाएं

- संयुक्त जिला अस्पताल की साफ सफाई मुकम्मल करने को लेकर दिया निर्देश
- स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही पर दी सख्त चेतावनी , मरीजों से दवा समेत अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं की ली जानकारी

**संवाददाता।** मऊ



**जिला** अस्पताल के वरिष्ठ दंत रोग विशेषज्ञ डॉण् सीपी आर्या ने चिकित्सा अधीक्षक का पदभार ग्रहण करने के उपरांत सौ बेड जिला संयुक्त चिकित्सालय के विभिन्न वार्डों का गहनता के साथ औचक निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण के दौरान चिकित्सा अधीक्षक ने अस्पताल में मुकम्मल साफसफाई को लेकर स्वास्थ्य कर्मियों को सख्त दिशा निर्देश दिया। साथ ही साथ वार्डों में भर्ती मरीजों को दवा समेत अन्य सभी चिकित्सकीय सुविधाएं सही तरीके से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। चेताया कि शासन की मंशा के अनुरुप स्वास्थ्य सुविधाओं में लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।जिला अस्पताल के वरिष्ठ दंत रोग विशेषज्ञ डॉण् सीपी आर्या को स्वास्थ्य विभाग द्वारा चिकित्सा अधीक्षक का पदभार हस्तान्तरित किया गया है। जिला अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक का पदभार ग्रहण करने के बाद डॉण् आर्या ने जिला अस्पताल में चिकित्सकीय सुविधा मुकम्मल करने को लेकर ठोस कवायद करना शुरु कर दिया है। इस क्रम में चिकित्सा अधीक्षक डॉण् सीपी आर्या ने सौ बेड के जिला संयुक्त चिकित्सालय के सभी वार्डों का औचक निरीक्षण किया। इस क्रम में चिकित्सा अधीक्षक डॉण् सीपी आर्या ने सौ बेड के जिला औचक निरीक्षण के दौरान चिकित्सा अधीक्षक ने सबसे पहले जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती मरीजों से मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में गहनता के साथ जानकारी हासिल किया। साथ ही साथ उन्होंने नर्सों के ड्यूटी चार्ट व रजिस्टर की भी जांच.पड़ताल किया। नर्सों की उपस्थिति रजिस्टर में ड्यूटी में तैनात सभी नर्स उपस्थित पाई गईं। चिकित्सा अधीक्षक ने ड्यूटी पर तैनात वार्ड व्यायए स्वीपर समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को अस्पताल के सभी वार्डों की मुकम्मल साफसफाई का सख्त निर्देश दिया। चेताया कि शासन के मंशा के अनुरुप स्वास्थ्य सेवाओं की अनदेखी को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लापरवाही करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान मुख्य रुप से हेल्प डेस्क मैनेजर राम प्रवेश यादवए मैट्रन ज्ञानमती देवीए सफाई सुपरवाइजर दिनेश कुमार आदि स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### ईएमओ व रेडियोलाजिस्ट के लिए चल रही कवायद

**मऊ।** जिला संयुक्त चिकित्सालय में रिक्त पड़े छह आकिस्मक चिकित्साधिकारी ;ईएमओद्ध एवं रेडियोलाजिस्ट का पद काफी दिनों से रिक्त होने के कारण मरीजों व तीमारदारों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। मरीजों व तीमारदारों की समस्या के बाबत चिकित्सा अधीक्षक डॉण् सीपी आर्या ने ठोस कवायद करना शुरु कर दिया है। उन्होंने विभाग के उच्चाधिकारियों को समस्या से अवगत कराने के साथ ही घोसी विधान सभा के पूर्व विधायक विजय राजभर से भी वार्ता किया। पूर्व विधायक विजय राजभर ने आश्वासन दिया कि जल्द ही मुख्यमंत्री से मिलकर जिला अस्पताल में रिक्त पड़े पदों पर भर्ती कराया जाएगा।

## जल जीवन मिशन से पानी की गुणवत्ता जांचने की पहल

**वाराणसी।** भदोही के लोगों को स्थायी तौर पर सुरक्षित पानी लगातार सुलभ कराना चुनौती रही है। लोग हमेशा से गांवों में जगह.जगह लगे हैंडपंप से पानी लेने के लिए विवश हैं जबकि यह पानी दूषित और पीने के लिए असुरक्षित है। इससे पूरे शहर के सैकड़ों लोगों का स्वास्थ्य खतरे में है। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए वाटरएड इंडिया ने इस समस्या को सुलझाने की एक कारगर पहल की। इसके तहत स्थानीय महिलाओं को पानी की गुणवत्ता पर निगरानी रखने में सक्षम बनाया और फिर शहर और आसपास के गांवों में इसके बारे में जागरूकता बढ़ाने का भी प्रयास किया।वाटर येड इंडिया ने भदोही के ग्रामीण और वंचित लोगों के सामने आने वाली चुनौतियों को स्वीकार कियाए जो स्वच्छ और टिकाऊ पानी तक पहुंचने के लिए संघर्ष कर रहे थे। यह शुद्ध पेयजल की मांग को पूरा करने के लिए नए तरीके खोजने के लिए प्रतिबद्ध है।

## तांत्रिक की शरण



अपना जलवा वापस पाने के लिए योगी सरकार में मंत्री रहे एक नेता जी इन दिनों तांत्रिक बाबा की शरण में हैं। उन्होंने तांत्रिक बाबा की निगरानी में विशेष अनुष्ठान भी शुरू कर दिया है। नब्बे दिनों के इस अनुष्ठान में उन्हे न तो बाल कटवाने हैं और न पत्नी के अलावा किसी गैर महिला के हाथ का बना भोजन करना है। योगी सरकार की दूसरी पारी में सत्ता से बाहर हुए इस नेता को भरोसा है कि उनका जलवा फिर लौटेगा। वैसे दो जलवा वापसी के लिए चल रहे अनुष्ठान की बात को नेता जी ने बहुत गुप्त रखा है लेकिन सिर के बाल बढ़ने से किसी अनुष्ठान में लगने का आभास उनके करीबियों को हो गया है। मंत्री जी के पूर्व पीएस तो खुलेआम कर रहे है कि बस अनुष्ठान पूरा होने दें, सब कुछ पहले जैसा हो जाएगा। यह नेता जब सरकार में मंत्री थे तब भी तांत्रिक टीका लगाते थे और खुद कहते थे कि टीका लगाने से सामने वाला सम्मोहित हो जाता है। खैर जो भी हो लेकिन अब देखना यह है कि तांत्रिक अनुष्ठान से नेता जी का पुराना जलवा लौटता है या नहीं। हालांकि मंत्री के विरोधी दबी जुबान कहते है कि बाबा जी पर किसी अनुष्ठान का असर होने वाला नहीं।

## राकेट हुआ धाराशायी

खाकी महकमे में अगर वायरलेस की कोड भाषा की बात करें तो मुखिया को राकेट के नाम से संबोधित किया जाता है। इधर काफी समय से भगवा सरकार के बड़े महाराज की भृकुटि कुछ टेढ़ी चल रही थी। इस बात का आभास राकेट को भी था लेकिन न जाने वह किस अदृश्य शक्ति के भरोसे वह लम्बी-लम्बी उड़ान भर रहे थे। आखिरकार जिस बात की आशंका थी वही हुआ और राकेट धाराशायी हो गया। महकमे के लोगों का कहना है कि यह तो वही हुआ कि 'जाना था चीन और पहुंच गए जापान।' दरअसल राकेट महोदय पहले भी केंद्र में प्रतिनियुक्ति पर तैनात रह चुके हैं। पहले उनका इन्पैनलमेंट एडीजी पद के लिए था लेकिन पिछले ही साल केंद्र में डीजी पद के लिए उनका इन्पैनलमेंट हो गया था। इधर बड़े महाराज की नाराजगी को महसूस करके वह अंदर खाने से इस प्रयास में लगे थे कि उन्हें वापस केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर भेज दिया जाए लेकिन होनी को कुछ और मंजूर था सल्तनत ने उनके ऊपर निकम्मेपन के आरोप लगाकर उन्हें पद से हटाकर साइड लाइन कर दिया। आरोप भी ऐसे लगाए गए हैं कि अब दोबारा प्रतिनियुक्ति पर तैनाती मिलना उनके लिए दूर की कौड़ी दिखाई पड़ रहा है।




## विकास की गंगा

यूं तो हर कोई अक्सर यह कहते-सुनते दिखाई पड़ जाता है कि प्रदेश में भगवा सरकार के कार्यकाल में विकास की गंगा बह रही है लेकिन जब यही विकास की गंगा विधानभवन में बहने लगे तो हर कोई इस पर सवाल खड़ा करने लगता है। बात ही कुछ ऐसी है। नई सरकार के गठन के बाद विधानभवन में स्थित मंत्रियों के कमरों में इस समय विकास की गंगा बह रही है। कमरे की फर्श, कुर्सी, सोफा, पर्दा, वाल पेंटिंग, लाईटिंग हर चीज बदली जा रही है। यहां तक कि विधानसभा मंडप की गैलरी जिसमें लाखों रुपए खर्च किए गए थे उसे तोड़कर फिर बनाया जा रहा है। यही नहीं इस मंडप की गैलरी के बगल स्थित अध्यक्ष जी का कमरा भी नए रंग रोगन में तैयार हो गया है यहां पर भी तोड़-फोड़कर सब कुछ नया कर दिया गया है। इस काम में जुटे एक विभाग के मरम्मत कार्य में लगे एक अभियंता की भी खूब चर्चा है कि वह लंबे समय से इस विधान भवन में विकास की गंगा बहा रहे हैं और माननीयों को खुश कर रहे हैं। तभी तो वह यहां लंबे समय से टिके हुए हैं।

## सवाल दबदबे का



नेताजी का कद वही पुराना, आवास भी पुराना वाला लेकिन साम्राज्य कमजोर मिलने की वजह से अब लोगों न भाव देना ही कम कर दिया है। आलम यह है कि जब से शहरों का साम्राज्य छीन कर गांव का साम्राज्य दिया गया है तब से लोगों का आकर्षण कम ही होता जा रहा है। पहले की अपेक्षा अब लोग कम मिलने भी आते हैं और भाव भी कम दे रहे हैं। कुल मिलाकर देखा जाए तो कद का नहीं बल्कि मजबूत साम्राज्य का बड़ा असर होता है। शायद यही कारण है कि हार के बाद नेताजी का कद तो बरकरार रखा गया लेकिन छोटा साम्राज्य देने के चलते उनका भाव जरूर कम हो गया है। ऐसी विषम स्थिति में नेता जी अपना दबदबा कायम रखने के लिए अपने आवास पर जनता दर्शन का क्रम बरकरार रखे हुए हैं, उनको लग रहा है शायद ऐसा ही करने से उनकी स्थिति धीरे-धीरे मजबूत हो जाए। एक वह भी समय था जब नेता जी सीधे बड़े महाराज को टक्कर दिया करते थे। आज यह स्थिति आ गई है कि बड़े महाराज के बगल में खड़े होने को नेताजी तरस रहे हैं।

## निकल गई हेकड़ी

अपने आपको सुपर स्पेशयलिटी समझने वाले संस्थान में बहुत गड़बड़झाला है। ऐसे में सच को छुपाने के लिए पिछले दिनों संस्थान ने मीडिया पर ही बैन लगा दिया था। जिससे कोई भी चीज बाहर न आ सके। जितना जल्दी आदेश हुआ, उतना जल्दी ही प्रतिक्रिया भी देखने को मिली। आखिरकार संस्थान को 24 घण्टे के भीतर ही अपना आदेश वापस लेना पड़ गया। अभी पिछले दिनों डिप्टी सीएम ने सच को जानने के लिए संस्थान का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डिप्टी सीएम की पारखी नजरें हर तरफ गईं। इस बीच वह एचडीएफ में घुस गए। वहां उन्होंने जब दवाओं का हिसाब लेना शुरू किया तो पता चला तकरीबन 50 लाख के आसपास की दवाएं एक्सपायर्ड हैं और इनकी संख्या 2.5 लाख के आसपास है। इतनी बड़ी गड़बड़ी देख डिप्टी सीएम का माथा ठनक गया। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को जम कर जीवन घुट्टी पिलाई। अंदर से बाहर निकलते ही उन्होंने जांच बैठा दी। अब इस जांच के फेरे में वो सभी अधिकारी आने वाले हैं, जिनके पास इसका चार्ज था। जो कल तक पाक साफ थे, अब दागदार होने की बारी है। बच निकलने का कोई रास्ता नही सूझ रहा है। ऐसे में हम तो यही कहेंगे कि निकल गई हेकड़ी।

# चार्टर्ड अकाउंटेंट आर्थिक विकास के सजग प्रहरी: राजनाथ



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**रक्षामंत्री** राजनाथ सिंह ने शनिवार को इंडियन चार्टर्ड अकाउंटेंट इंस्टिट्यूट लखनऊ शाखा की ओर से आयोजित वित्तीय बाजार पर कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की देश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका होती है वह आर्थिक विकास के सजग प्रहरी हैं। बिजनेस इको सिस्टम को चलाने में सीए की महत्वपूर्ण भूमिका है। दुनिया के ताकतवर समूहों में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की गणना होती है।

राजनाथ सिंह ने गोमती नगर में स्थित होटल जेबीआर में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के वर्कशॉप पार्टिसिपेंट को इकोनामी से जुड़े नए-नए डेवलपमेंट के लिए अपडेट करते हैं साथ ही आने वाले नए चैलेंज का सामना कैसे करना है उसकी भी तैयारी कराते हैं। हमारे देश के फाइनेंशियल इकोसिस्टम को चलाने के लिए चार्टर्ड अकाउंटेंट की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा जिस प्रकार हमारे देश की सुरक्षा के लिए प्रहरी लगे हुए हैं उसी तरह देश के कमर्शियल व बिजनेस सिस्टम के प्रहरी चार्टर्ड अकाउंटेंट है स्वयं भी सजग हैं और समाज को सजग रखने का काम कर रहे हैं। समाज में जो धन अर्जित करने की सुचिता होती है, समाज में फाइनेंशियल सिस्टम का जो ट्रस्ट बना है उसके आप महत्वपूर्ण ट्रस्टी हैं। इसलिए आपका भी कर्तव्य होता है कि इस सुचिता को बनाए रखें। कोविड-19 के कारण हमारी इकॉनमी में असर पड़ा है थोड़ी कीमतें बढ़ी हैं इन चुनौतियों से निपटने के लिए हमने कदम उठाए हैं। अनेक एजेंसी के सर्वे बता रहे हैं कि भारत तेजी से बढ़ने वाली इकोनामी है।

हमारी सरकार ने ऑस्ट्रेलिया के साथ फ्री ट्रेड पर एक मेजर एग्रीमेंट साइन किया है। रिजर्व बैंक ने भी महंगाई कम करने के लिए कुछ कदम उठाए हैं जिनका परिणाम जल्दी जनता को मिलेगा। उन्होंने कहा कि टैक्सेशन से ही लोक कल्याण कार्य होते हैं भारत सरकार की टैक्सेशन नीति को लोगों की सराहना मिल रही है। करोना कॉल में 80 करोड़ लोगों को राशन देने का कार्य सरकार ने किया इस कार्यक्रम की सराहना अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी हुई है।

## सिंधु घाटी की सभ्यता से भारत में बने वस्त्र पूरे विश्व में रहे लोकप्रिय




पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**रक्षामंत्री** राजनाथ सिंह के प्रयासों से खादी के बाद देश में पहली बार चिकनकारी को एचएसएन कोड प्राप्त हुआ है। उसके उपलक्ष्य में चिकनकारी एसोसिएशन द्वारा राजनाथ सिंह के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सिंधु घाटी सभ्यता के समय जो वस्त्र भारत में बनते थे उनकी लोकप्रियता भी सारे विश्व में थी। ऐसे वस्त्रों की निर्माण होता था की पूरी साड़ी एक अंगूठी से गुजर जाती थी। ऐसी अदभुत कला भारत की रही है। बहुत सी ऐसी क्षेत्रीय कला है जो विलुप्त होते जा रही हैं लेकिन प्रधानमंत्री का संकल्प है कि लोकल चीजों के उत्पादन को बढ़ावा दिया जाए। वह रोजगार के दृष्टि से लाभकारी हो लोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा विभिन्न इंसेंटिव प्रदान किया जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था में हस्तशिल्प का बहुत बड़ा योगदान है और इसमें निर्यात की भी बहुत अधिक संभावनाएं हैं। चिकन व्यवसाय के रोजगार और उसके निर्यात निर्यात को भी और अधिक बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा क्या सहयोग प्रदान किया जा सकता है इसकी जानकारी मुझे दी जाएगी तो उसको भी में बढ़ाने में पूरा अपना योगदान प्रदान करूंगा।

# सीएम जल्द करेंगे मिशन शक्ति फेज-4 का शुभारंभ

● मुख्य सचिव ने महिला सुरक्षा से जुड़ी गतिविधियों को और सक्रिय करने के दिए निर्देश



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि जल्द ही मिशन शक्ति फेज-4 का शुभारम्भ मुख्यमंत्री द्वारा किया जायेगा। इसकी सभी तैयारियां सम्बन्धित विभागों द्वारा समय से पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान महिला सुरक्षा से जुड़ी गतिविधियों को और सक्रिय व प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए। इसके अतिरिक्त सम्बन्धित विभागों द्वारा लक्ष्य निर्धारित किया जाए ताकि उसकी नियमित समीक्षा की जा सके। मिशन शक्ति अभियान के दौरान होने वाली गतिविधियों का सोशल मीडिया व अन्य प्लेटफार्म पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए।

मुख्य सचिव ने यह निर्देश मिशन शक्ति फेज-4 की तैयारियों की समीक्षा के दौरान दिये। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत एक पोर्टल तैयार किया जाए जिसमें महिलाओं के जीवन स्तर को उठाने एवं उनकी आय को बढ़ाने सम्बन्धी जानकारी तथा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी डाली जाए। साथ ही अभियान के दौरान होने वाली विभिन्न गतिविधियों को भी पोर्टल पर डाला जाए। उन्होंने कहा कि इस अभियान के उद्देश्य अधिक से अधिक महिलाओं तक पहुंचकर उन्हें सरकार की योजनाओं का लाभ देना है। अत: सभी विभागों द्वारा समन्वय स्थापित कर महिलाओं के साथ संवाद स्थापित कर प्रदेश सरकार की ओर से महिलाओं के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाए तथा पात्र लोगों को चिन्हित कर योजनाओं से लाभान्वित भी कराया जाये। महिला बीट प्रणाली का सुदृढ़ीकरण किया जाए। महिलाओं को उनके प्रति वांछनीय एवं अवांछनीय व्यवहारों के प्रति जागरूक कर अवांछनीय व्यवहारों के लिये विधिक रूप से निर्धारित दण्डात्मक प्रावधानों के विषय में जानकारी दी जाए।

# टीकाकरण में यूपी ने पार किया 32 करोड़ का आंकड़ा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**योगी** सरकार ने शनिवार को टीकाकरण में एक नया रिकॉर्ड बनाया है। प्रदेश में 32 करोड़ टीके की डोज देने वाला यूपी टीकाकरण अभियान में शुरू से ही पहले पायदान पर अपना स्थान बनाने में कायम रहा है। सर्वाधिक आबादी वाले यूपी में सर्वाधिक टीके की डोज दी गई है।

प्रदेशवासियों को टीके का कवच देने के लिए सीएम की ओर से आला अधिकारियों को समय समय पर दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। यही कारण है कि यूपी पहला प्रदेश है जहां कम समय में सबसे ज्यादा टीकाकरण किया गया है। प्रदेश में अब तक 320051608 टीके की डोज दी जा चुकी है। जिसमें 172814706 को पहली डोज और 144306593 को दूसरी डोज दी जा चुकी है। अब तक यूपी में 2930309 को प्री-कॉशन डोज दी जा चुकी है।

सरकार की संवेदनशीलता का ही असर है कि 24 करोड़ आबादी वाले प्रदेश में अस्पतालों में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या न के बराबर है। संक्रमित मरीजों को उनके घर पर ही सारी सेवाएं सरकार की ओर से पहुंचाई जा रही हैं। संक्रमितों की 24 घटें की मॉनीटरिंग, दवाओं की उपलब्धता, टेस्ट, सैनिटाइजेशन के साथ ही उस इलाके में कोविड गाइडलाइन का पालन कड़ाई से कराया जा रहा है। सभी मेडिकल कॉलेज में 100 बेड वाले पीकू नीकू और सीएचसी और पीएचसी में 50 नए बेड की व्यवस्था की गई है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने बच्चों के टीकाकरण को और तेज करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि एक भी नागरिक टीकाकवर से वंचित न रहे। बूस्टर डोज की महत्ता और बूस्टर टीकाकरण केंद्रों के बारे में आमजन को जागरूक करें।

कोविड महामारी के खिलाफ अपनी लड़ाई को मजबूत करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार समयबद्ध तरीके से 12 से 17 वर्ष की आयु के सभी बच्चों को टीकाकरण का सुरक्षा कवच दे रही है। राज्य में अब तक 15.17 आयु वर्ग के 23432056 से अधिक बच्चों और 12-14 आयु वर्ग के 7416435 से अधिक बच्चों को टीके की खुराक दी जा चुकी है। प्रदेश में 15-17 आयु वर्ग के 96 प्रतिशत से अधिक बच्चों को टीके की कम से कम एक खुराक दी जा चुकी है। बच्चों के टीकाकरण अभियान में तेजी लाने के लिए योगी आदित्यनाथ ने आला अधिकारियों से उत्तर प्रदेश में वैक्सीन की खुराक की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी आदेश दिए हैं।

**ये पांच राज्य टीकाकरण में अव्वल:** उत्तर प्रदेश 32 करोड़, महाराष्ट्र 1660 करोड़, पश्चिम बंगाल 13.93 करोड़, बिहार 13.02 करोड़, मध्य प्रदेश 11.82 करोड़।

# संस्कृत के कार्यक्रमों के लिए होगा अपना भवन

**लखनऊ।** संस्कृति और संस्कृत भाषा के उत्थान में जुटी योगी सरकार संस्कृत संस्थान के वर्षों से जर्जर पड़े भवन की जगह बहुउद्देशीय हाल का निर्माण करा रही है। जिससे लोगों को संस्कृति और संस्कृत भाषा से जुड़ने का अवसर मिलेगा। इसके साथ ही संस्कृत कार्यक्रमों के लिए संस्कृत संस्थान को खुद का भवन मिलेगा। संस्कृत संस्थान के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाएं जैसे सम्भाषण, कक्षायें, नाट्य प्रशिक्षण, सिविल सेवा कोचिंग अन्य कई कार्यक्रम, जो अभी तक किराए की जगह पर किये जाते थे अब खुद के भवन में आसानी से ही किए जा सकेंगे। पिछले वर्ष से यूपी संस्कृत संस्थान के बहुउद्देशीय हाल का निर्माण कार्य लगातार चल रहा है जो कि इस वर्ष पूरा कर लिए जायेगा। जिसके सारे कार्यक्रमों का आयोजन आसानी से यही हो सकेगा। संस्थान को बाहर किराए की जगह नहीं लेना पड़ेगी। अब तक संस्कृत संगोष्ठियां, संस्कृत कक्षाएं और बाहर से आए हुए विद्वानों के रुकने के लिए बाहर व्यवस्था करना पड़ती थी लेकिन अब सारे आयोजन यहीं पर आसानी से हो सकेंगे। संस्कृत संस्थान के बहुउद्देशीय हाल का निर्माण के बाद संस्थान पुस्तकालय मे संस्कृत छात्र आसानी से बैठकर संस्कृत भाषा का ज्ञान ले सकेंगे और शोध से जुड़े अध्ययन को आसानी से कर सकेंगे ।

# जनकपुर और अयोध्या के बीच उड़ान सेवा शुरू करने की पहल

● नेपाल की विमानन कंपनी के अफसरों की नवनीत सहगल से मुलाकात

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**नेपाल** की विमानन कंपनी बुद्धा एयर प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक विरेन्द्र बहादुर बस्नेत की अगुवाई में अधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल शनिवार को अपर मुख्य सचिव नवनीत सहगल से मिला। इस प्रतिनिधिमंडल ने जनकपुर और अयोध्या के बीच उड़ान सेवा शुरु करने की पहल की और प्रस्ताव पर सीएम योगी से मिलने का समय मांगा। अपर मुख्य सचिव को दिये गये पत्र में बुद्धा एयर द्वारा उल्लेख किया गया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा वाराणसी और काठमांडू के बीच सीधी उड़ान सेवा, जो साल 2018 में शुरू की गई थी उसकी वजह से बाबा विश्वनाथ और बाबा पशुपतिनाथ के दर्शन पूजन के लिए आने वाले यात्रियों से काफी लाभ हुआ। साथ ही इससे दोनों देशों में पर्यटन को बढ़ावा मिला। पत्र में आगे लिखा है कि कोरोना महामारी के दौरान उड़ान सेवा स्थगित हो गई थी। विभाग से अनुमति मिल जाने के बाद 23 मई 2022 से उड़ान सेवा पुन: शुरु हो रही है। भगवान श्री राम की जन्मभूमि अयोध्या से नेपाल के लोगों का विशेष लगाव है। हमारे लिए भी अयोध्या आस्था का केन्द्र है। बुद्धा एयर द्वारा माता सीता की जन्मभूमि जनकपुर और अयोध्या के बीच उड़ान सेवा शुरु करना चाहती है। इसके लिए कंपनी के प्रबंध निदेशक विरेन्द्र बहादुर बस्नेत ने मुख्यमंत्री से मिलने का अनुरोध भी किया। इसके अलावा नेपाल के प्रमुख स्थलों से हरिद्वार और अन्य स्थलों के लिए हवाई सेवा

# पीएम मोदी की पाठशाला की तैयारी में जुटे योगी के मंत्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**पीएम** मोदी की पाठशाला में बेहतर परफारमेन्स के लिए सरकार के मंत्री तैयारियों में जुट गए हैं। दो दिन बाद 16 मई को राजधानी आगमन पर पीएम मोदी सरकार के मंत्रियों की बैठक लेगें। माना जा रहा है कि पीएम मोदी इस बैठक में सरकार और मंत्रियों के विभागों के कामकाज को लेकर सवाल कर सकते हैं। जिसे देखते हुए सरकार के कई मंत्री शनिवार को अपने-अपने विभागों के कामकाज का लेखा-जोखा तैयार करने और उनकी बारीकियों पर मंथन करने में व्यस्त रहे। इन मंत्रियों को आशंका है कि पीएम मोदी अगर बैठक में उनसे कोई सवाल करते है तो उसका सटीक जवाब तुरंत दिया जाए। हर मंत्री पीएम की कसौटी पर खरा उतरने के लिए होमवर्क में जुटा हैं। जानकार बताते है कि वैसे तो प्रधानमंत्रियों के आगमन में सरकारों के मंत्री शामिल होते रहे है लेकिन यह पहला मौका है जब कोई प्रधानमंत्री सरकार के सभी मंत्रियों के साथ एक साथ बैठक करेगा। यह बैठक सीएम आवास पर प्रस्तावित है। बैठक के बाद पीएम मोदी सीएम आवास पर राज्यपाल आन्नदी बेन पटेल, सीएम योगी आदित्यनाथ तथा सरकार के सभी मंत्रियों के साथ रात्रि भोज करेगे। मंत्रियों के साथ पीएम मोदी के प्रस्तावित बैठक को देखते हुये सीएम योगी पहले से ही काफी गंभीर है। बैठक की पुख्ता तैयारी के लिये वह पहले ही मंत्रियों को दिशा-निर्देश दे चुके हैं। सीएम ने सरकार के मंत्रियों के 16 मई के सभी कार्यक्रम निरस्त कर दिये है ताकि वह बेहतर तैयारी के साथ पीएम की पाठशाला में शामिल हो।

सीएम की पाठशाला को देखते हुये डिप्टी सीएम केशव मौर्या, ब्रजेश पाठक, सुरेश खन्ना, एसी शर्मा, सूर्यप्रताप शाही, जितिन प्रसाद, राकेश सचान, संदीप सिंह तथा असीम अरुण सहित सरकार के मंत्रियों ने अपने-अपने विभागों के कामकाज का ब्योरा तैयार कराया है। सूत्रों का कहना है कि विभागों से तैयार किये गये ब्यौरे पर ये मंत्री सीएम की पाठशाला में शामिल होने की तैयारी कर रहे है ताकि पाठशाला में पीएम की कसौटी पर खरे उतर सके।

## प्रदेश में होगी स्किल यूनिवर्सिटी की स्थापना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** सरकार कौशल विकास मिशन के तहत पांच वर्षों में 10 लाख युवाओं को व्यावसायिक प्रशिक्षण देगी। प्रशिक्षण के बाद युवाओं की कार्यकुशलता बढ़ेगी और रोजगार की बेहतर संभावनाएं उपलब्ध होंगी। योगी सरकार लोगों को रोजगार से जोड़ने का लगातार प्रयास कर रही है। सरकार का लक्ष्य है कि अगले पांच वर्षों में प्रदेश में प्रत्येक परिवार के कम से कम एक सदस्य को रोजगार से जोड़ा जाए। सरकार कौशल विकास मिशन के तहत अगले पांच वर्षों में 10 लाख युवाओं को व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षण के बाद युवाओं की कार्य कुशलता बढ़ेगी और प्रदेश में बेहतर श्रम शक्ति उपलब्ध होगा। प्रशिक्षण प्रदाता संस्थाओं में औद्योगिक प्रतिष्ठानों को वरीयता दी जाएगी। सरकार अगले पांच वर्षों में विकास खंड स्तर तक कौशल प्रशिक्षण का विस्तार करेगी।

# अनाथ बच्चों का जीवन संवारने में जुटी सरकार

## अटल आवासीय विद्यालयों व कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में 12वीं तक मिलेगी निशुल्क शिक्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मिशन** शक्ति के तहत जहां एक ओर योगी सरकार महिला सुरक्षा, संरक्षण व उनके विकास पर जोर दे रही है वहीं मिशन वात्सल्य के तहत बच्चों की देखरेख, संरक्षण और उनके पुनर्वासन पर तेजी से काम कर रही है। कोरोना महामारी के कारण अनाथ हुए बच्चों के उनके भरण-पोषण, शिक्षा, चिकित्सा की व्यवस्था के लिए बेहतरीन कार्ययोजना पर काम कर रही है। बच्चों को आर्थिक सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से प्रदेश में मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना शुरू की गई। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत 11 से 18 वर्ष तक की आयु के ऐसे बच्चों की शिक्षा के लिए उनको अटल आवासीय विद्यालयों तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में प्रवेश दिया जाएगा। इन्हें 12वीं तक की निशुल्क शिक्षा मिलेगी। सरकार ऐसी बालिकाओं के शादी योग्य होने पर शादी के लिए एक लाख एक हजार की राशि भी देगी। इसके साथ ही 0 से 18 वर्ष की उम्र तक के ऐसे बच्चे जिनके माता या पिता या दोनों की ही मृत्यु कोरोना संक्रमण से हुई है। ऐसे बच्चों को योगी सरकार 4000 रुपए प्रति माह देगी। जो बच्चे अनाथ हो गए हैं, उनको बाल कल्याण समिति के आदेश से विभाग के तहत संचालित बालगृहों में आश्रय दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत कक्षा 9 या इससे ऊपर की कक्षा में व व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त कर रहे 18 वर्ष तक के बच्चों को टैबलेट व लैपटॉप दे रही है। इसके तहत अब तक 1060 बच्चों को लैपटॉप दिए जा चुके हैं। इस योजना के तहत 9 माह की धनराशि 36000 रुपए प्रति बच्चा का भुगतान किया जा चुका है। कोरोना संक्रमण के कारण अनाथ हुए ऐसे बच्चों को चिन्हित किया जा रहा है। कोविड-19 से माता-पिता दोनों की मृत्यु होने पर अनाथ बच्चों की कुल संख्या 447, कोविड.19 से माता या पिता एक की मृत्यु होने पर अनाथ हुए बच्चों की कुल संख्या 10602 है। ऐसे में अब तक कुल 11049 बच्चों को लाभ मिल चुका है। महिला कल्याण विभाग द्वारा कोविड-19 से अन्य कारणों से अनाथ हुए बच्चों के अभिभावकों से सम्पर्क कर आवेदन पत्र भराए जा रहे हैं। अब तक प्रदेश में कुल 4681 बच्चे चिन्हित किए जा चुके हैं। इसके साथ ही जनपदीय टास्क फोर्स के जरिए 1565 स्वीकृत किए गए हैं। बाकी की स्वीकृत कराने की कार्यवाही प्रक्रिया चल रही है। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य के तहत 6 माह की धनराशि की सहायता दी जाएगी। कोविड-19 से माता-पिता दोनों की मृत्यु होने पर कुल 383 अनाथ बच्चों, कोविड-19 से माता या पिता एक की मृत्यु हाने पर कुल 4775 अनाथ बच्चों को लाभान्वित किया जा चुका है। अब तक कुल 5158 बच्चों को लाभ दिया जा चुका है।

महिला कल्याण बाल विकास विभाग की ओर से आने वाले 100 दिनों की कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। विभाग की ओर से मिशन वात्सल्य में बाल देखरेख संस्थाओं व किशोर न्याय बोर्डों एवं बाल कल्याण समितियों के लिए एमआईएस पोर्टल की शुरुआत जून में की जाएगी। एमआईएस पोर्टल योजना का पारदर्शी रूप में संचालन किया जाएगा।

# बाइक व बस में भीषण टक्कर, चार की मौत

**संवाददाता।** संडीला (हरदोई)



**भीषण सड़क** हादसे में चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गयी। इस घटना में प्रायवेट बस सड़क के किनारे पलट गयी। जिससे बस में सवार कई लोग भी घायल हो गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली संडीला के अन्तर्गत् लखनऊ हरदोई रोड पर पेप्सिकों फैक्ट्री के पास प्रायवेट बस संख्या –यूपी 30एटी/8436 की हीरो स्पेलेंडर मोटरसाइकिल नंम्बर यूपी 30एआर/2784 से सीधी टक्कर हो गयी। इस भीषण टक्कर में मोटरसाइकिल के परखचे उड गये और बस सड़क के किनारे जाकर पलट गयी। मोटरसाइकिल पर सवार बीस वर्षीय आशीष पुत्र कमलेश यादव, तीस वर्षीय सुषमा पत्नी रामवीर, ढाई वर्षीय रुही पुत्री रामवीर निवासी ग्राम कुकम्बर थाना सुरसा जनपद हरदोई तथा सरला पत्नी बेचेलाल आयु लगभग पैंतीस वर्ष निवासी ग्राम भैनामऊ थाना सुरसा की मौके पर ही मौत हो गयी। बस के पलटने से उसमें बैठे यात्रियों में से लगभग एक दर्जन यात्रियों को मामूली चोटें आयीं। इस घटना सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर सीएचसी भेजा। इस घटना के बाद कुछ देर तक याता यात बाधित रहा। इस घटना की सूचना मिलने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

## प्लाइवुड फैक्ट्री में लगी आग, टला बड़ा हादसा

**संवाददाता।** सीतापुर

**सदरपुर थाना** क्षेत्र अन्तर्गत जहांगीराबाद कस्बे में स्थित सबसे पुरानी उस्मान प्लाईवुड इण्डस्ट्रीज में शनिवार दोपहर लगभग 12:45 बजे लकड़ी सुखाने के लिये बने चौम्बर में अचानक धुआं निकलने लगा।धुआं निकलते देख पूरी फैक्ट्री में अफरा तफरी मच गयी।जिस समय आग लगी उस समय काफी संख्या में मजदूर फैक्ट्री में काम कर रहे थे। जैसे ही चैम्बर में आग लगी वैसे ही फैक्ट्री मैनेजर ने बिजली की सप्लाई बंद कर फैक्ट्री के सभी गेट खुलवा दिये। उसके बाद फैक्ट्री में मौजूद फायर ब्रिगेड की सुविधा से आग पर काबू पाना शुरू किया। इतने में ही खबर मिलते ही दर्जनों ग्रामीण तथा अन्य प्लाईवुड के मालिक व कर्मचारी भी मौके पर पहुंच गये और आग बुझाने में सहयोग करने लगे। 100 डायल पुलिस भी मौके पर पहुंची तथा बिसवां फायरब्रिगेड को फोन द्वारा सूचना दी गई। बिसवां फायरविग्रेड वाले जबतक पहुंचते उससे पहले ही उन्होंने ने ही फोन कर रेउसा से छोटी फायरविग्रेड की गाड़ी भेजवा दी।थोड़ी देर बाद ही बिसवां से फायरविग्रेड की गाड़ी ने भी आग बुझाना शुरू किया। देबियापुर पुलिस चौकी के सभी जवानों ने भी फायरविग्रेड वालों के साथ आग बुझाई।ग्रामीणों, मजदूरों तथा फायरविग्रेड व पुलिस के जवानों के अथक प्रयासों से लगभग दो घण्टों के बाद आग पर काबू पा लिया गया। फैक्ट्री मालिक हाजी मोहम्मद उस्मान के पुत्रों मोहम्मद इरफान, मोहम्मद इकराम, मोहम्मद इमरान और मोहम्मद सुहैल ने संयुक्त रूप से बताया कि प्लाईवुड फैक्ट्री में प्लाई व प्लाईबोर्ड बनाने का काम होता है जिसमें प्लाईबोर्ड बनाने के लिये पहले पापुलर लकड़ी की फंटियों को सुखाया जाता है जिसके लिये लकड़ी की फंटियों को सीमेंटेड बड़े कमरानुमा बने चौम्बर में डालकर स्टील के बने दरवाजों को दोनों ओर से बंद कर दिया जाता है फिर पाइप लाइन के द्वारा उसके अन्दर लगे बड़े बड़े क्वायलों को स्टीम के द्वारा गर्म किया जाता है तथा अंदर ही लगे पंखों से हवा दी जाती है जो लकड़ी को सुखाने में मदद करते हैं। यह पूरी प्रक्रिया लगभग 72 घण्टों में पूरी होती है। मोहम्मद इकराम ने बताया अभी इस चौम्बर को बंद किये मात्र 24 घंटों का ही समय हुआ था लेकिन बाहर का तापमान बहुत अधिक होने से अंदर अधिक ताप से आग लग गयी। नुकसान के बारे में पूछने पर सुहैल ने बताया कि अभी पूरी तरह से चैम्बर खाली कर जब देखा जायेगा तभी अनुमानित नुकसान के बारे में पता चल सकेगा। फायरब्रिगेड के साथ आये एस.आई. आदित्य कुमार सिंह, एस.आई. नन्द किशोर तथा आरक्षी विकास आदि सभी ने बहुत परिश्रम से तुरन्त आग पर काबू पा लिया नहीं तो चैम्बर फटने पर फैक्ट्री में भीषड़ हादसा हो सकता था। फायरविग्रेड के जवानों ने पास स्थित खेत पर बनी बोरिंग से पानी खींचा। सभी की सूझबूझ से भारी नुकसान होने से बच गया।

सांड के हमले में किसान के जान गंवाने पर आक्रोशित हुए ग्रामीण

# दस घंटे लगा रहा जाम, प्रशासन नहीं कर पाया हटवाने का कोई इंतजाम

**संवाददाता।** सीतापुर

**आवारा गोवंशो** से निजात दिलाने का पीएम मोदी और सीएम योगी के वादा करने के बावजूद सीतापुर में किसानों को आवारा और बेसहारा गोवंशो से निजात नहीं मिल सकी है। लगातार सांड के हमलों में आये दिन किसी न किसी की लगातार जान जा रही है। मगर प्रशासन इससे निपटने में कोई भी कारगर कदम नहीं उठा रहा है। सीतापुर की तहसील लहरपुर इलाके के शाहपुर और उसके आस-पास के हजारों ग्रामीण एक सांड के आतंक से परेशान हैं। यह सांड आये दिन लोगों पर जानलेवा हमला बोल रहा है। अब तक दर्जन भर लोग सांड के हमले में घायल हो चुके हैं। शनिवार को तो किसान सटल्लू ने दम तोड़ दिया, सांड के हमले में घायल होने के बाद इलाज के लिए उसे लखीमपुर भर्ती कराया गया था। यह सांड सटल्लू के लिए ही यमराज नहीं बना, बल्कि 12 वर्षीय उसके बेटे छोटू के लिए भी काल बन गया, एक माह पूर्व जब सांड को भगाते समय छोटू वाहन के नीचे आ गया और उसकी भी मौत हो गयी। सांड के कारण पहले बेटे की और अब पिता की मौत से ग्रामीणों में आक्रोश भर गया। ग्रामीण इस बात को लेकर भी आक्रोशित हो गए, चुनाव पूर्व सभा करने आये डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और क्षेत्र के विधायक अब मंत्री बन चुके सुरेश राही ने आवारा गोवंशो से निजात दिलाने के लिए इलाके में गौशाला बनाने का आश्वासन दिया था, वह पूरा तो नहीं हुआ, आवारा गोवंश का आतंक और बढ़ गया। सांड के हमले से घायल सटल्लू की मौत को लेकर ग्रामीण इस कदर आक्रोशित हो गए कि शनिवार को लहरपुर-भदफर मार्ग को जाम कर दिया और धरने पर बैठकर सरकार विरोधी नारे लगाने लगे। ग्रामीण कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही और जिलाधिकारी अनुज सिंह के मौके पर आने की मांग करते हुए मृतक के परिजनों को 10 लाख का मुआवजा दिये जाने की मांग पर अड़ गए। बकायदा टेन्ट लगाकर ग्रामीण बैठ गए। सटल्लू के शव को सड़क पर रख दिया। लहरपुर के सीओ सुशील कुमार सिंह इंस्पेक्टर राजीव कुमार सिंह और नायब तहसीलदार ने पहुंचकर आक्रोशित ग्रामीणों को मनाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं माने, ग्रामीण जिलाधिकारी को मौके पर बुलाए जाने की मांग पर अड़े रहे। जिला मुख्यालय से महज 50 किमी. दूर शाहपुर तक जिले का कोई भी अधिकारी 10 घंटे बाद भी नहीं पहुंचा। हालांकि धरना प्रदर्शन में भीड़ न जुटने पाए इसके लिए जगह-जगह बैरीकेटिंग कर लोगों को पुलिस ने रोकने का बहुत प्रयास किया पर वह नाकाम रहे।

सीतापुर में पुलिस ने जब्त की गैंगेस्टर बबलू की लाखों की संपति

## जब्तीकरण की कार्रवाई से पहले डुग्गी बजवा कर कराई मुनादी

**संवाददाता।** सीतापुर

● **पुलिस अफसरों ने कहा-आगे भी जारी रहेगा इस तरह का अभियान**

**सीतापुर में** जरायम पेशा से ताल्लुक रखने वालों की आपराधिक कृत्य से अर्जित संपत्ति के जब्तीकरण की कार्रवाई लगातार जारी है। मछरेहटा पुलिस ने शनिवार को गैंगेस्टर बबलू पांडेय पुत्र रामशंकर निवासी तहरापुर की लगभग पन्द्रह लाख की संपति जब्त कर ली है। प्रशासनिक व पुलिस टीम ने तहरापुर पहुंचकर पहले डुग्गी बजवाते हुए कार्रवाई के संबंध में मुनादी कराई। इसके बाद गैंगेस्टर का नवनिर्मित तीन कमरे के मकान को जब्त करने की कार्रवाई पूरी की। जब्त संपति की अनुमानित कीमत चौदह लाख नब्बे हजार रूपए आंकी गयी है। पुलिस के मुताबिक अभियुक्त बबूल पाण्डेय का एक संगठित गिरोह है। यह गिरोह आर्थिक एवं भौतिक लाभ के लिए हत्या, लूट आदि करने का अभ्यस्त हैं। बबलू पाण्डेय गैंग लीडर है और अन्य अभियुक्त इसके सक्रिय सदस्य हैं। पुलिस अफसरों के मुताबिक भविष्य में भी इस प्रकार के गैंगेस्टर अपराधियों के चिन्हीकरण और उनके द्वारा अर्जित की गयी अवैध सम्पत्तियों का चिन्हांकन कर जब्तीकरण की कार्यवाही प्रचलित रहेगी।

## बुजुर्ग की सिर में गोली मारकर हत्या, दो गिरफ्तार

**बरेली।** परिवारिक विवाद में दो भाईयों ने बुजुर्ग को बंधक बनाकर मारपीट की। विरोध करने पर आरोपियों ने बुजुर्ग के सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। जबकि अन्य युवक ने भाग अपनी जान बचाई। सुबह घटना की जानकारी पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम केलिए भेज दिया। इस दौरान पुलिस ने हत्या में शामिल दोनों भाईयों को गिरफ्तार कर लिया।शाही थाना क्षेत्र के गांव जुनहाई के रहने वाले बुजुर्ग मानसिंह आम के बाग की रखवाली करते थे। उनके साथ में इन्द्रपाल भी बाग की देखा भाली करता था। मान सिंह का अपने ही परिवार के शेर सिंह और मुरारी सिंह से विवाद चल रहा था।राजवीर ने बताया कि आरोपी दोनों सगे भाई हैं।

## क्विक न्यूज

### डीसीएम की चपेट में आकर बाइकसवार की मौत

**संडीला(हरदोई)।** डीसीएम की चपेट में आकर एक बाइक सवार युवक की दुखद मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना कासिमपुर के अंतर्गत ग्राम फखरुददीननगर निवासी 18 वर्षीय सूरज रात को अपने मामा सचिन के साथ बाइक से खजौना गया था। वहां से देर रात दोनों लोग लौट रहे थे, जब वे संडीला मल्लांवां रोड पर जैतनगर के पास पहुंचे तो पीछे से आ रही एक डीसीएम ने बाइक को टक्कर मार दी। इस टक्कर से बाइक पर पीछे बैठा सूरज उछलकर सड़क पर जा गिरा जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई और उसकी मौके पर ही मौत हो गयी जबकि सचिन गंभीर रूप से घायल हो गया। इस हादसे के बाद चालक डीसीएम लेकर भागने में सफल हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मुतक सूरज के शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा जबकि घायल सचिन को चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

### ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**बरेली।** मजदूरी करने के लिए मोटरसाइकिल पर घर से निकले युवक को तेजी से आ रहे ट्रैक्टर ट्राली में टक्कर मार दी उसकी मौके पर ही मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।बहेड़ी थाना क्षेत्र के गांव उनई मकरुका निवासी 30 वर्षीय जितेंद्र पाल पुत्र हेमदास कि आज सुबह नारायण नगला गांव के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि जितेंद्र रोजाना की तरह मोटरसाइकिल लेकर आज सुबह मजदूरी करने के लिए घर से निकला था लेकिन जब वह नारायण नगला गांव के पास पहुंचा तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे जितेंद्र पाल गंभीर रूप से घायल हो गया दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाली ट्रैक्टर ट्राली फरार हो गई स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी लेकिन जब तक पुलिस मौके पर पहुंची जितेंद्र पाल की मौत हो चुकी थी पुलिस ने मृतक की जेब से मिले मोबाइल फोन से दुर्घटना की सूचना उसके घर वालों को दी जो मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त कर ली शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### स्कूटी सवार तस्करों से 2 किलो अफीम बरामद

**बरेली।** रात के समय स्कूटी पर जा रहे दो तस्करों से पुलिस ने चेकिंग के दौरान 2 किलो अफीम बरामद की पुलिस ने तस्करों को गिरफ्तार कर लिया और जेल भेजा।भोजीपुरा थाना क्षेत्र के गांव बिलबा में पुल के पास गश्त के दौरान बीती रात लगभग 2 बजे पुलिस में स्कूटी सवार के क्योलड़िया थाने के गांव पनबढ़िया प्रीतम पुर निवासी राणा सिंह उर्फराम सिंह पुत्र मंगली प्रसाद और बारादरी थाना क्षेत्र मैं यूनिवर्सिटी के छोटे गेट के पास रहने वाले अयोध्या प्रसाद पुत्र मथुरा प्रसाद को पुलिस में 2 किलो अफीम के साथ गिरफ्तार किया पुलिस के अनुसार बीती रात गश्त के दौरान वाहनों की चेकिंग शुरू की गई इसी दौरान स्कूटी सवार दो तस्करों को देखकर पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की लेकिन पुलिस को देखकर तस्करों ने भागने की कोशिश की पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया और तलाशी ली उनके पास से स्कूटी में रखी 2 किलो अफीम बरामद हुई पुलिस ने स्कूटी और अफीम को कब्जे में लेकर गिरफ्तार किए गए दोनों तस्करों को जेल भेज दिया

### सात साल की मासूम बच्ची को बनाया दरिंदगी का शिकार

● **शुक्रवार की देर रात रात में हालात में गायब हुई थी बच्ची**

● **शनिवार की सुबह गांव के मंदिर के पास गंभीर हालत में हुई बरामद**

**सीतापुर।** सीतापुर के हरगांव थाना इलाके के एक गांव में रहने वाली दस साल की मासूम बच्ची शुक्रवार की रात गांव में ही पर्दे पर फिल्म देखने गई थी। जहां से देर रात अचानक रहस्यमय हालातों में गायब हो गई। परिजन उसकी तलाश कर ही रहे थे इसी बीच शनिवार की सुबह लगभग 6 बजे गांव के मंदिर के पास गंभीर हालत में मासूम बच्ची को बरामद किया गया। बच्ची के हालात साफ़इशारा कर रहे थे कि उसके साथ किस कदर दरिंदगी की गई है। पीड़िता के मुताबिक किसी ने नशे की गोली उसे खिला दी, फिर वह बेसुध हो गई। सुबह उसे मंदिर के पास छोड़ कर वहशी दरिन्दे चले गए। हरगांव पुलिस बच्ची व उसके दादा दादी को थाने में ले जाकर घटना के संबंध में जानकारी लेने में जुटे हुए हैं। इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली वारदात को लेकर बच्ची के बाबा ने पूरी जानकारी दी।

## आवारा पशुओं को लेकर रखी गई गौशाला की नींव



**निघासन-खीरी।** ग्राम पंचायत सिंगहा कलां में आवारा पशुओं से परेशान किसानों की समस्याओं को देखते हुए ग्राम प्रधान सुनीता देवी उर्फ ब्रज रानी के द्वारा गौशाला निर्माण हेतु नींव पूजन का कार्यक्रम कराया गया। निघासन ब्लाक संघ अध्यक्ष श्याम मोहन दीक्षित, झब्बू लाल शुक्ला, मुनेश शुक्ला, विकास दत्त मिश्रा, छैल बिहारी दीक्षित, डा. अनिल गुप्ता, राम मोहन दीक्षित, मुन्ना लाल शाह, केसराम वर्मा मास्टर, राम किशोर लोधी, राम चंद्र शाक्य, उमेश शाक्य, गोपाल शर्मा, गौरव दीक्षित, संत राम कनौजिया, गया प्रसाद विश्वकर्मा, अंकित मिश्रा, रजनीश जयसवाल, सुभाष वर्मा, अभिजीत विश्वास, कौशल कनौजिया एवं पंचायत के गणमान्य लोगों के अथक प्रयासों से सिंगहा खुर्द में सभी लोगों की उपस्थिति में गौशाले का उद्घघाटन संपन्न कराया गया।

# कंपोजिट विद्यालय संपूर्णानगर को मिला बेस्ट स्कूल ऑफ द वीक का खिताब

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**एक ऐसा** परिषदीय विद्यालय जहां के बच्चे हर फन में पारंगत होने को आतुर हैं। यहा की कक्षाएं किसी हाईप्रोफाइल कांवेंट की कक्षाओं से रेस करती नजर आती हैं। कमरों की दीवारें भी ज्ञान बांटती दिखती हैं। सुबह की प्रार्थना बैंड की धुन पर होती है। स्टार पाने के लिए यहा के छात्रों में होड़ मची होती है। ऐसा ही है जनपद खीरी का सुदूरवर्ती ब्लॉक पलिया का कंपोजिट विद्यालय संपूर्णानगर। अध्यापकों की मेहनत से यह विद्यालय अब कावेंट विद्यालयों को पीछे छोड़ने की राह पर आगे बढ़ रहा है। जिले का यह सुदूरवर्ती विद्यालय पिछले कुछ महीनों में तेजी से विकास कर रहा है।

खीरी में इन दिनों परिषदीय विद्यालयों में एक दूसरे से बेहतर बनने की होड़ मची है। यह प्रतिस्पर्धा डीएम महेंद्र बहादुर सिंह द्वारा दिए गए टास्क से शिक्षकों के मन में उत्पन्न हुई है। डीएम ने हर सप्ताह एक सर्वश्रेष्ठ विद्यालय घोषित करने की एक श्रंखला शुरू की फिर क्या शिक्षक अपने विद्यालय को सर्वश्रेष्ठ बनाने के लिए पूरे जी-जान से जुट गए। इस सप्ताह पलिया ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय संपूर्णानगर को सर्वश्रेष्ठ विद्यालय के रूप में चुना गया।

विद्यालय की महिला शिक्षक ने इंचार्ज प्रधानाध्यापक के रूप में कार्यभार संभालने के बाद विद्यालय की स्थिति को बदलने की ठानी। उनके इस सकारात्मक प्रयास को ग्राम प्रधान का भरपूर सहयोग मिला और विद्यालय की दशा ही बदल गई। जर्जर कक्षों को मजबूत और आकर्षक बना दिया है। प्रधानाध्यापक ने विद्यालय से बच्चों के फर्जी नामों को छाटा और उसे उपस्थिति पंजिका से बाहर कर दिया। अपनी टीम के साथ हरविंदर कौर विद्यालय को आगे बढ़ाने में लगी हैं।

कंपोजिट विद्यालय संपूर्णानगर बच्चों के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ मानसिकए शारीरिक विकास का कार्य भी मनोयोग से कर रहा। इसके परिणाम स्वरूप विद्यालय का नामांकन 2019 में 480 था जो वर्तमान में 700 है। नामांकन के लिए अभिभावकों में अत्यंत उत्साह रहता है। विद्यालय अपने आसपास के क्षेत्रों में अपनी शिक्षा एवं सुविधाओं के लिए लोकप्रिय है।

शिक्षक हरविंदर कौर ने विद्यालय में वर्ष 2019 में इंचार्ज प्रधानाध्यापक के रूप में कार्यभार संभाला तो विद्यालय बाउंड्री विहीन था। उन्होंने अपने वेतन से न केवल विद्यालय की बाउंड्री बनवाई बल्कि बच्चों को सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ने के लिए विद्यालय में सांस्कृतिक मंच भी बनवाया।

प्रार्थना सभा में बच्चों को नैतिक शिक्षा दी जाती है। कक्षा के मानीटर छात्र-छात्रओं के बालए नाखून, ड्रेस आदि की जाच करते हैं। हिन्दी व अंग्रेजी में स्वच्छता आदि की प्रतिज्ञा होती है। आदर्श वाक्य सुनाए जाते हैं। समाचारों से अवगत कराया जाता है। सोमवार व शनिवार को बैंड की धुन पर पीटी होती है। इस विद्यालय में व्यक्तित्व विकास के कार्यक्रम बड़े पैमाने पर चलाए जाते हैं। नो बैग डे के दिन आर्ट.क्राफ्टए संगीत आदि का प्रशिक्षण दिया जाता है। बच्चों के लिए विद्यालय के पास अपना साउंड सिस्टम भी है। बच्चों के बीच सामान्य ज्ञानए भाषण व वाद.विवाद की प्रतियोगिताएं भी कराई जाती हैं। सास्कृतिक कार्यक्रमों को लेकर भी इस विद्यालय के बच्चे खासा उत्साहित रहते हैं।

## हास्पिटल संचालक की लापरवाही से नवजात शिशु की चली गई जान

**निघासन-खीरी।** संजीवनी हास्पिटल नाम से बेलरायां में गांधी इंटर कॉलेज के सामने संचालित हास्पिटल संचालक की लापरवाही से एक नवजात शिशु की मौत हुई थी। आरोप है कि डिलीवरी के समय मौके पर कोई महिला डाक्टर मौजूद नहीं थी। आरोप पीड़िता को हास्पिटल संचालक ने अपने पक्ष में बयान देने को लेकर मारा पीटा था। पीड़ित ने उक्त हास्पिटल संचालक पर जांच कर न्याय की गुहार लगाई। थाना दिवस में शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। वहीं इस संदर्भ में संजीवनी हास्पिटल निघासन रोड निकट ग्रीन फील्ड एकेडमी के डाक्टर पवन तिवारी ने बताया कि हमारी बेलरायां में इस नाम से कोई शाखा नहीं चल रहीं हैं। यदि चल रही है तो वह फर्जी है।

**दो पक्षों में फायरिंग से मची अफरा-तफरी:** बरेली। दो पक्षों के बीच हुई फायरिंग से एक युवक के पैर में गोली लग गई जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।कैंट थाना क्षेत्र के गांव मोहनपुर निवासी मुनव्वर के लड़के अमन को आज घायल अवस्था में जिला अस्पताल लाया गया उसके पैर में गोली लगी थी जहां अमन ने बताया कि वह अपने एक दोस्त से मिलने के लिए बिथरी चौनपुर थाना क्षेत्र के गांव उमरिया गया था।

# पेज एक का शेष

## माणिक साहा...

आवास पर हुई एक बैठक में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष साहा को भाजपा विधायक दल का नेता चुन लिया गया। नड्डा ने कहा, माणिक साहा को बधाई जिन्हें त्रिपुरा का मुख्यमंत्री बनाए जाने की घोषणा की गई है। उन्हें राज्य का नेतृत्व करने और राज्य को सभी के लिए प्रगति और विकास के लिए आगे ले जाने के लिए मेरी शुभकामनाएं।

## मुंडका अग्निकांड...

(22), हरजीत (23), नितिन (24), अविनाश (29), संध्या (22), धनवती (21), बिमला (43), आयशा (24) और ममता (52) शामिल हैं।

## मृतकों के...

के बाद पता चलेगा कि कौन अधिकारी या एजेंसी हादसे के लिए जिम्मेदार थी। केजरीवाल ने इस हादसे में मौत की संख्या के सवाल पर कहा कि वह अभी आधिकारिक रूप से मृतकों की संख्या के बारे में कुछ कहने की स्थिति में नहीं है। गुमशुदा की रिपोर्ट करने वाले लोगों की मदद के लिए हेल्प डेस्क लगायी गई है। बिल्डिंग में लगी आग बहुत ही भीषण थी। कई शव इतने क्षत-विक्षत हो गए हैं कि अभी तक उनकी पहचान भी नहीं हो पाई है। डीएनए आदि की जांच पूरी होने के बाद ही मृतकों की वास्तविक संख्या का पता चल सकेगा। एफएसएल के जरिए शवों की डीएनए जांच कर पहचान कर कराएंगे कि कौन शव किस परिवार का है। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने घटना स्थल का दौरा करने के बाद ट्वीट कर कहा मुंडका में हुआ हादसा बेहद दु:खद है। इस हादसे में कई लोगों ने अपनों को खोया है। स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने भी घटना स्थल का दौरा किया।

## कांग्रेस में...

को 50 प्रतिशत से अधिक किया जाए, हालांकि फिलहाल यही तय हुआ है कि इसे 50 प्रतिशत किया जाए। उनके अनुसार, एसएसी, एसटी के भीतर कई उपजातियां हैं और ऐसे में पार्टी को इन उपजातियों को विशेष तवज्जो देने की जरूरत है जिनको अब तक उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिल पाया है। राजू ने कहा कि हम यह सिफारिश करने जा रहे हैं कि ब्लॉक कमेटी, जिला कमेटी, प्रदेश कांग्रेस कमेटी और कांग्रेस कार्य समिति की साल में कम से कम एक बैठक एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यकों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करने के लिए बुलाई जाए। उनके अनुसार, समूह ने सिफारिश की है कि पार्टी को जाति आधारित जनगणना के पक्ष में रुख अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि एससी-एसटी सब-प्लान को लेकर केंद्रीय कानून और राज्यों में कानून बनाने की जरूरत है। सरकारी क्षेत्र में नौकरियां कम हो रही हैं। ऐसे में हमारा समूह यह सिफारिश कर रहा है कि निजी क्षेत्र की नौकरियों में भी एससी, एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण होना चाहिए। उन्होंने कहा कि संसद और विधानसभाओं में ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षण का प्रावधान करने की भी पैरवी की गई है। समिति में यह सहमति बनी है कि महिला आरक्षण विधेयक को आगे बढ़ाना चाहिए और इसमें कोटा के भीतर कोटा होना चाहिए। इसमें एससी, एसटी और ओबीसी समुदायों की महिलाओं के लिए आरक्षण की व्यवस्था होनी चाहिए। महिला आरक्षण मामले पर पहले के रुख में बदलाव पर कांग्रेस की वरिष्ठ नेता कुमारी सैलजा ने कहा कि इस पर (कोटा के भीतर कोटा) ऐतराज कभी नहीं था। उस समय गठबंधन की सरकार थी। सबको एक साथ लेना मुश्किल था। उस समय हम इसे पारित नहीं करा पाए। समय के साथ बदलना चाहिए। आज यह महसूस होता है कि इसे इसी प्रकार से आगे बढ़ना चाहिए। यह पूछे जाने पर कि क्या कांग्रेस सोशल इंजीनियरिंग का फॉर्मूला अपना रही है, पार्टी के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद ने कहा कि सोशल इंजीनियरिंग के माध्यम से सामाजिक न्याय होता है। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय सलाहकार समिति बनेगी और उसके साथ एक विभाग संबद्ध होगा जो देश में डेटा एकत्र करेगा तथा फिर यह तय किया जाएगा कि सोशल इंजीनियरिंग कैसे की जानी है।

## सुनील जाखड़...

नाम चिंता शिविर होना चाहिए था, न कि चिंतन शिविर क्योंकि पार्टी को इस बैठक में अपने भविष्य की चिंता करनी थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकारों पर हमेशा ए आरोप लगते रहे हैं कि उनमें एक किचन कैबिनेट और नेताओं की एक कोठरी हुआ करती है। जाखड़ ने आरोप लगाया कि 20 साल की उनकी सक्रिय राजनीति में यह कोठरी अब गैंग में तब्दील हो चुकी है। उन्होंने कहा कि वह बड़ी जिम्मेदारी से यह आरोप लगा रहे हैं। पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस के लिए गांधी परिवार बहुत आवश्यक है और राहुल गांधी बहुत ही अच्छे व सही व्यक्ति हैं। उन्होंने कहा कि वह राहुल गांधी की वजह से ही इतने साल तक कांग्रेस में रहे। हालांकि उन्होंने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष को सलाह देते हुए कहा, अगर आप दोस्त और दुश्मन का फर्क नहीं करेंगे तो आप यह नहीं समझ पाएंगे कि कौन आपके लिए संपत्ति साबित हो सकता है और कौन बोझ।

## गुना में...

दो कांस्टेबल निलेश भार्गव तथा संतराम मीणा की मौत हो गई। उन्होंने कहा, यह घटना बेहद दुखद और हृदय विदारक है। अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे एक मिसाल कायम होगी। पुलिस विभाग और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री आवास पर हुई बैठक के बाद मिश्रा ने कहा कि घटना में शामिल सात शिकारियों और बदमाशों की पहचान कर ली गई है। वहीं, मुख्यमंत्री ने कहा, हमारे पुलिसकर्मियों ने गुना में शिकारियों को रोकते हुए अपने प्राणों की आहुति दे दी। इन पुलिसकर्मियों को शहीदों का दर्जा देकर उनके परिवारों को एक-एक करोड़ रुपए की अनुग्रह राशि और प्रत्एक शहीद के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाएगी। शिवराज ने बताया कि घटना के बाद मौके पर देरी से पहुंचने को लेकर आईजी ग्वालियर का तबादला करने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश के गृह विभाग ने बाद में आईजी के तबादले का आदेश जारी किया, जिसमें शर्मा की जगह डी श्रीनिवास वर्मा को नया आईजी नियुक्त करने की जानकारी दी गई है। शिवराज ने कहा, घटना में शामिल अपराधियों की पहचान कर ली गई है। गोलीबारी में मारे गए एक व्यक्ति का शव भी पास के गांव से बरामद किया गया है। आगे की जांच जारी है।

## लू के...

दर्ज किया गया जो सामान्य से पांच डिग्री अधिक है। यह इस सीजन का अब तक का सबसे ज्यादा तापमान है। सफरजंग वेधशाला में दर्ज पारे को शहर का अधिकारिक तापमान माना जाता है। इसमें शुक्रवार को पारा 42.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। दिल्ली के अन्य मौसम केंद्रों में भी पारा 45 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहा। स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में तापमान 46.9 डिग्री, पीतमपुरा में 46.4 डिग्री, जाफरपुर में 45.8 डिग्री और रिज एवं आयानगर में 45.4 डिग्री सेल्सियस रहा। कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के कारण 1951 के बाद अप्रैल दूसरी बार सबसे गर्म महीना रहा। महीने का अधिकतम औसत तापमान 40.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। निजी मौसम पूर्वानुमान एजेंसी स्काईमेट में उपाध्यक्ष (मौसम एवं जलवायु परिवर्तन) महेश पलावत ने कहा कि दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में चल रही गर्म और शुष्क पछुआ हवाएं पारे को और ऊपर ले जाएंगी। उन्होंने कहा कि पंजाब और हरियाणा के ऊपर चक्रवाती परिसंचरण से मानसून पूर्व गतिविधियों का आगाज होगा, जिससे लोगों को सोमवार और मंगलवार को भीषण गर्मी से कुछ राहत मिलेगी।

## केंद्र ने...

मंत्रालय ने फरवरी के मध्य में भारत की 2021-22 गेहूं की फसल का रिकॉर्ड 111.3 मिलियन टन होने का अनुमान लगाया था, लेकिन तब से यह अनुमान घटाकर लगभग 95 मिलियन टन कर दिया गया। इसके अलावा, सरकार पर मुद्रास्फीति पर लगाम लगाने का दबाव है जो अप्रैल में बढ़कर 7.79 % हो गई। यह प्रतिबंध सरकार द्वारा अपनी बड़ी निर्यात योजनाओं की घोषणा के एक दिन बाद आया है। केंद्र सरकार गेहूं के निर्यात को बढ़ावा देने की संभावनाओं की खोज के लिए मोरक्को, ट्यूनीशिया, इंडोनेशिया, फिलीपींस, थाईलैंड, वियतनाम, तुर्की, अल्जीरिया और लेबनान में व्यापार प्रतिनिधिमंडल भेजेगी। एक सरकारी बयान में गुरुवार को कहा गया कि 2022-23 वैश्विक स्तर पर अनाज की बढ़ती वैश्विक मांग के बीच भारत ने रिकॉर्ड 10 मिलियन टन गेहूं का लक्ष्य रखा है।

# न्याय से इनकार करने पर फैलेगी अराजकता : सीजेआई रमण

**भाषा।** श्रीनगर



**भारत के** प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) एन. वी. रमण ने शनिवार को कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए यह जरूरी है कि लोग महसूस करें कि उनके अधिकारों और सम्मान को मान्यता दी गई है और उन्हें संरक्षित किया गया है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि न्याय से इनकार करने से अंतत: अराजकता फैलेगी। सीजेआई ने यहां एक समारोह को संबोधित करते हुए वकीलों और न्यायाधीशों से वादियों के लिए अनुकूल माहौल बनाने का आग्रह किया, जो अक्सर बहुत अधिक मनोवैज्ञानिक दबाव में होते हैं।

उन्होंने अफसोस जताया कि भारत में न्याय प्रदान करने का तंत्र बहुत जटिल और महंगा है और देश अदालतों को समावेशी और सुलभ बनाने में बहुत पीछे है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, एक स्वस्थ लोकतंत्र के कामकाज के लिए, यह जरूरी है कि लोग महसूस करें कि उनके अधिकार और सम्मान सुरक्षित और मान्यता प्राप्त हैं। विवादों का शीघ्र निपटारा एक स्वस्थ लोकतंत्र की पहचान है। उन्होंने कहा, न्याय से इनकार अंतत: अराजकता की ओर ले जाएगा। जल्द ही न्यायपालिका अस्थिर हो जाएगी क्योंकि लोग अतिरिक्त न्यायिक तंत्र की तलाश करेंगे। सीजेआई जम्मू-कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय के लिए नए परिसर की आधारशिला रखने यहां आए थे।उन्होंने कहा, शांति तभी कायम होगी, जब लोगों की गरिमा और अधिकारों को मान्यता दी जाएगी और उन्हें संरक्षित किया जाएगा। न्यायमूर्ति रमण ने कहा कि भारत में अदालतों के पास अधिकारों के अधिनिर्णय और संविधान की आकांक्षाओं को बनाए रखने का संवैधानिक कर्तव्य है। उन्होंने कहा, कानून के शासन और मानवाधिकारों के संरक्षण के लिए सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है- सभी को त्वरित और किफायती न्याय प्रदान करने में औपचारिक न्याय प्रणाली की अक्षमता। भारत में न्याय वितरण तंत्र बहुत जटिल और महंगा है। उन्होंने कहा, प्रौद्योगिकी न्यायपालिका के लिए सशक्त सहायक की भूमिका निभा रही है। अब, आभासी अदालतें समय, लागत और दूरी को कम करके पहुंच के अंतराल को पाट रही हैं। लेकिन भारत जैसे देश में, जहां एक विशाल डिजिटल विभाजन अब भी मौजूद है, तकनीकी नवाचारों की पूरी क्षमता के दोहन के लिए बहुत कुछ किए जाने की जरूरत है। सीजेआईने कहा, बुनियादी ढांचे की समस्याओं को हल करना मेरे दिल के बहुत करीब है। मैंने बुनियादी ढांचे के विकास और आधुनिकीकरण की आवश्यकता पर लगातार जोर दिया है। दुख की बात है कि स्वतंत्रता के बाद, आधुनिक भारत की बढ़ती जरूरतों की पूर्ति के लिए न्यायिक बुनियादी ढांचे में बदलाव नहीं किया गया है। उन्होंने कहा, हम अपनी अदालतों को समावेशी और सुलभ बनाने में बहुत पीछे हैं। अगर हम इस पर तत्काल ध्यान नहीं देते हैं, तो न्याय तक पहुंच का संवैधानिक आदर्श विफल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला अदालतें न्यायपालिका की नींव हैं। उन्होंने कहा, नींव मजबूत होने पर ही पूरी व्यवस्था फल-फूल सकती है। जैसा कि मैंने पहले उल्लेख किया है, देश भर में न्यायिक बुनियादी ढांचे की स्थिति संतोषजनक नहीं है। अदालतें किराए के भवनों से और दयनीय परिस्थितियों में चल रही हैं। मुख्य न्यायाधीश ने अपने 20 मिनट से अधिक के भाषण की शुरुआत कवि अली जवाद जैदी के इस प्रसिद्ध रचना के साथ की- मुद्दतों बाद जो आया हूं इस वादी में, एक नया हुस्न, नया रंग नजर आता है। सीजेआई ने कहा, मुझे इस स्वर्ग में कई बार आने का सौभाग्य मिला है, लेकिन हर बार मैं इसकी सुंदरता से चकित हो जाता हूं और इसके आतिथ्य से हिल जाता हूं। यह एक ऐसी भूमि है जहां चार मौसमों का अनुभव होता है। उन्होंने कहा, यहां के लोगों की दया और कश्मीर की समृद्ध संस्कृति, इस खूबसूरत भूमि पर आने वाली हर आत्मा को बदल देती है। सीजेआई ने कहा, एक अन्य पहलू जिस पर मैं प्रकाश डालता रहता हूं, वह है रिक्तियों को भरने की आवश्यकता। जिला न्यायपालिका में 22 प्रतिशत पद अब भी खाली पड़े हैं। इन पदों को भरने के लिए तुरंत कदम उठाए जाने चाहिएं। उन्होंने कहा, सभी न्यायाधीशों के लिए सुरक्षा और आवास प्रदान करने के लिए भी उचित कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। मुख्य न्यायाधीश रमण ने कहा कि न्याय को हकीकत में बदलने के लिए न्यायाधीशों और वकीलों को कड़ी मेहनत करने की शपथ लेनी चाहिए।

# राउत ने एक देश, एक भाषा की वकालत की

**भाषा।** मुंबई

**शिवसेना नेता** संजय राउत ने शनिवार को एक देश, एक भाषा की वकालत की। उन्होंने कहा कि हिंदी पूरे भारत में बोली जाती है और उसकी स्वीकार्यता भी है। राउत ने कहा कि केंद्रीय मंत्री अमित शाह को यह चुनौती स्वीकार करनी चाहिए कि सभी राज्यों में एक भाषा हो। उनकी यह टिप्पणी तब आई है, जब करीब एक महीने पहले शाह ने कहा था कि हिंदी को अंग्रेजी के विकल्प के तौर पर स्वीकार किया जाना चाहिए, न कि स्थानीय भाषाओं के विकल्प के तौर पर। उनके इस बयान का दक्षिणी राज्यों में कई प्रतिष्ठित नेताओं ने विरोध किया था। राउत ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में यह टिप्पणी की। उनकी यह टिप्पणी तमिलनाडु के शिक्षा मंत्री के पोनमुडी से जुड़े एक सवाल के जवाब में आई है, जिन्होंने एक दिन पहले हिंदी को कथित तौर पर थोपने की किसी भी कोशिश की निंदा की थी और उन दावों पर सवाल उठाए थे कि इस भाषा को सीखने से रोजगार मिलेगा।

हिंदी सीखने वालों के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध होने का दावा करने वालों पर निशाना साधते हुए पोनमुडी ने पूछा था कि अभी कोयंबटूर में पानी पूरी कौन लोग बेच रहे हैं। उनका इशारा स्पष्ट रूप से इस कार्य से जुड़े हिंदी भाषी विक्रेताओं की ओर था। तमिलनाडु के मंत्री की टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर राउत ने कहा कि उनकी पार्टी ने हमेशा हिंदी का सम्मान किया है। शिवसेना नेता ने कहा, मुझे सदन में जब भी मौका मिलता है, मैं हिंदी में बोलता हूं, क्योंकि देश को सुनना चाहिए कि मैं क्या कहना चाहता हूं, यह राष्ट्र की भाषा है। हिंदी इकलौती भाषा है, जिसकी स्वीकार्यता है और पूरे देश में इसे बोला जाता है। राउत ने यह भी कहा कि हिंदी फिल्म उद्योग देश-दुनिया में गहरा प्रभाव रखता है। इसलिए किसी भी भाषा का अपमान नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को यह चुनौती स्वीकार करनी चाहिए कि सभी राज्यों में एक भाषा हो। एक देश, एक संविधान, एक निशान और एक भाषा होनी चाहिए। शिवसेना के मुख्य प्रवक्ता ने कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे की रैली ऐतिहासिक और क्रांतिकारी होगी। राउत के मुताबिक, पूरा देश यह जानने के लिए उत्साहित है कि ठाकरे जनसभा के दौरान क्या कदम उठाएंगे। उन्होंने कहा, कुछ लोग महाराष्ट्र में माहौल बिगाड़ना चाहते हैं, महा विकास आघाडी (एमवीए) सरकार को बदनाम करनाा चाहते हैं और राज्य सरकार को अस्थिर करना चाहते हैं। शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे इन सभी को करारा जवाब देंगे। एक सवाल के जवाब में राउत ने कहा कि शिवसेना संस्थापक बाल ठाकरे इकलौते हिंदू हृदय सम्राट थे, हैं और रहेंगे। राजस्थान के उदयपुर में कांग्रेस पार्टी के चिंतन शिविर से जुड़े एक सवाल के जवाब में शिवसेना नेता ने कहा कि देश की सबसे पुरानी पार्टी को खुद अपने आप को उठाना चाहिए, केवल तभी देश किसी बदलाव की उम्मीद कर सकता है।

# लड़की को मंच पर बुलाने का विरोध करने वाले के समर्थन में आए मुस्लिम बुद्धिजीवी

**भाषा।** कोझिकोड (केरल)

**केरल के** मलाप्पुरम जिले में एक लड़की को मंच पर बुलाने के खिलाफ कुछ दिन पहले मुस्लिम बुद्धिजीवी द्वारा की गई कथित टिप्पणी को लेकर विवाद हो गया। हालांकि, समस्त केरल जमीयत-उल-उलेमा ने शनिवार को कथित टिप्पणी करने वाले बुद्धिजीवी का समर्थन किया। संगठन ने कहा कि यह छात्रा को किसी असहजता से बचाने के लिए किया गया था, जो मंच पर जाने से संकोच कर रही थी और वहां पर लोग जमा थे। समस्त के अध्यक्ष जाफरी मुतुक्कोया थंगल ने 10 कक्षा की इस छात्रा का कार्यक्रम के दौरान अपमान करने के आरोप को खारिज कर दिया। उन्होंने दावा किया कि न तो लड़की ने और न ही उसके परिवार ने इस मामले में शिकायत दर्ज कराई है। थंगल ने रेखांकित किया कि विद्वत निकाय कुछ विश्वासों और निर्णयों को मानता है जिन्हें बदला नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि यहां तक इस संदर्भ में अपमान शब्द का इस्तेमाल गलत है। थंगल ने कहा कि समस्त (ऑल केरल उलेमा एसोसिएशन) में पुरुषों और महिलाओं के मंच साझा करने की परंपरा नहीं रही है। उन्होंने कहा, लड़की का (कार्यक्रम के दौरान) चेहरा देखने के बाद स्कॉलर ने महसूस किया कि वह उस मंच पर आने को लेकर संकोच महसूस कर रही, जहां पर उस्ताद बैठे हैं। उन्होंने सोचा कि अन्य लड़कियों में भी इसी तरह का भय होगा अगर उन्हें मंच पर बुलाया जाता है। इसलिए उन्होंने आयोजकों से कहा कि लड़कियों को मंच पर नहीं बुलाए। गौरतलब है कि यह घटना मलाप्पुरम में मदरसा की इमारत के उद्घाटन के लिए आयोजित कार्यक्रम के दौरान हुई थी जहां पर विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया था। इस कार्यक्रम में लड़की को स्मृति चिह्न इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग नेता पनक्कड सैयद अब्बास अली शिहाब थंगल ने दिया था।

# पवार के बारे में अपमानजनक पोस्ट के मामले में मराठी अभिनेत्री गिरफ्तार

**भाषा।** मुंबई

**राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी** (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार के बारे में सोशल मीडिया पर अपमानजनक पोस्ट साझा करने के आरोप में मराठी अभिनेत्री केतकी चिताले को ठाणे पुलिस ने नवी मुंबई से शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। मराठी में लिखे पोस्ट को शुक्रवार को चिताले ने साझा किया था जिसे कथित रूप से किसी और ने लिखा है। इसमें सिर्फ उपनाम पवार और 80 साल की उम्र का उल्लेख है। राकांपा के अध्यक्ष 81 साल के हैं।

पोस्ट में नरक इंतज़ार कर रहा है और आप ब्राह्मणों से नफरत करते हो जैसे शब्द लिखे हैं जो कथित रूप से पवार की ओर इशारा करते हैं। पवार की पार्टी राज्य में सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा है जिसमें शिवसेना और कांग्रेस भी शामिल हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा,, स्वप्निल नेटके की शिकायत पर चिताले के खिलाफ ठाणे के कलवा थाने में शनिवार को मामला दर्ज किया गया। चिताले



(29) को ठाणे पुलिस की अपराध शाखा ने नवी मुंबई से गिरफ्तार किया। नवी मुंबई के कलम्बोली थाने के बाहर राकांपा की महिला इकाई की कार्यकर्ताओं ने शनिवार शाम को चिताले पर काली स्याही और अंडे फेंके।अधिकारी ने बताया कि इससे पहले कलवा थाने में उनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 500 (मानहानि), 501 (मानहानिकारक बात को मुद्रित या उत्कीर्ण करना), 505 (2) (वर्गों के बीच शत्रुता, घृणा या दुर्भावना को बढ़ावा देने वाला कोई बयान, अफवाह या रिपोर्ट बनाना, प्रकाशित करना या प्रसारित करना) और 153 ए (लोगों के बीच शत्रुता फैलाना) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुणे में भी एक राकांपा कार्यकर्ता की शिकायत पर अभिनेत्री के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस की साइबर इकाई ने चिताले के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 153 (ए), 500 और 505 (2) के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। धुले में भी एक राकांपा नेता की शिकायत पर चिताले और नितिन भावे के खिलाफ इन्हीं धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। हालांकि इसमें धारा 34 (सामान्य इरादा) भी जोड़ी गई है। पोस्ट को कथित रूप से भावे ने लिखा था जिसे चिताले ने साझा किया। इस बीच, जब नांदेड़ में पत्रकारों ने राकांपा प्रमुख से इस प्रकरण के बारे में पूछा, तो पवार ने कहा कि वह चिताले को नहीं जानते और उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है कि उन्होंने सोशल मीडिया पर उनके बारे में क्या पोस्ट किया है। उन्होंने सवाल के जवाब में कहा, मैं उस महिला को नहीं जानता और यह भी नहीं जानता कि आप (अभिनेत्री के पोस्ट के बारे में) क्या कह रहे हैं।

वरिष्ठ नेता ने कहा कि उनके लिए इस मुद्दे पर तब तक टिप्पणी करना सही नहीं होगा जब तक उन्हें यह मालूम न हो जाए कि अभिनेत्री ने क्या किया है। नेत्री केतकी चितले के खिलाफ महाराष्ट्र के ठाणे शहर में शनिवार को एक मामला दर्ज किया गया। वहीं राकांपा नेताओं ने अभिनेत्री के खिलाफ सख्त कार्वाई की मांग की। ऐसा आरोप है कि टेलीविजन एवं फिल्म अभिनेत्री चितले द्वारा एक दिन पहले साझा किया गया पोस्ट किसी और ने लिखा था। मराठी में लिखे पोस्ट में राकांपा प्रमुख का कोई सीधा उल्लेख या उनका पूरा नाम नहीं लिखा है। हालांकि इसमें पवार उपनाम और 80 वर्ष की आयु लिखी है। राकांपा नेता 81 वर्ष के हैं। नरक इंतजार कर रहा है और आप ब्राह्मणों से नफरत करते हैं जैसी टिप्पणियां पोस्ट में लिखी हैं जो कथित तौर पर वरिष्ठ नेता की आलोचना है।

## पवार के खिलाफ ट्वीट करने पर छात्र गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र के नासिक जिले में शनिवार को फार्मेसी के 23 वर्षीय एक छात्र को ट्विटर पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि नासिक के सताना निवासी निखिल भामरे को डिंडोरी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। निखिल ने अपने ट्वीट में कहा था कि बारामती के गांधी के लिए बारामती का नाथूराम गोडसे बनाने का समय आ गया है। हालांकि, उन्होंने ट्वीट में किसी नेता या राजनीतिक दल के नाम का जिक्र नहीं किया था। राज्य के पुणे जिले का एक शहर बारामती, शरद पवार का गृह क्षेत्र है। महात्मा गांधी का हत्यारा गोडसे भी इस शहर से था। अधिकारी ने कहा ट्वीट की जांच के बाद महाराष्ट्र साइबर सेल ने आगे की कार्वाई के लिए नासिक ग्रामीण पुलिस को सूचित किया था। अधिकारी ने कहा कि भामरे पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 153 (ए) (विभिन्न समूहों के बीच वैमनस्य को बढ़ावा देना), 500 (मानहानि), 504 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान), 506 (आपराधिक भयादोहन) के तहत आरोप लगाए गए हैं। इससे पहले राकांपा नेता आनंद परांजपे ने भामरे के खिलाफ ठाणे शहर के नौपाड़ा थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। महाराष्ट्र के मंत्री और राकांपा नेता जितेंद्र आव्हाड ने भी मुंबई और ठाणे के पुलिस आयुक्तों और राज्य के पुलिस महानिदेशक को भामरे के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए ट्वीट किया था।

# ओवैसी का औरंगजेब की कब्र का दौरा महाराष्ट्र में नए विवाद की कोशिश तो नहीं : पवार

**भाषा।** नांदेड़, मुंबई

**एआईएमआईएम नेता** अकबरुद्दीन ओवैसी के मुगल बादशाह औरंगजेब की कब्र पर जाने को लेकर गत कई दिनों से विवाद चल रहा है। इस मामले पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार ने शनिवार को अश्चर्य व्यक्त करते हुए आशंका जताई कि कहीं इसका उद्देश्य शांत महाराष्ट्र में नया विवाद खड़ा करने की कोशिश तो नहीं है। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिममीन (एआईएमआईएम) नेता ओवैसी बृहस्पतिवार को औरंगजेब की कब्र पर गए थे। इसको लेकर राज्य में विवाद पैदा हो गया था और शिवसेना और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) ने कड़े शब्दों में इसकी निंदा की थी।

नांदेड़ में पत्रकारों ने जब इस घटना के बारे में पूछा तो पवार ने कहा, ए लोग महाराष्ट्र और भारत का इतिहास जानते हैं। औरंगजेब ने अपने काल में क्या किया यह भी जानते हैं। यह सही नहीं है कि कोई महाराष्ट्र के बाहर का राज्य में आए और नया मुद्दा खड़ा करे। यह शांतिपूर्ण तरीके से चल रहे राज्य में नया विवाद खड़ा करने के लिए किया जा रहा है।

आगामी राज्यसभा चुनाव के सवाल पर राकांपा प्रमुख ने कहा कि उनकी पार्टी और सहयोगी शिवसेना के पास सांसद चुनने के लिए जरूरी संख्या से अधिक मत हैं। उन्होंने कहा कि इस अतिरिक्त ताकत का इस्तेमाल तीसरी सहयोगी कांग्रेस की मदद में किया जाएगा, अगर वह संख्या में कमी का सामना करती है। उल्लेखनीय है कि महाराष्ट्र में छह राज्यसभा सीटों के लिए 10 जून को मतदान होगा। उन्होंने कहा, हमारे (राकांपा) पास उम्मीदवार के निर्वाचित होने के लिए जरूरी मत से 10 अधिक मत हैं। शिवसेना के पास भी अतिरिक्त मत है। अत: उसको भी कोई समस्या नहीं होगी। हमारी सहयोगी कांग्रेस के पास भी पर्याप्त संख्याबल है। अगर मतों की कमी (कांग्रेस को) होती है तो हमारे लोग उनकी मदद करेंगे। पवार ने कहा कि महा विकास अघाडी (एमवीए)के घटक अगले10-15 दिन में गठबबंधन के बारे में विचार सकते हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव बाद गठबंधन पर विचार किया जा सकता है। पूर्व केंद्रीयमंत्री ने कहा कि शिवसेना, राकांपा और कांग्रेस की एमवीए सरकार सही तरीके से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि वह सरकार के प्रदर्शन से संतुष्ट हैं। जब पूछा गया कि क्या सरकार पांच साल का अपना कार्यकाल पूरा करेगी तो पवार ने कहा, मौजूदा पांच साल का कार्यकाल पूरा करने के बाद अगले पांच साल के लिए जनादेश हासिल करने में (गठबंधन को) कोई समस्या नहीं होनी चाहिए।

# ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के सर्वेक्षण को लेकर विपक्ष की चुप्पी पर ओवैसी ने उठाए सवाल

**भाषा।** अहमदाबाद

**ऑल इंडिया** मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के वीडियो सर्वेक्षण पर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) सहित सभी विपक्षी दलों की चुप्पी पर शनिवार को सवाल उठाया और आरोप लगाया कि ए दल इसलिए चुप हैं, क्योंकि मुसलमान उनके वोट बैंक नहीं हैं। ओवैसी ने कहा कि संविधान मुसलमानों को उनकी संस्कृति और पहचान का पालन करने की अनुमति देता है और हम ऐसा घर और बाहर दोनों जगह करते रहेंगे। एआईएमआईएम के प्रमुख ने यहां ईद मिलाप कार्यक्रम में कहा, कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी जैसे विपक्षी दल ज्ञानवापी मस्जिद के मुद्दे पर चुप क्यों हैं? वे कुछ नहीं कह रहे हैं, क्योंकि मुसलमान उनके वोट बैंक नहीं हैं। भाजपा, कांग्रेस, आप और समाजवादी पार्टी को कट्टरपंथी दल करार देते हुए ओवैसी ने आरोप लगाया कि ए दल चाहते हैं कि मुसलमान घर पर ही मुसलमान रहें और बाहर होने पर उनकी (दलों की) संस्कृति को स्वीकार करें।

हैदराबाद के सांसद ने कहा, भारत का संविधान आपको अपनी संस्कृति, अपनी पहचान का पालन करने की अनुमति देता है। हम ऐसा घर और बाहर दोनों जगह करते रहेंगे। ओवैसी ने कहा, मैं यहां आपको और सरकार को भी बताने आया हूं कि हमने एक बाबरी मस्जिद खो दी है, लेकिन दूसरी मस्जिद नहीं खोएंगे। उन्होंने हमारी (बाबरी) मस्जिद को चालाकी से और न्याय की हत्या करके छीन लिया, लेकिन याद रखें, आप अब एक और मस्जिद को छीनने में सक्षम नहीं हो पाएंगे। उन्होंने कहा कि ज्ञानवापी मस्जिद एक मस्जिद रही है और रहेगी।




नेशनल एकेडमी आफ एग्रिक्लचरल एंड रिसर्च एक कार्यक्रम में छात्रों को सम्मानित करते उपराष्ट्रपति वेंकैया नायूडू

# द आर्चीज से फिल्मी यात्रा आरंभ करेंगी सुहाना खान

**भाषा।** मुंबई

**फिल्मकार जोया** अख्तर ने शनिवार को घोषणा की कि सुहाना खान, खुशी कपूर और अगस्त्य नंदा नेटफ्लिक्स पर आने वाली उनकी फिल्म द आर्चीज से अपने फिल्मी कॅरियर की शुरुआत करने के लिए तैयार हैं। शाहरुख खान और फिल्म निर्माता बोनी कपूर की बेटियां क्रमश: सुहाना खान और खुशी कपूर और अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा उन सात अभिनेताओं में शामिल हैं, जो लाइव-एक्शन म्यूजिकल फिल्म में दिखाई देंगे। अन्य चार कलाकार सुपर 30 के मिहिर आहूजा, डॉट, युवराज मेंदा और वेदांग रैना शामिल हैं। अख्तर ने इंस्टाग्राम पर फिल्म के कलाकारों के बारे में बताते हुए एक टीजर वीडियो साझा किया। उन्होंने कैप्शन में लिखा, पुराने स्कूल जैसा कुछ नहीं है। आर्चीज जल्द ही नेटफ्लिक्स पर आ रहे हैं।

फिल्म निर्माता ने एक अन्य पोस्ट में फिल्म का आधिकारिक पोस्टर भी जारी किया, जिसमें लिखा था, मेमोरी लेन की यात्रा करने के लिए तैयार हो जाएं, क्योंकि आर्चीज जल्द ही नेटफ्लिक्स पर आ रहे हैं। नेटफ्लिक्स ने फिल्म के लिए आर्ची कॉमिक्स के साथ साझेदारी की है, जिसे अख्तर और उनकी लंबे समय से सहयोगी रहीं रीमा कागती अपने प्रोडक्शन बैनर टाइगर बेबी के तहत निर्माण कर रही हैं। द आर्चीज 2023 में नेटफ्लिक्स पर



रिलीज होगी। सोशल मीडिया पर कलाकारों को उनके परिवार के सदस्यों से बधाई संदेश मिले। अगस्त्य नंदा की मां श्वेता बच्चन और नाना अमिताभ बच्चन ने ट्वीट किया, एक और उगता सूरज, मेरे नाती तुम्हें आशीर्वाद। अगस्त्य लव यू। सुहाना खान की मां गौरी खान ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का टीजर साझा किया और सभी सातों कलाकारों की जमकर तारीफ की। उन्होंने लिखा, बधाई। सभी अद्भुत बच्चों और द आर्चीज की टीम को शुभकामनाएं। और इस यात्रा में उनका मार्गदर्शन करने के लिए जोया अख्तर से बेहतर कौन हो सकता है। आपने इसे संभव किया। अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने अपने छोटी बहन खुशी कपूर के लिए एक बधाई संदेश साझा किया। उन्होंने लिखा, मेरी बहन खुशी कपूर मैं दुनिया को यह देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकती कि आप अंदर और बाहर से कितनी खूबसूरत हैं। आपको चमकते हुए देखने के लिए और इंतजार नहीं कर सकती। उनके पिता निर्माता पिता बोनी कपूर ने पोस्ट किया, युवा अभिनेताओं का शानदार समूह, इस प्रतिष्ठित फिल्म में काम करने वाले आप सभी के लिए आकाश ही सीमा है। आपके अपने कॅरियर की बेहतर शुरुआत के लिए नहीं कहा। जोया और उनकी टीम के साथ काम करना सपने के समान है क्योंकि वे बेहतर से कम पर समझौता नहीं करतीं।

# कश्मीरी हिंदुओं का प्रदर्शन जारी, घाटी से स्थानांतरित करने की मांग

**भाषा।** शेखपुरा

**जम्मू-कश्मीर में** कश्मीरी पंडितों को निशाना बनाकर हो रही हत्याओं के खिलाफ कश्मीरी पंडित कर्मचारियों के एक समूह ने शनिवार को भी बडगाम जिले में शेखपुरा ट्रांसिट शिविर में प्रदर्शन किया और समुदाय के लोगों ने उन्हें कश्मीर के बाहर सुरक्षित स्थानों पर बसाने की मांग की। अल्पसंख्यक समुदाय के राहुल भट की लश्कर ए तैयबा के आतंकवादियों ने बृहस्पतिवार को हत्या कर दी थी। कश्मीरी पंडितों की सुरक्षा के लिए सुरक्षाबलों के जवानों का एक दल शिविर के बाहर पहरा दे रहा था। हालांकि, प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि सुरक्षाबलों के जवानों ने उन्हें विरोध मार्च निकालने से रोका।

शेखपुरा ट्रांसिट शिविर में राहुल भट और अन्य कश्मीरी पंडितों का घर है, जिन्हें 2008 में प्रधानमंत्री के रोजगार पैकेज के तहत वहां बसाया गया था। राहुल भट की हत्या के बाद यह शिविर विरोध प्रदर्शन का केंद्र बन गया है। महिलाओं समेत 100 से अधिक कश्मीरी पंडित कर्मचारियों के समूह ने शनिवार को भीषण गर्मी के बीच अस्थाई टैंटों में बैठकर विरोध प्रदर्शन किया। विमल नामक एक कश्मीरी पंडित कर्मचारी ने पीटीआई-भाषा से कहा, यह केंद्र और केंद्र शासित प्रदेश दोनों ही सरकारों की विफलता है। यह अल्पसंख्यक समुदाय के नौवें सदस्य की हत्या है। हम बड़ी समस्याओं का सामना कर रहे हैं, लेकिन इसका कोई समाधान नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रवासी कर्मचारियों को स्वतंत्र रूप से काम करने के लिए एक सुरक्षित वातावरण बनाया जाना चाहिए। विमल ने कहा, हमारे काम करने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम होने चाहिए। हम इस तरह काम नहीं कर सकते हैं और इसलिए, हम सामूहिक रूप से इस्तीफे देने की योजना बना रहे हैं। कश्मीरी पंडित कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि राहुल भट की हत्या के बाद उन्हें शिविर में बंद कर दिया गया है। उनकी मांग है कि ऐसे प्रतिबंधों को हटाया जाए। वेसु ट्रांजिट शिविर में रहने वाले कर्मचारियों का कहना है कि अगर अधिकारियों ने रविवार तक प्रतिबंधों के नहीं हटाया तो बडगाम के शेखपुरा में ट्रांजिट आवास तक मार्च का आयोजन होगा। प्रधानमंत्री रोजगार पैकेज के कर्मचारियों के मंच ने संभागीय आयुक्त पी के पोले को लिखे पत्र में कहा, हम, वेसु ट्रांजिट शिविर के कर्मचारियों ने कल सुबह अपने भाइयों और बहनों के साथ एकजुटता से शेखपुरा और वीरवान कॉलोनी तक मार्च करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि एकजुटता और समर्थन पाने के बजाय, प्रदर्शनकारी कर्मचारियों को राहुल भट हत्या के खिलाफ नाराजगी व्यक्त करने के लिए आंसू गैस के गोले, लाठीचार्ज, नजरबंदी और गिरफ्तारी का सामना करना पड़ रहा है।

# एसजीपीसी को खालिस्तान की मांग का विरोध करना चाहिए : बिट्टा

**शिमला।** ऑल इंडिया एंटी-टेररिस्ट फ्रंट (एआईएटीएफ) के प्रमुख मनिंदरजीत सिंह बिट्टा ने शनिवार को कहा कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) को अतिवादियों द्वारा खालिस्तान की मांग का विरोध करना चाहिए। बिट्टा ने मीडिया से कहा कि उन्होंने हमेशा कहा है कि एसजीपीसी को इस मांग का विरोध करना चाहिए। धर्मशाला में राज्य विधानसभा परिसर के द्वार पर खालिस्तानी झंडे लगाए जाने के कुछ दिनों बाद बिट्टा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के सिखों को भी राज्य के गुरुद्वारों में मांग का विरोध करने के लिए इकट्ठा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि खालिस्तान कभी अस्तित्व में नहीं था और न ही भविष्य में कभी होगा। बिट्टा ने कहा कि केंद्र को सिख फॉर जस्टिस के नेता गुरपतवंत सिंह पन्नून समेत खालिस्तानी नेताओं के खिलाफ धमकी और खालिस्तान समर्थक बयान जारी करने के लिए सख्त कार्वाई करनी चाहिए।

# समाधान दिवस में एसडीएम सीओ ने सुनीं जनसमस्याएं

संवाददाता। कोंच (जालौन)

**महीने** के दूसरे शनिवार को सर्किल के सभी थानों में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान तीन थानों में आईं 12 शिकायतों में 3 समस्याएं मौके पर ही निस्तारित कर दीं गई।

नदीगांव थाना में एसडीएम कृष्ण कुमार सिंह की अध्यक्षता और सीओ शाहिदा नसरीन की मौजूदगी में आयोजित समाधान दिवस में 5 शिकायतें आईं जिनमें एक का भी निस्तारण मौके पर नहीं हो सका। सभी शिकायतें जमीनी विवाद को लेकर थीं। एसडीएम ने अधीनस्थों को हिदायत दी कि समस्या की प्रकृति देखकर उसका गुणवत्तापूर्ण समाधान करें ताकि वही समस्या दोबारा से समाधान दिवस के पटल पर न आए। इस अवसर पर थाना प्रभारीध्ट्रेनी सीओ गौरव सिंह, लेखपाल एवं शिकायतकर्ता मौजूद रहे। कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक बलिराज शाही की अध्यक्षता में निपटे समाधान दिवस में 6 शिकायतें आईं जिनमें 2 का समाधान मौके पर ही कर दिया गया जबकि राजस्व से जुड़ी शेष समस्याओं के निराकरण के लिए पुलिस और राजस्व विभाग की टीमें गठित की गई हैं जो मौकों पर जाकर उनका निस्तारण करेंगी। इस दौरान इंस्पेक्टर क्राइम वीरेंद्र सिंह, एसएसआई आनंद कुमार सिंह, दरोगा संतराम कुशवाहा, रामविनोद, खेमचंद्र तथा कोतवाली क्षेत्र के गांवों के लेखपाल आदि मौजूद रहे। कैलिया थाने में आई 1 शिकायत का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार द्विवेदी मौजूद रहे।



थाना दिवस में समस्यायें सुनते एसडीएम व सीओ — पायनियर

## घर में घुसकर दुष्कर्म करने के आरोप में दर्ज हुआ मुकदमा

**कोंच ( जालौन )।** गत रोज एक महिला ने गांव के ही व्यक्ति पर घर में घुसकर उसके साथ बलपूर्वक दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए थाना पुलिस से कार्यवाही किये जाने की गुहार लगाई थी।वहीं पुलिस ने शनिवार को घटना में आरोपी बनाये गये संतराम पुत्र घमंडी निवासी बेड़ा के खिलाफ दफा 354,457 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है। विदित हो कि कैलिया थाना क्षेत्र के ग्राम बेड़ा की रहने वाली एक महिला ने गत गुरुवार को थाना पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि बीती 3 मई की सुबह करीब 4 बजे उसका पति व बच्चे शौंचक्रिया हेतु घर से बाहर गये हुए थे तभी अकेला मौका पाकर गांव का ही व्यक्ति संतराम उसके घर में घुस आया था और उसके बाल पकड़कर उसे जमीन पर पटक दिया था जिसके बाद उसने बलपूर्वक उसके साथ दुष्कर्म किया।घर से बाहर भागते समय पति व बच्चों समेत मुहल्ले के कई ग्रामीणों ने उसे देख लिया लेकिन वह भागने में कामयाब हो गया था।

# डीएम-एसपी ने सुनी फरियाद

संवाददाता। संतकबीरनगर

**जिलाधिकारी** श्रीमती दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार द्वारा संयुक्त रुप से थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना बखिरा पर समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जहां पर फरियादियों से उनकी समस्याओं को मौके पर सुना गया तथा वहां मौजूद संबंधित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि राजस्व और पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित किया जाये, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न की जाए जिससे आमजनमानस को बिना वजह परेशान होना पड़े। तत्पश्चात वहां मौजूद शिकायत पंजिका का निरीक्षण करते हुए निस्तारित हो चुकी शिकायतों के संबंध मे फीडबैक भी लिया गया। इस अवसर पर राजस्व व पुलिस के अधिकारी / कर्मचारीगण मौजूद रहे। इसी क्रम में जनपद के राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल / थाना पर थाना समाधान दिवस आयोजित कर जनता की समस्याओं को सुना गया तथा प्राप्त प्रार्थना पत्रों की जांच करते हुए उनके त्वरित व विधिक निस्तारण हेतु राजस्व और पुलिस विभाग की टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण कराने हेतु निर्देशित किया गया।



### स्वरोजगार शिविर आयोजित

जालौन (उरई)। ग्रामीण युवाओं अति शीघ्रता को स्वावलंबी बनाने के लिए प्रशिक्षण अभियान चलाया जा रहा है। क्षेत्र पंचायत कार्यालय परिसर में संचालित इंडियन बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा 8 जून से घरेलू बिजली उपकरणों की मरम्मत का प्रशिक्षण शिविर शुरू होने जा रहा है। 30 जून तक चलने वाले प्रशिक्षण के लिए पंजीकरण शुरू कर दिया गया है।

# कुठौंदा बुजुर्ग में खेल गतिविधियां शुरू कराने के दिए गए निर्देश

संवाददाता। जालौन (उरई)

**कुठौंदा** बुजुर्ग में खेल सामग्री मिलने के बाद भी खेल गतिविधियां शुरू नहीं हो सकी हैं। समाजसेवी की शिकायत पर क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी ने खेल के मैदान का निरीक्षण कर दो दिन में खेल गतिविधियां शुरू कराने के निर्देश ग्राम प्रधान को दिए।

कुठौंदा बुजुर्ग में खेल के लिए मैदान उपलब्ध न होने पर खलिहान की भूमि को खलिहान न होने के समय खेल के मैदान के रूप में उपयोग किए जाने के लिए चिन्हित किया गया था। साथ ही ग्राम पंचायत में गठित युवक मंगल दल व महिला मंगल दल के सदस्यों को खेल किट भी उपलब्ध करा दी गई थी। इसके बावजूद अभी तक न तो खेल के मैदान को सही किया गया और न ही खेल गतिविधियां शुरू हुई थीं। जिसको लेकर समाजसेवी गजेंद्र सिंह सेंगर द्वारा जिला युवा कल्याण अधिकारी शिवराम सिंह से शिकायत की गई थी। जिसका संज्ञान लेकर जिला युवा कल्याण अधिकारी ने ब्लॉक में तैनात क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी को खेल गतिविधियां प्रारंभ कराने के निर्देश दिए गए थे। जिला युवा कल्याण अधिकारी के निर्देश पर क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी राघवेंद्र सिंह ने शनिवार को गांव में पहुंचकर खेल के मैदान का निरीक्षण किया।

उन्होंने प्रधान पुष्पेंद्र सिंह को निर्देश दिए कि दो दिन में खेल के मैदान को तैयार कराकर खेल गतिविधियां शुरू कराएं। जिस पर प्रधान ने दो दिन में खेल गतिविधियां शुरू कराने का आश्वासन क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी को दिया।

# ब्रम्हा कुमारियों ने बताये जैविक खेती का महत्व

संवाददाता। चित्रकूट

**आजादी** के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर कार्यक्रमों के तहत चल रहे आत्म निर्भर किसान अभियान के यात्रियों ने चित्रकूट धाम कर्वी के गोबरिया में सेवा केन्द्र प्रभारी/मुख्य संचालिका बीके सुधा व राजापुर सेवा केन्द्र की मुख्य संचालिका बीके सोनू बहन तथा चरखारी सेवा केन्द्र प्रभारी बीके जयदेवी बहन की मौजूदगी कार्यक्रम हुआ। शनिवार को कार्यक्रम शुरु करते हुए बीके जयदेवी बहन ने किसानों को शाश्वत जैविक यौगिक खेती का महत्व बताते हुए कहा कि कृषि के साथ हमारा सौहार्दपूर्ण संबंध स्थापित करके हमे घरेलु सस्ती गाय के गोबर व गौमूत्र से ही बीजामरत, जीवामृत बनाकर व आस-पास में पाए जाने वाले विषैले कसैले पोधो की पत्तियों से ही अर्क तैयार कर रसायनिक व कीटनाशकों की जगह पर यूज करना चाहिए। जिससे हम शुद्ध भोजन प्राप्त कर सकें। अभियान की मुख्य संचालिका बीके सुधा बहन ने व्यसन मुक्त जीवन बनाने की प्रेरणा देते हुए माताओं बहनों को समझाया कि हम जो करेंगे वह हमारे बच्चे भी अनुकरण करते हैं। इसलिए हमें अपने कर्मो पर अटेंशन देने की आवश्यकता है। व्यसनों व फैशन में जो भी व्यर्थ खर्च हम करते हैं उसको भी हम अपने बच्चों के विकास में एवं सृजनात्मक कार्यों में लगाना चाहिए। कार्यक्रमो के अंत में बीके बहन-भाईयो ने नारे लगाये।



किसानों को जागरूक करती ब्रम्हा कुमारियों — पायनियर

# पहले ब्लॉक समाधान दिवस में नहीं आई एक भी शिकायत

● नदीगांव में दर्ज कराया गया एक मामला

संवाददाता। कोंच (जालौन)

**तहसील** स्तरीय समाधान दिवस की तरह शासन के निर्देश पर अब प्रत्येक माह के दूसरे व चौथे शनिवार को खंड विकास कार्यालय में ब्लॉक समाधान दिवस का आयोजन किया जायेगा जहां विभिन्न विभागों से संबंधित स्थानीय अधिकारी कर्मचारी बैठकर फरियादियों की समस्याएं, शिकायतें सुनेंगे।

इसी क्रम में शनिवार को आयोजित पहले ब्लॉक समाधान दिवस में कोंच ब्लॉक में एक भी फरियादी नहीं पहुंचा और फरियादियों के आने की प्रतीक्षा में बीडीओ विपिन कुमार, संयुक्त बीडीओ विपिन गुप्ता, एडीओ नरेशचंद्र दुवे, एबीएसए शैलजा व्यास, पूर्ति निरीक्षक याकूब हसन सचिव पवन तिवारी, सुमित यादव, बसीमखान अनुज गुप्ता, अभिषेक यादव, मुन्ना लाल,नरेंद पटेल, पूनम, शिल्पी, आकांक्षा कौशल, कुसुम निरंजन, मनोज कुमार, देवीशरण सोनी पूरे समय बैठे रहे। उधर, नदीगांव ब्लॉक में बीडीओ के समक्ष प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर 1 शिकायत दर्ज करायी गई जिसे निस्तारण हेतु संबंधित ग्राम विकास अधिकारी को सौंप दी गई।




ब्लाक दिवस में समस्याओं को सुनते बीडीओ — पायनियर

# प्रेम प्रसंग के चलते नर्स ने खाया जहर, हुई मौत

**चित्रकूट।** सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट जानकीकुण्ड में जीएनएम थर्ड ईयर की पढाई कर रही प्रभा उपाध्याय ने प्रेम प्रसंग के चलते जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। घटना की पडताल की जा रही है। शुक्रवार की रात बांदा जिले के हस्तम गांव की प्रभा उपाध्याय की सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट जानकीकुण्ड अस्पताल में ड्यूटी लगी थी। देर रात ड्यूटी के बाद उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगडने पर ड्यूटी कर रही अन्य लडकियों ने एमरजेंसी ड्यूटी में तैनात डॉक्टर को जानकारी दी। डॉक्टर ने तुरन्त इलाज शुरु किया। इलाज दौरान उसकी मृत्यु हो गई। हास्टल की लडकियों ने अस्पताल प्रशासन को सूचना दी। प्रशासन ने परिजनों व पुलिस को सूचना दी। बताते हैं कि प्रभा तीन साल से जानकीकुण्ड अस्पताल में नर्स की पढाई कर रही थी। पांच माह पहले उसका विवाह भरतकूप थाना क्षेत्र के कोरारी गांव में हुआ था। अस्पताल के एक कर्मचारी ने बताया कि प्रभा का तीन साल से एक लडके से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों एक ही स्कूल में पढाई करते थे। इस बारे में नयागांव थाना प्रभारी सुधांशु तिवारी ने बताया कि युवती ने आत्महत्या की है। पुलिस जांच में जुटी है। मौके पर एसडीओपी पहुंच गये हैं। उन्होंने कहा कि मामले में विधिक कार्यवाही की जायेगी।



# थाना दिवस में डीएम-एसपी ने सुनीं जनता की समस्याएं



समस्याएं सुनते डीएम-एसपी — पायनियर

संवाददाता। चित्रकूट

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप थाना समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल तथा पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा की उपस्थिति में थाना भरतकूप में फरियादियों की समस्याओं को सुना गया। इस मौके पर डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ला ने थाना समाधान दिवस में आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सुनकर शीघ्र निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्ता युक्त समय बद्ध तरीके से निस्तारण कराया जाए । भूमि विवाद से सम्बन्धित प्रकरणों पर जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर भेज कर निस्तारण कराएं। थाना समाधान दिवस में प्रभारी निरीक्षक थाना भरतकूप दुर्गेश प्रसाद गुप्ता तथा राजस्व एवं पुलिस विभाग के अन्य अधि0/कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।

# कला जनता के लिए प्रेमपत्र और सत्ता के नाम अभियोग पत्रः इप्टा राष्ट्रीय महासचिव

संवाददाता। कोंच (जालौन)

● 'ढाई आखर प्रेम की सांस्कृतिक यात्रा' का हुआ स्वागत

**आजादी** के 75वें वर्ष के अवसर पर अखिल भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा) द्वारा प्रेम, दया, करुणा, बंधुत्व, समता और न्याय से परिपूर्ण हिंदुस्तान के स्वप्न को समर्पित 'ढाई आखर प्रेम की सांस्कृतिक यात्रा' शनिवार को कोंच पहुंची जहां इप्टा कोंच इकाई के रंगकर्मियों ने यात्रा दल का जोरदार स्वागत किया।

यात्रा दल ने नगर प्रवेश करते ही चंदकुआं चौराहे पर स्थित ऐतिहासिक स्मारक महारानी लक्ष्मीबाई की मूर्ति पर माल्यार्पण किया एवं जनगीत प्रस्तुत किए। तत्पश्चात यात्रा दल का स्वागत आदित्य गैस सर्विस सभागार में किया गया जहां इप्टा के राष्ट्रीय महासचिव राकेश ने कहा कि आजादी के 75 साल के मौके पर निकलने वाली 'ढाई आखर प्रेम की सांस्कृतिक यात्रा' असल में स्वतंत्रता संग्राम के गर्भ से निकले स्वतंत्रता-समता-न्याय और बंधुत्व के उन मूल्यों के तलाश की कोशिश है, जो आजकल नफरत, वर्चस्व और दंभ के कोलाहल में डूब से गए हैं। उन्होंने कहा कि कला जनता के नाम प्रेमपत्र और सत्ता के नाम अभियोग पत्र है। यह प्रेम बंधुत्व, समता और न्याय की पैरोकारी करता है। प्रेम तो भाषा, धर्म, जाति की संकीर्णताओं से मुक्त होकर पंथनिरपेक्षता का आदर्श बन जाता है। इप्टा के प्रांतीय उपाध्यक्ष ओपी नदीम ने कहा कि आजादी के 75 सालों में हम सब मिलकर आजादी की लड़ाई के जाने अंजाने योद्धाओं, लेखकों और कलाकारों को बार बार याद करें और उनकी बनाई राह पर चलें। आगरा इप्टा के महासचिव दिलीप रघुवंशी ने कहा कि यह यात्रा उन तमाम शहीदों, समाज सुधारकों एवं भक्ति आंदोलन और सूफीवाद के पुरोधाओं का सादर स्मरण है। राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य डॉ. स्वाति राज ने कहा कि आज महिला अधिकारों के साथ साथ प्रत्येक व्यक्ति के संवैधानिक अधिकारों के संरक्षण के प्रयास करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव राकेश जी ने समाजसेवी चतुर्भुज चंदेरिया को सम्मानित किया। उत्तर प्रदेश के केंद्रीय जत्थे में यात्रा प्रभारी शहजाद रिजवी के साथ राजेश श्रीवास्तव, दिलीप रघुवंशी, राज पप्पन, देवेंद्र शुक्ला, विपिन कुमार, मृगेंद्र सिंह, अमजद आलम, संजीव गुप्ता, दीपेंद्र सिंह, डॉ. सुभाष कुमार, प्रीति गुप्ता, सुमन श्रीवास्तव, संध्या श्रीवास्तव, असलम खान, संजय सिंह, कमल गोस्वामी, जय कुमार, इच्छा शंकर, सोनी, कविता, गरिमा, शिवि, पूजा, आरती, सविता, राकेश सिंह सहित पारसमणि अग्रवाल, साहना खान, आस्था वाजपेयी, कोमल अहिरवार, ट्रिंकल राठौर, आदर्श अहिरवार आदि उपस्थित रहे।

## लोक अदालत में 519 मामलों का आपसी समझौते से निस्तारण

**जालौन ( उरई )।** न्यायालय में लंबित मामलों को कम करने तथा लोगों को शीघ्र न्याय उपलब्ध कराने के मुंसिफमजिस्ट्रेट न्यायालय में लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में आपसी समझौता के आधार 519 मामलों का निस्तारण कर दिया गया। आपस में गाली गलौज, मारपीट, सड़क दुर्घटनाओं के लम्बित छोटे छोटे मामलों को आपसी समझौता के आधार पर निस्तारण के लिए मुंसिफ न्यायालय परिसर में लोक अदालत का आयोजन किया गया। सिविल जज जू डि अर्नव राज चक्रवर्ती, अपर सिविल जज नेहा राजन की उपस्थिति में लोक अदालत में वादों का निस्तारण किया है। लोक अदालत में 1994 से चले आ रहे हैं गाली गलौज व मारपीट के हरीराम निवासी करहियापुर तथा संताराम निवासी जालौन के वाद का आपसी समझौता के आधार पर निस्तारण कर दिया गया। आज 519 वादों का निस्तारण किया गया जिसमें 37 वाद मोटर वाहन अधिनियम, 15 वाद आपसी झगड़ा के निस्तारण किये गये।

## क्विक न्यूज

### कुसमिलिया में दो घरों से चोर लाखों के जेवरात, नकदी ले उड़े

**कुसमिलिया (जालौन)।** कुसमिलिया गांव में बीती रात चोरों ने दो घरों में लाखों रुपए की संपत्ति चोरी कर ली। पहली चोरी की घटना योगेंद्र राजपूत पिता स्व. प्रदीप राजपूत के घर में हुई। जबकि दूसरी चोरी की घटना सत्यम राजपूत के आवास में चोरों ने अंजाम दी। इस बाबत योगेंद्र ने बताया कि वह 13 मई को गोरन गांव में त्रियोदशी में शामिल होने अपने एक रिश्तेदार के घर गए थे। शुक्रवार देर रात लगभग 11 बजे को जब घर वापस आए तो मोबाइल फोन चार्जिंग में लगा के सो गए। सुबह जब नींद खुली तो देखा कमरे में सामान बिखरा हुआ है और घर में अलमारी भी खुली मिली जब लॉकर देखा तो उसमें रखे चौदह हजार नकद, लगभग डेढ़ लाख का जेवर जिसमें सोने की 4 चूड़ी, सोने की 1 जंजीर, 1 मोबाइल फोन आदि चोरी हो गया है। चार्जिंग में लगा मोबाइल फोन गायब है केवल चार्जर लटक रहा है। इसके बाद चोरों ने योगेंद्र के घर के पास सत्यम राजपूत पुत्र हर्षित राजपूत जो कि सिमरिया निवासी हैं गर्मियों की छुट्टियों में अपने ननिहाल कुसमिलिया आये थे। चोर उनके घर में भी घुसे और बाहर के कमरे में रखा मोबाइल फोन चुरा ले गए। चोरी रात्रि के लगभग 2 बजे होने का अनुमान है चोर मकान के पीछे से आये और वहीं से बाहर निकले। थाना डकोर पुलिस को सूचना दे दी गयी। थानाध्यक्ष समीर कुमार ने मामले की जांच कर उचित कार्यवाही करने के बात कही।

### सर्राफा व्यापारी से लूट की घटना आपसी झगड़े की निकली

**जालौन (उरई)।** सर्राफा व्यवसायी द्वारा लूट की झूठी सूचना दे दी। आपसी झगड़े को लूट बताने के मामले में पुलिस ने दोनों लोगों के खिलाफशांति भंग करने की कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नैनपुरा निवासी सर्राफा व्यवसायी कुलदीप सोनी पुत्र श्याम सुंदर ने पुलिस को सूचना दी थी कि वह बाजार से वसूली करके घर वापस लौट रहा था तो माड़री से नैनपुरा के रास्ते में गांव के नरेंद्र कुमार उर्फअरविन्द ने अपने साथी के साथ मिलकर 20 हजार रुपए तथा सोने की जंजीर लूट ली। लूट की सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस ने दोनों पक्षों से पूछताछ की तो पता चला कि लूट की सूचना झूठी है। दोनों के बीच आपसी झगड़ा हुआ था। पुलिस ने लूट की झूठी सूचना देने के आरोप में कुलदीप सोनी व झगड़ा करने के आरोप में नरेंद्र कुमार उर्फअरविन्द निवासीगण नैनपुरा को गिरफ्तार कर उनके खिलाफशांति भंग करने की कार्रवाई की है।

### पैतृक जमीन को लेकर मारपीट

**जालौन (उरई)।** पैतृक जमीन को लेकर 4 लोग में आपस में झगड़ा हो गया। आपस में मारपीट कर रहे चारों लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है तथा कोतवाली ले आयी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हीरापुर में पैतृक जमीन को लेकर परिवार के 4 लोगों के बीच कहा सुनी हो गयी। कहा सुनी के दौरान दोनों लोगों में गाली गलौज के बाद बात मारपीट तक आ गयी। आपस में मारपीट होने पर परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आपस में झगड़ा कर रहे आशीष कुमार, विजय शंकर, रोशन व पप्पू को को पकड़ लिया तथा उन्हें कोतवाली ले आयी है। पुलिस ने चारों लोगों के खिलाफमारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

### ब्लॉक दिवस में चार शिकायत आई, तीन का मौके पर निस्तारण

**कदौरा (जालौन)।** शासन के निर्देश पर अब माह के दूसरे व चौथे शनिवार को ब्लॉक दिवस का आयोजन किया जाएगा। शनिवार को बीडीओ बृजकिशोर कुशवाहा की अध्यक्षता में आयोजित ब्लॉक दिवस में चार शिकायते आई जिसमें तीन का मौके पर निस्तारण किया गया। जबकि मजदूरी संबंधित शिकायत साइड न चलने के कारण निस्तारित नही हो पाई। बीडीओ ने रोस्टर के हिसाब से ग्राम पंचायतों में रुक कर समस्याओं के निराकरण के आदेश संबंधित कर्मचारियों को दिए। इस दौरान सचिव जगत नारायण, नवीन कुमार, एपीओ असित रंजन, रोजगार सेवक रहमत खान आदि मौजूद रहे।

### पॉस्को एक्ट का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**कोंच(जालौन)।** कोतवाली पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा। मामले के मुताबिक गत दिनों पूर्व ग्राम पचीपुरी निवासी पिंटू अहिरवार पुत्र अशोक के खिलाफ पीड़ित पक्ष द्वारा दफा 354, 504, 506 सहित 7/8 पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया था। घटना के बाद से पिंटू फरार चल रहा था जिसे सुरई चौकी प्रभारी संतराम कुशवाहा ने कॉन्स्टेबल अमित कुमार के साथ मिलकर शनिवार को गिरफ्तार कर लिया और उसे जेल भेज दिया है।

### मुंसिफकोर्ट में लोक अदालत का किया गया आयोजन

**कोंच(जालौन)।** राष्ट्रीय लोक अदालत के तहत शनिवार को सुबह 9 बजे से शाम 3 बजे तक मुंसिफ कोर्ट में लोक अदालत का आयोजन किया गया जिसमें सिविल जज जू डि पलाश गांगुली की अदालत में कई वर्षों से चल रहे दीवानी, एफआर, जुआ अधिनियम, एमवीएक्ट आदि से सम्बंधित कुल 569 वादों के सापेक्ष 380 वादों का निस्तारण किया गया जबकि 22175 रुपये जुर्माना वसूला गया।इस दौरान फौजदारी लिपिक नागेंद्र चौहान, स्टेनो दिलबहादुर, वाद लिपिक प्रभाकर सिंह,पैनल अधिवक्ता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इकाई कोंच विनोद निरंजन सेता व हलीम मोहम्मद आदि उपस्थित रहे। विदित हो कि पिछले कई वर्षों से चल रहे मुकदमों में उभय पक्षों की आपसी सहमति से प्राथमिकता के आधार पर निपटाए जाने के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत के तहत गत बुधवार और शुक्रवार को कोतवाली में लोक अदालत का आयोजन किया गया था जिसके बाद 14 मई शनिवार को मुंसिफकोर्ट में लोक अदालत का आयोजन किया गया।

### भूमाफियाओं पर गिरेगी गाज

**कालपी (जालौन)।** उत्तर प्रदेश में एक बार फिर से योगी आदित्यनाथ की सरकार बनने पर सर्वप्रथम भू माफियाओं पर नकल कसी जा रही हैं। सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ के निर्देश अनुसार भू माफियाओं पर निरंतर प्रशासन का चाबुक चल रहा है। शनिवार को उप जिलाधिकारी कालपी अंकुर कौशिक के नेतृत्व में ग्राम आटा में भू माफियाओं द्वारा कब्जा की हुई सरकारी जमीन की पैमाईश करके सरकारी भूमि को चयनित किया गया। कालपी उप जिलाधिकारी द्वारा 2 दिन पहले ही आटा ग्राम की सरकारी भूमि को चयनित करने के लिए राजस्व टीम का गठन किया गया।

### दो चार पहिया वाहनों की टक्कर, एसडीएम ने घायलों को पहुंचाया अस्पताल

माधौगढ़ (जालौन)। बंगरा-जालौन रोड पर नहर के आगे पुलिया के पास दो चार पहिया वाहन आपस में बुरी तरह टकरा गए। जिनमें 3 लोग घायल हो गए। घायलों को एसडीएम माधौगढ़ ने अपनी गाड़ी से जालौन अस्पताल भिजवाया। जानकारी के अनुसार माधौगढ़ निवासी डॉ एलबी सिंह अपने चार पहिया वाहन से जालौन की तरफजा रहे थे,तभी सामने से आ रही बैगन आर में जोरदार टक्कर हो गई। दोनों गाड़ियां आगे से चकनाचूर हो गई,बल्कि बैगन आर खन्दक में पलट गई। उसी समय माधौगढ़ एसडीएम सौरभ पांडेय का वहां से निकलना हुआ तो उन्होंने तत्काल घायलों को अपनी गाड़ी से जालौन के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भिजवाया। बैगन आर में घायल दोनों युवकों की जानकारी नहीं हो सकी है।

# जी-सात ने यूक्रेन में युद्ध से खाद्य संकट गहराने के प्रति आगाह किया



यूक्रेन में यूक्रेन सेना के अधिकारी अपने तीन शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि देते हुए

एपी। वेसेनहॉस (जर्मनी)

**विकसित** अर्थव्यवस्था वाले सात देशों के समूह ने शनिवार को आगाह किया कि यूक्रेन में युद्ध वैश्विक खाद्य और ऊर्जा संकट को भड़का रहा है जिससे गरीब देशों को खतरा है। जी-सात ने कहा कि यूक्रेन में अनाज के भंडार को खोलने के लिए तत्काल उपायों की आवश्यकता है जिसके मार्ग में रूस अड़चनें पैदा कर रहा है।

जर्मनी के बाल्टिक सागर तट पर स्थित वेसेनहॉस में तीन दिवसीय बैठक के अंत में जारी एक बयान में जी-सात ने सबसे कमजोर लोगों को और मानवीय सहायता प्रदान करने का संकल्प लिया। बैठक की मेजबानी करने वालीं जर्मन विदेश मंत्री एनालेना बारबॉक ने कहा कि युद्ध एक वैश्विक संकट बन गया है। बारबॉक ने कहा कि आने वाले महीनों में पांच करोड़ लोग विशेष रूप से अफ्रीका और मध्य पूर्व में, भुखमरी का सामना करेंगे, जब तक कि यूक्रेन के अनाज भंडार को जारी के तरीके नहीं मिल जाते। जी-सात ने बयान में कहा, रूस के युद्ध ने हाल के इतिहास में सबसे गंभीर खाद्य और ऊर्जा संकटों में से एक को उत्पन्न किया है, जो अब दुनिया भर में सबसे कमजोर लोगों के लिए खतरा बन गया है। बयान में कहा गया, हम वैश्विक खाद्य सुरक्षा को सुरक्षित करने के लिए एक समन्वित बहुपक्षीय उपाय में तेजी लाने को लेकर प्रतिबद्ध हैं और इस संबंध में अपने सबसे कमजोर भागीदारों के साथ खड़े हैं। कनाडा की विदेश मंत्री मेलानी जोली ने कहा कि उनका देश यूरोपीय बंदरगाहों पर जहाज भेजने के लिए तैयार है ताकि यूक्रेन का अनाज जरूरतमंदों तक पहुंचाया जा सके। जी-सात में ब्रिटेन, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान और अमेरिका शामिल हैं। जी-सात देशों ने चीन से अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों की अवहेलना कर रूस की मदद नहीं करने और यूक्रेन में रूस की कार्वाई को उचित नहीं ठहराने का आह्वान किया। जी-सात के विदेश मंत्रियों ने कहा कि बीजिंग को यूक्रेन की संप्रभुता और स्वतंत्रता का समर्थन करना चाहिए, न कि रूस युद्ध में रूस की सहायता करनी चाहिए।

## रूस ने खारकीव से सैनिक हटाए, पूर्व में मोर्चाबंदी मजबूत की: यूक्रेन

**कीव।** यूक्रेन की सेना ने शनिवार को दावा किया कि रूस उसके दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव से अपने सैनिकों को हटा रहा है। साथ ही यूक्रेन ने कहा कि रूस अब पूर्वी क्षेत्र पर कब्जे के लिए लड़ाई में संलिप्त है। यूक्रेन के जनरल स्टाफ ने कहा कि रूसी सैनिक उत्तरपूर्वी शहर खारकीव से पीछे हट रहे हैं और अब अपना पूरा ध्यान आपूर्ति मार्ग की सुरक्षा पर केंद्रित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि रूसी सेना ने पूर्वी इलाके दोनेत्स्क में मोर्टार, तोपों के साथ-साथ हवाई हमले शुरू किए हैं ताकि यूक्रेनियाई सैनिकों को निशाना बनाया जा सके और उनकी मोर्चाबंदी को नष्ट किया जा सके। यूक्रेन के रक्षामंत्री ओलेक्सी रेज़्निकोव ने कहा, यूक्रेन दीर्घकालिक युद्ध के नए दौर में प्रवेश कर रहा है। यूक्रेन के शीर्ष अभियोजक ने रूसी सैनिकों पर युद्ध अपराध की सुनवाई की शुरुआत की है, जिसमें दर्जनों सैनिकों को मुकदमे का सामना करना पड़ सकता है। इस बीच, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेनियाई अपनी अधिकतम कोशिश आक्रमकारियों को निकालने के लिए कर रहे हैं। उन्होंने साथ ही कहा कि युद्ध के नतीजे यूरोप और अन्य साझेदारों के सहयोग पर निर्भर करेगा। जेलेंस्की ने शुक्रवार देर रात वीडियो संबोधन में कहा, कोई नहीं पूर्वानुमान लगा सकता कि यह युद्ध कितना लंबा चलेगा। यूक्रेन डोनबास में आक्रमक है। यूक्रेन का यह पूर्वी औद्योगिक इलाका है। इन इलाकों में गांव-दर गांव लड़ाई हो रही है और दोनों पक्षों को कोई बड़ी सफलता मिलती नहीं दिख रही है। यूक्रेन की राजधानी कीव पर कब्जा करने में असफल होने के बाद रूसी सेना ने डोनबास इलाके पर ध्यान केंद्रित करने का फैसला किया। लेकिन यहां पर भी जमीनी बढ़त बनाने में उसे मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है। जेलेंस्की ने दावा किया कि यूक्रेन की सेना ने बढ़त हासिल की है और गत एक दिन में छह यूक्रेनियाई शहरों या गांवों को अपने कब्जे में लिया है। पश्चिमी (देशों के) अधिकारियों ने कहा कि यूक्रेन ने रूसी सैनिकों को खारकीव से पीछे धकेल दिया है जो मॉस्को का अहम लक्ष्य था। एक पश्चिमी अधिकारी ने कहा, रूसी सैनिकों ने हाल में कोई बड़ी रणनीतिक बढ़त हासिल नहीं की है। एक अधिकारी ने पहचान गुप्त रखते हुए कहा, यूक्रेनियाई लगातार खेरसन और खारकीव के आसपास जवाबी कार्वाई कर रहे हैं। हम उम्मीद कर रहे हैं कि यह लंबा संघर्ष होगा। डोनबास क्षेत्र में लुहंस्क के लिए यूक्रेनियाई सेना के प्रमुख ने शुक्रवार को कहा था कि उनके सैनिकों का रुबिज़्ने शहर पर पूरा कब्जा है जहां की आबादी करीब 55 हजार है।

## कोई अनुमान नहीं लगा सकता कि युद्ध कब तक चलेगा : जेलेंस्की

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन के लोग रूसियों को देश से बाहर निकालने के लिए हर संभव कोशिश कर रहे हैं, लेकिन आज कोई यह अनुमान नहीं लगा सकता कि यह युद्ध कब तक चलेगा। जेलेस्की ने राष्ट्र के नाम अपने रात्रि वीडियो संबोधन में कहा, यह दुर्भाग्य से न केवल हमारे लोगों पर निर्भर करेगा, जो पहले से ही अपना अधिकतम दे रहे हैं, बल्कि यह हमारे भागीदारों पर, यूरोपीय देशों पर, पूरी स्वतंत्र दुनिया पर निर्भर करेगा। उन्होंने कहा कि वह उन सभी के आभारी हैं जो रूस पर प्रतिबंधों को मजबूत करने और यूक्रेन को दी जा रही सैन्य एवं वित्तीय सहायता बढ़ाने के लिए काम कर रहे हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने कहा, यह रूसी आक्रमण के सामने स्वतंत्रता की रक्षा के लिए एकमात्र उपाय है। पश्चिमी देशों के लिए यह केवल एक खर्च या खर्च के हिसाब के बारे में नहीं है, यह भविष्य के बारे में है। जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन ने शुक्रवार को युद्ध के दौरान 200 वें रूसी विमान को मार गिराया और उन्होंने टैंकों, बख्तरबंद वाहनों, हेलीकॉप्टरों और ड्रोन के लिहाज से रूस को भारी नुकसान पहुंचाया है। जेलेंस्की ने कहा, और किसलिए? ताकि लेनिन की मूर्ति अस्थाई रूप से कब्जे वाले जेनिचेस्क में कुछ देर तक और खड़ी रह सके? रूस के लिए और कोई परिणाम नहीं हो सकता है। अप्रैल में रूसी सेना ने दक्षिणी खेरसॉन क्षेत्र के एक शहर जेनिचेस्क में लेनिन की प्रतिमा को फिर से स्थापित किया था। जेलेंस्की ने कहा कि मारियुपोल इस्पात संयंत्र में फंसे घायल लड़ाकों को निकालने की कोशिश के लिए यूक्रेन बहुत मुश्किल बातचीत में जुटा हुआ है। उन्होंने कहा, हम बड़ी संख्या में लोगों को निकालने के बारे में बात कर रहे हैं। बेशक, हम सभी अपने हर रक्षक को निकालने के लिए सब कुछ कर रहे हैं।

# सिर्फ पेड़ जलवायु परिवर्तन का मुकम्मल इलाज नहीं: अध्ययन

**द कन्वेरेशन।** सॉल्ट लेक सिटी (अमेरिका)

**जब** लोग जलवायु परिवर्तन को कम करने के तौर-तरीकों के बारे में बात करते हैं तो वे अक्सर अच्छे परिप्रेक्ष्य में पेड़ों का जिक्र करते हैं। वन पृथ्वी को गर्म करने वाली कार्बन डाइऑक्साइड की बड़ी मात्रा को अवशोषित कर लेते हैं, जो लोगों के जीवाश्म ईंधन जलाने से वातावरण में पैदा होती है। यही वन जीवनदायिनी ऑक्सीजन गैस देते हैं। लेकिन यह अरबों डॉलर का सवाल है कि क्या पेड़ वैश्विक ताप वृद्धि को देखते हुए इस गति को बरकरार रख पाएंगे? तेजी से वनों में निवेश कर रही कंपनियों ने कहा कि पेड़ निरंतर ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को खत्म करता है। पत्रिका साइंस एंड इकोलॉजी लेटर्स में 12 मई 2022 को प्रकाशित दो अध्ययनों के नतीजों में ए नए सवाल उठाए गए हैं कि दुनिया भविष्य में तापमान वृद्धि के मद्देनजर कार्बन की बढ़ती मात्रा का भंडार करने को लेकर वनों पर कितना निर्भर कर सकती है। दोनों अध्ययनों में शामिल पारिस्थितिकी वैज्ञानिक एंडेरेग ने इसका जवाब दिया है। नया अध्ययन पेड़ों तथा कार्बन को सोखने की उनकी क्षमता के बारे में हमें क्या बताता है? जंगलों का भविष्य चाकू की धार पर है, जो दो बहुत महत्वपूर्ण ताकतों के बीच का युद्ध है : कार्बन डाइऑक्साइड के बढ़ते स्तर से पेड़ों को मिलने वाले फायदे और गर्मी, सूखा, आग, कीटनाशक तथा रोगजनकों जैसी जलवायु का सामना करने से पड़ने वाला दबाव।

धरती वैज्ञानिकों के अनुमान से कहीं ज्यादा गर्म हो रही है। हम जंगलों में आग लगने की घटनाएं देख रहे हैं और सूखे की वजह से जंगल अनुमान से पहले समाप्त हो जाते हैं। जब ए पेड़ समाप्त हो जाते हैं तो कार्बन वापस वातावरण में चली जाती है। हम उन फायदों के सबूत भी देख रहे हैं कि पेड़ों को कार्बन डाइऑक्साइड के उच्च स्तर से मिलती है।

## न्यायाधीश ने ट्रंप के खिलाफ चुनावी मुकदमा वापस लेने से इनकार किया

एपी। न्यूयॉर्क

**कोलोराडो** के एक न्यायाधीश ने शुक्रवार को अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति चुनाव अभियान, उससे जुड़े दो वकीलों और मुट्ठीभर रूढ़िवादी मीडिया संगठनों के खिलाफ एक चुनाव प्रणाली कार्यकर्ता द्वारा दायर मानहानि के मुकदमे को खारिज करने से इनकार कर दिया। जिला न्यायाधीश मैरी एवरी मूसा ने 136 पन्नों के अपने फैसले में एरिक कूमर द्वारा दायर मुकदमे को खारिज करने के लिए प्रतिवादियों की ओर से दिए गए विभिन्न तर्कों को ठुकरा दिया।

### बाइडन ने आसियान के लिए राजदूत को नामित किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने शुक्रवार को ऐलान किया कि वह अपने शीर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा सहयोगियों में से एक को दक्षिणपूर्व एशियाई देशों के संघ के राजदूत के तौर पर नामित कर रहे हैं, जिसका उद्देश्य उनके प्रशासन की प्रशांत क्षेत्र के लिए प्रतिबद्धता को रेखांकित करना है। बाइडन ने योहानिस अब्राहम को 10 देशों के संघ में अमेरिकी प्रतिनिधि के तौर पर नामित किया है। वह व्हाइट हाउस की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के चीफ ऑफ स्टाफ हैं। बाइडन ने दो दिवसीय विशेष सम्मेलन के लिए वाशिंगटन में जुटे आसियान के नेताओं से बातचीत करने के बाद यह घोषणा की।

### ट्रेमर्स , द राइट स्टफ से प्रसिद्ध अभिनेता फ्रेड वार्ड का निधन

**न्यूयॉर्क।** द राइट स्टफ , द प्लेयर और ट्रेमर्स जैसी फिल्मों में कठिन किरदारों को कोमलता से निभाने वाले अनुभवी अभिनेता फ्रेड वार्ड का निधन हो गया है। वह 79 वर्ष के थे। फ्रेड के प्रचारक रॉन हॉफमैन ने शुक्रवार को उनके निधन की जानकारी दी। परिवार की इच्छा के अनुसार मृत्यु का कोई कारण या स्थान नहीं बताया गया। वार्ड ने गोल्डन ग्लोब जीता था। रॉबर्ट ऑल्टमैन के शॉर्ट कट्स में अपने प्रदर्शन के लिए वेनिस फिल्म फेस्टिवल का पुरस्कार जीता था। इसके अलावा रेमो विलियम्सः द एडवेंचर बिगिन्स में रेमो का चरित्र निभाया था।

## विक्रमसिंघे ने मंत्रिमंडल में चार मंत्रियों को शामिल किया

**कोलंबो।** श्रीलंका में रानिल विक्रमसिंघे ने शनिवार को अपने मंत्रिमंडल में चार मंत्रियों को शामिल किया। मंत्रिमंडल में जी एल पीरिस को विदेश मंत्री के रूप में शामिल किया गया है। एक ऑनलाइन समाचार पोर्टल डेली मिरर की खबर के अनुसार दिनेश गुणवर्धने को लोक प्रशासन मंत्री, पीरिस को विदेश मंत्री, प्रसन्ना रणतुंगा को शहरी विकास एवं आवास मंत्री और कंचना विजेसेकारा को बिजली एवं ऊर्जा मंत्री के रूप में शपथ दिलाई गई। पीरिस महिंदा राजपक्षे के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती सरकार में भी विदेश मंत्री थे। खबर के अनुसार, सरकारी सूत्रों ने कहा कि विक्रमसिंघे के मंत्रिमंडल में सदस्यों की संख्या 20 तक रहने की उम्मीद है। इस बीच श्रीलंका में सत्तारूढ़ श्रीलंका पोदुजाना पेरामुना (एसएलपीपी) ने नए प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे को समर्थन देने का फैसला किया है ताकि उन्हें सदन में बहुमत साबित करने में मदद मिल सके। विक्रमसिंघे के पास संसद में केवल एक सीट है। ज्यादातर विपक्षी दलों ने कहा है कि वे विक्रमसिंघे के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार में पद नहीं लेंगे, लेकिन आर्थिक संकट से निपटने के लिए उनके कदमों का समर्थन करेंगे।

# आटा मिलों के संगठन ने गेहूं निर्यात पर प्रतिबंध लगाने का स्वागत किया

भाषा। नई दिल्ली

**आटा** मिलों के संगठन आरएफएमएफआई ने शनिवार को गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगाने के सरकार के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि इससे घरेलू आपूर्ति को लेकर बाजार में अनावश्यक घबराहट को रोकने के साथ ही किसी तरह की मूल्य वृद्धि को नियंत्रित करने में भी मदद मिलेगी। रोलर फ्लोर मिलर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (आरएफएमएफआई) के अध्यक्ष अंजनी अग्रवाल ने कहा कि संगठन ने गेहूं निर्यात के नियमन के बारे में सरकार से अनुरोध किया था। उन्होंने कहा, मौजूदा स्थिति में सरकार द्वारा लिया गया यह एक बहुत अच्छा निर्णय है। इससे देश में गेहूं की आपूर्ति और कीमतों के बारे में अनावश्यक घबराहट पर लगाम लगाई जा सकेगी। उन्होंने कहा कि जून में समाप्त होने वाले फसल वर्ष 2021-22 में गेहूं का उत्पादन घटकर 9.5-9.8 करोड़ टन तक रहने की संभावना है। अगर गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध नहीं लगाया गया होता तो देश को कुछ महीनों के बाद गेहूं का आयात करना पड़ता। निर्यात पर रोक लगने के बाद गेहूं और गेहूं के आटे की कीमतें अभी स्थिर रहेंगी। आटा (खुदरा) की कीमतें 26-28 रुपए प्रति किलोग्राम पर चल रही हैं, जबकि पैकेज्ड आटे की कीमतें 28-30 रुपए प्रति किलोग्राम हैं। उन्होंने सरकार के फैसले को सही ठहराते हुए कहा, आटा की कीमतें 40 रुपए प्रति किलो या इससे भी ज्यादा हो सकती थीं। लेकिन अब इसकी कीमतें स्थिर होंगी। एक सरकारी अधिसूचना के अनुसार, भारत ने बढ़ती घरेलू कीमतों को नियंत्रित करने के उपायों के तहत गेहूं के निर्यात पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है।

## गेहूं निर्यात पर रोक लगाने के फैसले से भारत कृषक समाज नाखुश

**नई दिल्ली।** किसान संगठन भारत कृषक समाज (बीकेएस) ने गेहूं निर्यात पर पाबंदी को लेकर शनिवार को नाखुशी जताते हुए कहा कि कृषि उत्पादों के निर्यात पर पाबंदी लगाना किसानों के लिए एक अप्रत्यक्ष कर की तरह है। बीकेएस ने कहा कि सरकार के इस कदम की वजह से किसान उंची वैश्विक कीमतों का लाभ नहीं उठा सकेंगे और भारत भी भरोसेमंद कारोबारी साझेदार के तौर पर अपनी विश्वसनीयता खो देगा। बीकेएस के अध्यक्ष अजय वीर जाखड़ ने पीटीआई-भाषा से कहा, यह दुख की बात है कि भारत ने गेहूं निर्यात पर पाबंदी लगा दी। कृषि उत्पादों के निर्यात पर रोक लगाना किसानों के लिए एक अप्रत्यक्ष कर है। उन्होंने कहा कि पाबंदी लगाने के कारण कृषि उत्पादों की मूल कीमत कम हो जाती है और किसानों को उंची लागत अदा करने पर भी जिंसों के बढ़ते दामों का लाभ नहीं मिल पाता। जाखड़ ने कहा, आज न केवल व्यापारी बल्कि किसान भी गेहूं का भंडार खो देंगे। निर्यात पर इस तरह की रोक के कारण ही किसान बाजार सुधारों पर भरोसा नहीं करते। इससे भरोसा और टूटता है। उन्होंने कहा दुनियाभर में खाद्य वस्तुओं की आसमान छूती कीमतों के मद्देनजर संयुक्त राष्ट्र ने भी देशों से अपील की है कि वे अचानक ऐसी घोषणाएं न करें।

## श्रीलंका को 65,000 टन यूरिया की तत्काल आपूर्ति करेगा भारत

**कोलंबो।** गहरे आर्थिक एवं राजनीतिक संकट से जूझ रहे श्रीलंका को भारत ने 65,000 टन यूरिया की तत्काल आपूर्ति का भरोसा दिलाया है जिसका इस्तेमाल धान की खेती में किया जाएगा। स्थानीय मीडिया में शनिवार को प्रकाशित खबरों के मुताबिक, नई दिल्ली स्थित श्रीलंकाई उच्चायुक्त मिलिंदा मोरागोडा ने गत बृहस्पतिवार को उर्वरक सचिव राजेश कुमार चतुर्वेदी के साथ मुलाकात में उर्वरक का मुद्दा उठाया। इस दौरान चतुर्वेदी ने उन्हें भरोसा दिलाया कि भारत जल्द ही श्रीलंका को 65,000 टन यूरिया की आपूर्ति करेगा। श्रीलंका के उच्चायोग ने एक संदेश में इस मदद के लिए भारत को धन्यवाद देते हुए कहा कि फसलों के चालू याला सत्र के लिए यूरिया की आपूर्ति करने का फैसला भारत ने यूरिया आपूर्ति पर लगाई पाबंदी के बावजूद लिया है। इसके पीछे श्रीलंका को धान की खेती वाले याला सत्र में तत्काल मदद पहुंचाने का उद्देश्य है। इस कदम के लिए श्रीलंकाई उच्चायुक्त ने चतुर्वेदी के प्रति आभार जताया तो उर्वरक सचिव ने कहा कि यह फैसला पड़ोसी पहले की भारतीय नीति के अनुरूप है। चतुर्वेदी ने कहा कि यूरिया की इस खेप को जल्द-से-जल्द श्रीलंका पहुंचाने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं।

## लिस्टेड फैन्स ने जुटाया 16 लाख डॉलर का वित्त

**नई दिल्ली।** लिस्टेड फैन्स ने व्हाइटबोर्ड कैपिटल और गुडवॉटर कैपिटल की अगुआई में हुए वित्तपोषण दौर में 16 लाख डॉलर यानी करीब 12.39 करोड़ रुपए जुटाए हैं। लिस्टेड फैन्स एक ऐसा मंच है जो उन लोगों को सोशल टोकन जारी करता है जिनके सोशल मीडिया पर प्रशंसकों की बड़ी संख्या होती है। यह टोकन किसी क्रिएटर या प्रोजेक्ट की भावी कमाई में हिस्सेदारी दर्शाता है। एक विज्ञप्ति में बताया गया कि वित्तपोषण पाने की इस कवायद में लिस्टेड फैन्स ने 16 लाख डॉलर जुटाए हैं। फैन्स ने पहले ही सोशल मीडिया पर सक्रिय 35 कंटेंट क्रिएटरों को अपने साथ जोड़ लिया है। जो आने वाले कुछ हफ्तों में अपना आईपीओ (इनिशियल पर्सन ऑफरिंग) लेकर आने वाले हैं।

### पारादीप फॉस्फेट लिमिटेड का आईपीओ 17 को खुलेगा

**भुवनेश्वर।** पारादीप फॉस्फेट्स लिमिटेड 17 मई 2022 को अपनी आईपीओ खोलने के लिए। एंकर निवेशक बोली प्रस्ताव लायेगा। इस अवधि खोलने की तारीख से एक कार्य दिवस है, जो कि मई है 13 2022 था। ऑफर का प्राइस बैंड 39 प्रति इक्विटी शेयर से 42 प्रति इक्विटी शेयर 10 के फेस पर तय किया गया है। न्यूनतम 350 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 350 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोली लगाई जा सकती है। इश्यू ऑफर में शामिल हैं । इक्विटी शेयरों का ताजा इश्यू 10 प्रत्येक शेयर का कुल मूल्य 10,040 मिलियन फ्रेश इश्यू और प्रमोटर सेलिंग शेयर होल्डर्स और भारत सरकार के सेलिंग शेयरहोल्डर द्वारा 118,507,493 इक्विटी शेयरों तक बिक्री के लिए प्रस्ताव। नए निर्गम से शुद्ध आय का उपयोग,अधिग्रहण के लिए आंशिक,वित्तपोषण करना है।

### सुंदरम फाइनेंस का लाभ बढ़ा

**चेन्नई।** सुंदरम फाइनेंस लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी सुंदरम होम फाइनेंस के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि कंपनी रियल एस्टेट क्षेत्र की दीर्घकालिक संभावनाओं को लेकर आशावादी है और इस क्षेत्र में अपनी मौजूदगी को और भी मजबूत करेगी।

## ज़ी एंटरटेनमेंट का प्रौद्योगिकी एवं नवोन्मेष केंद्र बेंगलुरु में शुरू

**बेंगलुरु।** मनोरंजन जगत की कंपनी ज़ी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड (ज़ी) ने बेंगलुरु में अपना प्रौद्योगिकी एवं नवोन्मेष केंद्र शुरू हो जाने की घोषणा की है। इस केंद्र का उद्घाटन शुक्रवार को कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने किया। इस अवसर पर ज़ी के डिजिटल कारोबार एवं मंच प्रमुख अमित गोयनका और टेक्नोलॉजी ऐंड डेटा प्रमुख नितिन मित्तल भी मौजूद थे। ज़ी ने एक बयान में कहा कि 80,000 वर्ग फुट में फैला यह केंद्र प्रौद्योगिकी, डेटा एवं कौशल का मजबूत मेल करने के लिए कंपनी का केंद्र साबित होगा। ज़ी समूह की कंपनी ने कहा कि इस केंद्र से हासिल होने वाली क्षमता का फायदा विभिन्न मंचों तक कंपनी की पहुंच बनाने और व्यक्तिगत सामग्री तथा आपूर्ति मुहैया करवाने में किया जाएगा।

### फर्स्ट मेरिडियन ने सेबी में डीआरएचपी फाइल की

**मुंबई । भारत** की तीसरी सबसे बड़ी स्टाफिंग कंपनी फर्स्ट मेरिडियन बिजनेस सर्विसेज लिमिटेडए 31 मार्चए 2021 को समाप्त वर्ष के लिए राजस्व के मामले में फ्रास्ट एंड सुलिवन के अनुसार ने पूंजी बाजार नियामक (सेबी) के साथ धन जुटाने के लिए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दायर किया है। बैंगलोर स्थित एचआर सर्विसेज प्लेटफॉर्म की 800 करोड़ रुपये की आरंभिक सार्वजनिक पेशकश में इक्विटी शेयरों का एक नया इश्यू शामिल है, जो कुल मिलाकर रु 150 करोड़ और बिक्री के लिए एक प्रस्ताव कुल मिलाकर बेचने वाले शेयरधारकों द्वारा 750 करोड़। ओएफएस में रुपये शामिल हैं। मैनपावर सॉल्यूशंस लिमिटेड द्वारा 665 करोड़ रु न्यू लेन ट्रेडिंग एलएलपी द्वारा 45 करोड़ और रु। सीड श्री ट्रेडिंग एलएलपी अन्य बिकने वाले शेयरधारक द्वारा 40 करोड़ कंपनी जो अदानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड, डेल इंटरनेशनल सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, फोनपे प्राइवेट लिमिटेड, उषा इंटरनेशनलए एक्साइड इंडस्ट्रीज लिमिटेड और यूरेका फोर्ब्स लिमिटेड को अपने कुछ प्रमुख ग्राहकों के रूप में गिनती हैए नए इश्यू से शुद्ध आय का उपयोग करने का प्रस्ताव करती है।

# डेल्हीवरी में विकास की भरपूर संभावनाएं: वेंचुरा

नोएडा

**डेल्हीवरी** को भारत में ई.कॉमर्स के विकास की प्रतिनिधि कंपनी बताते हुए प्रमुख ब्रोकरेज फर्म वेंचुरा सिक्योरिटीज ने रिपोर्ट में कहा है कि लॉजिस्टिक्स फर्म डेल्हीवरी के पास विकास की भरपूर संभावनाएं हैं और कंपनी मुनाफा अर्जित करने के बेहद करीब है। भारतीय लॉजिस्टिक्स बाजारों की बिखरी-बिखरी प्रकृति का हवाला देते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि डेल्हीवरी एक सस्टेनेबल बिजनेस लीडर के तौर पर उभर रही है, जिसका कुल मार्केट साइज 316 बिलियन डॉलर है। कंपनी का आईपीओ ऐसे समय में आया है, जब भारत सरकार अपनी प्रमुख पहल, पीएम गतिशक्ति कार्यक्रम सहित कई उपायों के माध्यम से इन्फ्रास्ट्रक्चर से जुड़े विकास को लेकर अपने निवेश पर ध्यान केंद्रित कर रही है। इस कदम से कंपनी को लंबी अवधि में फायदा होने की संभावना है। वेंचुरा सिक्योरिटीज द्वारा हाइलाइट की गई डेल्हीवेरी की कुछ विशिष्ट खूबियों में तेजी से बढ़ता राजस्व भी शामिल है, जिसके बारे में वेंचुरा का अनुमान है कि डेल्हीवेरी का राजस्व 56.7 प्रतिशत की सीएजीआर से बढ़ेगा जो वित्त वर्ष 2024 तक 14026 करोड़ रुपये की राशि को छूएगा।

## कार्बोरंडम यूनिवर्सल का शुद्ध लाभ 7.6 प्रतिशत बढ़कर 62 करोड़ रुपए हुआ

**चेन्नई।** औद्योगिक सिरेमिक उत्पाद बनाने वाली कंपनी कार्बोरंडम यूनिवर्सल लिमिटेड का वित्त वर्ष 2021-22 की चौथी तिमाही में एकल आधार पर शुद्ध लाभ 7.6 प्रतिशत बढ़कर 61.91 करोड़ रुपए हो गया। मुरुगप्पा समूह की इस कंपनी ने शनिवार को एक बयान में कहा कि एक साल पहले की समान अवधि में उसका एकल लाभ 57.52 करोड़ रुपए रहा था।

# एअर इंडिया की अगुआई करना एक शानदार अवसर: नवनियुक्त सीईओ

भाषा। नई दिल्ली

**कैंपबेल** विल्सन ने एअर इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक (एमडी) के तौर पर अपनी नियुक्ति के बारे में कहा कि एक एतिहासिक एयरलाइन की अगुआई करना एक शानदार अवसर है। विल्सन ने कहा कि इस नई भूमिका में उन्हें बहुत चुनौतीपूर्ण काम करना है। वह अभी सिंगापुर एयरलाइंस के पूर्ण-स्वामित्व वाली अनुषंगी स्कूट एयर के सीईओ हैं। सिंगापुर एयरलाइन्स (एसआईए) टाटा समूह के संयुक्त उद्यम वाली एयरलाइन विस्तार में साझेदार है। टाटा संस ने विल्सन को अपनी विमानन कंपनी एयर इंडिया का मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक (एमडी) नियुक्त करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। स्कूट के कर्मचारियों को शुक्रवार को भेजे संदेश में विल्सन ने कहा, मैंने कार्यकारी दल और कर्मचारी संगठन के नेताओं को स्कूट और एसआईए समूह से अपने इस्तीफे के बारे में बता दिया है।

## फ्यूचर रिटेल के मुख्य वित्तीय अधिकारी सी पी तोशनीवाल ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** कर्ज में डूबे फ्यूचर रिटेल समूह के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) सी पी तोशनीवाल ने कंपनी से इस्तीफा दे दिया है जो 12 मई से प्रभावी होगा। तोशनीवाल का इस्तीफा हाल ही में कंपनी के कई बड़े अधिकारियों के इस्तीफे के बाद आया है। दरअसल, अरबपति कारोबारी मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज ने फ्यूचर रिटेल के साथ होने वाले 24,713 करोड़ रुपए के संभावित सौदे को पिछले महीने रद्द कर दिया था। रिलायंस इंडस्ट्रीज के लेनदारों ने इस सौदे के खिलाफ मतदान किया था। इस सौदे के रद्द होने के बाद फ्यूचर रिटेल के कई शीर्ष अधिकारियों ने अपने-अपने पदों से इस्तीफा देना शुरू कर दिया था।

## राम बाबू प्रसाद बने सीसीएल के नए निदेशक ( तकनीकी )

**रांची।** कोल इंडिया लिमिटेड की अनुषंगी सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के नए निदेशक (तकनीकी) के तौर पर राम बाबू प्रसाद ने अपना कार्यभार संभाल लिया है। सीसीएल की एक प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक, निदेशक (तकनीकी) का पद भोला सिंह के एक जनवरी को नॉदर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक बनने के बाद से ही रिक्त था। अब प्रसाद निदेशक (तकनीकी) बनाए गए हैं। इसके पहले वह एनसीएल के महाप्रबंधक (खनन) के तौर पर काम कर रहे थे।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित गाड़ी नंबर वाली कारें जो कि अपनी लाइफ पूरी कर चुकी हैं पेट्रोल कारें 15 साल डीज़ल कारें 10 साल। पाइन व्यू टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा एम सी डी ड्राइव में जब्त की गई थी और अभी तक किसी के द्वारा भी क्लेम नहीं की गयी है। इन सभी गाड़ी मालिकों को सूचित किया जाता है कि कंपनी के ऑफिस में आ कर गाड़ी की स्क्रैप वैल्यू क्लेम कर लें। अन्यथा ये सभी गाड़ियां अगले तीन दिन में स्क्रैप कर दी जाएँगी।

| | | |
|---|---|---|
| GJ05CN5048 | DL2FDK2000 | HR22Q9688 |
| DL8CE1310 | DL3CAD8161 | DL8CK3686 |
| DL2CAF9346 | RJ14CJ8922 | DL2CP5422 |
| DL3CAS0780 | DL2CW3164 | DL8CK4309 |
| MP07CA1172 | UK07AD9068 | DL3FC9999 |
| DL9CG9188 | DL9CP094 | DL8CF1508 |
| DL3SY0006 | DL3CAL0146 | DL9CP7826 |
| DL2FGS0034 | DL2FGH0700 | DL4CAA5262 |
| DL2CAD2049 | DD464 | DL4CR8459 |
| DL4CP3260 | DL2CZ2382 | HR30K2057 |
| DL4CM4377 | DL9CE9566 | DL8CN1170 |
| DL3CAD6034 | DL4CAA4607 | DL4CAG6986 |
| DL2CAL3700 | HR06D7562 | DL4CAG3900 |
| DL3CAY2663 | DL4CAG4438 | DL3CV3475 |
| DL6CE2696 | DL4CG7154 | HR12D1769 |
| DL2FFD0002 | DL3CV2618 | DL3CAK5340 |
| DL3CBB3206 | MP09BC2663 | DL3CBJ6616 |
| DL4CAB5425 | DL1CM4439 | DL4CM9381 |
| DL9CJ5152 | DL2CW0154 | DL8CJ6726 |
| DL3CR5320 | ML06A2455 | DL2CZ9092 |
| DL4CS0009 | DL8CL7531 | DL8CNA1995 |

NDIM
**New Delhi Institute of Management**
Affiliated to Guru Gobind Singh Indraprastha University, Delhi

**Application are invited for:**
Principal, Professor, Associate Professor, Assistant Professor in the areas of General Mgmt., OB, HR, Marketing & Sales, Finance, IT, Mathematics. (Applicant must be UGC-NET/JRF/PhD with excellent academic and research record as per UGC norms)

**WALK-IN INTERVIEWS**
**from 16th to 19th May, 2022**
**10.00am onwards**
at 61,Tughlakabad Institutional Area, New Delhi-110062
Email: info@ndimdelhi.in • www.ndim.edu.in
Ph: 011-29962605 / 06, 9899400113

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that **I, Satya Prakash Singh S/D/W/O Magan Singh, LIG Flat No. 22D, 3rd Floor, Mansarover Park, Delhi** is the purchaser has applied for conversion of the aforesaid flat from lease hold to free hold in DDA. The original Demand Cum Allotment Letter, Possession Letter, Site Possession Slip & NOC for electricity and water connection LIG Flat No 22D,Third Floor, Mansarover Park, Delhi VIDE L009(162) 86/MG some Bank Challans of DDA payment have been lost. An NCR to this effect has lodged in P.S. Crime Branch, vide SO No. 430/2014. Delhi Police, LR No.1101299/2019 dated 31/05/2019. Any person(s)claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/ contact with above named person at above address/phone No. 9311430222 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objections with respect to this property can personally inform or write to **Dy. Director (LAB) Housing,D-Block, 3rd Floor, Vikas Sadan, New Delhi**

# केकेआर ने सनराइजर्स को 54 रन से हराया

● रसेल की तूफानी पारी

भाषा। पुणे

**कोलकाता नाइट** राइडर्स (केकेआर) ने शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सनराइजर्स हैदराबाद को 54 रन से हराया। केकेआर ने छह विकेट पर 177 रन बनाए। इसके जवाब में सनराइजर्स आठ विकेट पर 123 रन ही बना पाया।

इससे पहले आंद्रे रसेल की तूफानी पारी और सैम बिलिंग्स के साथ उनकी अर्धशतकीय साझेदारी से कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने उमरान मलिक से मिले झटकों से उबरकर सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में शनिवार को यहां छह विकेट पर 177 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। उमरान ने 33 रन देकर तीन विकेट लिए। रसेल (28 गेंदों पर 49 रन, तीन चौके, चार छक्के) और बिलिंग्स (29 गेंदों पर 34, तीन चौके, एक छक्का) ने छठे विकेट के लिए 63 रन की साझेदारी की।

केकेआर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए शुरुआती चार ओवरों में केवल 20 रन बनाए और इस बीच वेंकटेश अय्यर (सात) का विकेट गंवाया जिन्हें मार्को यानसेन (30 रन देकर एक विकेट) ने बोल्ड किया लेकिन नितीश राणा (16 गेंदों पर 26, तीन छक्के, एक चौका) और अजिंक्य रहाणे (24 गेंदों पर 28, तीन छक्के) ने अगले दो ओवर में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करके 35 रन जुटाकर पावरप्ले में स्कोर 55 रन तक पहुंचाया। राणा ने चोट से उबरकर वापसी करने वाले टी नटराजन (43 रन देकर एक विकेट) पर दो छक्के लगाने के बाद यानसेन की गेंद भी छह रन के लिए भेजी। यानसेन के इस ओवर में रहाणे ने भी छक्का जड़ा। उन्होंने वाशिंगटन सुंदर का स्वागत भी छक्के से किया लेकिन उमरान ने आते ही केकेआर के खेमे में खलबली मचा दी। उमरान ने राणा और रहाणे को अपने पहले ओवर में जबकि कप्तान श्रेयस अय्यर (15) को दूसरे ओवर में पवेलियन की राह दिखाई। राणा को शॉर्ट पिच गेंद पर पुल करना और रहाणे को अपर कट लगाना महंगा पड़ा और वे अपनी पारी लंबी नहीं खींच पाए। शशांक सिंह ने इन दोनों के कैच लिए। राणा और रहाणे ने 48 रन की साझेदारी की। नटराजन ने रिंकू सिंह (पांच) को इनस्विंग यार्कर पर बोल्ड करके स्कोर पांच विकेट पर 94 रन कर दिया। ऐसे में रसेल ने नटराजन की फुलटॉस को गगनदाई छक्के में बदला तो बिलिंग्स ने उमरान पर दो चौके लगाए। बिलिंग्स इसके बाद कुछ खास नहीं कर पाए और भुवनेश्वर कुमार (27 रन देकर एक विकेट) की गेंद पर आसान कैच दे बैठे। रसेल ने वाशिंगटन के पारी के आखिरी ओवर में तीन छक्के लगाए।



### स्कोरबोर्ड

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** वेंकटेश बो यानसेन 07, रहाणे का शशांक बो उमरान 28, राणा का शशांक बो उमरान 26, श्रेयस का त्रिपाठी बो उमरान 15,बिलिंग्स का विलियमसन बो भुवनेश्वर 34, रिंकू बो नटराजन 05,सेल नाबाद 49,नारायण नाबाद 01, **अतिरिक्त** 12, **कुल** (20 ओवर में, छह विकेट पर) 177, **विकेट पतन** : I-17, 2-65, 3-72, 4-83, 5-94, 6-157 , **गेंदबाजी** : भुवनेश्वर 4-0-27- I,यानसेन 4-0-30- I, नटराजन 4-0-43- I, वाशिंगटन 4-0-40-0 , उमरान 4-0-33-3

# रायुडू ने आईपीएल से संन्यास की घोषणा के बाद वापस लिया फैसला

भाषा। मुंबई



**चेन्नई सुपर किंग्स** के खेमे की उथल-पुथल एक बार फिर सामने आई जब अनुभवी बल्लेबाज अंबाती रायुडू ने सोशल मीडिया पर आईपीएल से संन्यास की घोषणा की, लेकिन एक घंटे के अंदर टीम प्रबंधन द्वारा संपर्क किए जाने के बाद इस वह इस फैसले से पीछे हट गए। चेन्नई की टीम पहले ही प्ले-ऑफ की दौड़ से बाहर हो गई है। टीम के हालांकि अभी कुछ मैच बाकी हैं। पूर्व कप्तान रवींद्र जडेजा चोटिल होने के कारण पहले ही टीम का साथ छोड़कर अपने घर चले गए है। इस घटना ने हालांकि इन अटकलों को हवा दिया कि उनका प्रबंधन के साथ विवाद हो गया है। रायुडू ने शनिवार की सुबह ट्विटर के जरिए इस लीग से संन्यास की घोषणा की। भारत के सीमित ओवर प्रारूप के इस खिलाड़ी ने ट्वीट किया, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि यह मेरा आखिरी आईपीएल होगा। मुझे इस लीग के अपने 13 साल के सफर में दो महान टीमों का हिस्सा बनने का मौका मिला और उनके साथ मैंने शानदार समय बिताया। इस शानदार यात्रा के लिए मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स को ईमानदारी से धन्यवाद देना चाहूंगा। उन्होंने हालांकि एक घंटे के अंदर आपने इस पोस्ट को हटा दिया। पता चला कि उनके इस फैसले से टीम के मालिक और टीम प्रबंधन पूरी तरह से अनजान थे। चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी काशी विश्वनाथ ने पीटीआई-भाषा से कहा, मैं पुष्टि कर सकता हूं कि अंबाती रायुडू आईपीएल से संन्यास नहीं ले रहे हैं। हां, उन्होंने इसके बारे में ट्वीट किया था। हो सकता है कि उन्होंने भावनात्मक स्थिति में आकर ट्वीट किया। उनसे बात की गई है जिसके बाद इस ट्वीट को डिलीट कर दिया गया है। यह पहली बार नहीं है जब रायुडू ने संन्यास लेने की घोषणा के बाद अपने फैसले को पलटा है। उन्होंने विश्व कप 2019 टीम से बाहर होने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था लेकिन उसी साल जुलाई में अपने फैसले को पलट दिया। इंडियन क्रिकेट लीग से 2007 में जुड़ने के कारण बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) ने उन पर प्रतिबंध लगा दिया था। लेकिन इस प्रतिबंध के हटने के बाद 2010 में वह मुंबई इंडियन्स से जुड़े और 2017 तक इस टीम के साथ रहे। इसके बाद से वह चेन्नई सुपर किंग्स का हिस्सा है।

### चीन 2023 एएफसी एशियाई कप की मेजबानी नहीं करेगा

**कुआलालंपुर।** चीन ने देश में कोविड-19 के मामलों में बढ़ोतरी को देखते हुए अगले साल एएफसी एशियाई कप फाइनल चरण की मेजबानी नही करने का फैसला किया है। एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) ने शनिवार को कहा कि चीन के फुटबॉल संघ ने उसे आधिकारिक तौर पर सूचित कर दिया है कि वह अगले साल महाद्वीपीय टूर्नामेंट की मेजबानी नही कर पाएगा।

### ट्रैप टीम ने सुहल जूनियर विश्व कप में दो रजत पदक जीते

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष और महिला ट्रैप टीमों ने दो और रजत पदक अपने नाम किए जिससे जर्मनी के सुहल में चल रहे आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में देश ने तालिका में अपना शीर्ष स्थान मजबूत कर लिया। भारत ने शुक्रवार को दो रजत पदक जीते। इस समय भारत आठ स्वर्ण और आठ रजत पदक से पहले स्थान पर है जबकि आस्ट्रेलिया और अमेरिका संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है जिनके नाम एक स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक है।

### 44वें शतरंज ओलंपियाड के लिए पैनल का गठन

**चेन्नई।** तमिनालडु सरकार ने महाबलीपुरम में 44वें शतरंज ओलंपियाड के आयोजन की तैयारी शुरू करते हुए 18 कार्य समितिओं का गठन किया और साथ ही भारत में खेल की केंद्रीय संचालन संस्था अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) के साथ अनुबंध किया। तमिलनाडु सरकार और एआईसीएफ के बीच महाबलीपुरम में 28 जुलाई से 10 अगस्त तक होने वाले टूर्नामेंट के आयोजन के लिए सहमति पत्र (एमओयू) पर मुख्यमंत्री एमकेस्टालिन की मौजूदगी में हस्ताक्षर किए गए।

### भारत बधिर ओलंपिक में निशानेबाजी में दूसरे स्थान पर

**नई दिल्ली।** भारत ने ब्राजील के कैक्सियास डो सुल मे 24वें बधिर ओलंपिक की निशानेबाजी प्रतियोगिता में तीन स्वर्ण और दो कांस्य पदक के साथ दूसरे स्थान पर रहकर अपने अभियान का अंत किया। केवल यूक्रेन ही भारत से बेहतर प्रदर्शन कर पाया। उसने छह स्वर्ण सहित 12 पदक जीते। भारतीय निशानेबाजो का यह बधिर ओलंपिक मे अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भारत बधिर ओलंपिक में अभी तक सात स्वर्ण, एक रजत और चार कांस्य पदक लेकर आठवें स्थान पर है।

### झारखंड, हरियाणा, कर्नाटक और ओडिशा सेमीफाइनल में


**भोपाल।** झारखंड ने शनिवार को यहां शूटआउट मे महाराष्ट्र को 5-4 से हराकर 12वी हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। दोनो टीम नियमित समय मे गोल नही कर सकी जिससे मुकाबला शूटआउट मे चला गया। हरियाणा, कर्नाटक और ओडिशा ने भी अपने क्वार्टर फाइनल मैच जीतकर अंतिम चार में जगह सुनिश्चित की।

### प्यारी खाका की मदद से स्पोर्ट्स ओडिशा ने एसएसबी से ड्रा खेला


**भुवनेश्वर।** स्पोर्ट्स ओडिशा ने शनिवार को यहां इंडियन वुमैन्स लीग के फुटबॉल मैच मे एसएसबी वुमैन को I-I से ड्रा पर रोक दिया। एसएसबी वुमैन ने संध्या कश्यप के 41वें मिनट में किए गए गोल की मदद से I-0 से बढ़त बना ली थी।

# प्ले आफ की दौड़ से बाहर सुपरकिंग्स के खिलाफ शीर्ष दो में जगह पक्की करने उतरेगा गुजरात टाइटंस

भाषा। मुंबई










**प्ले आफ में जगह** सुनिश्चित कर चुकी गुजरात टाइटंस की टीम रविवार को यहां इंडियन प्रीमयर लीग में खिताब की दौड़ से बाहर हो चुकी चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ जीत दर्ज करके शीर्ष दो में जगह पक्की करने का प्रयास करेगी। हार्दिक पंड्या की कप्तानी में गुजरात ने उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन करते हुए दो मैच शेष रहते ही प्ले आफ में जगह सुनिश्चित कर ली। टाइटंस की टीम 12 मैच में 18 अंक के साथ शीर्ष पर चल रही है और रविवार को जीत से टीम की शीर्ष दो में जगह लगभग सुनिश्चित हो जाएगी जिसका मतलब होगा कि टीम को फाइनल में जगह बनाने का एक अतिरिक्त मौका मिलेगा। दस टीम की तालिका में नौवें स्थान पर चल रही गत चैंपियन सुपरकिंग्स की टीम प्ले आफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है और बाकी बचे दो मैच में प्रतिष्ठ बचाने के इरादे से खेलेगी। लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ पिछले मैच में 62 रन की जीत के साथ टाइटंस ने प्ले आफ में जगह पक्की की जबकि सुपरकिंग्स को अपने पिछले मैच में मुंबई इंडियन्स के खिलाफ पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा। युवा सलामी बल्लेबाज शुभमन, कप्तान हार्दिक, मिलर, साहा और तेवतिया ने सत्र के दौरान टाइटंस की ओर से अच्छी बल्लेबाजी की है और सुपरकिंग्स के खिलाफ भी वे इस लय को जारी रखना चाहेंगे। अपने पहले ही सत्र में टाइटंस के शानदार प्रदर्शन का श्रेय उसकी मुश्किल हालात में वापसी करने की क्षमता हो जाता है। पिछले कुछ मुकाबलों में हालांकि टाइटंस के बल्लेबाज उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं।

## रॉयल्स को हराकर प्ले आफ में जगह पक्की करने उतरेंगे सुपर जाइंट्स







**मुंबई।** पूरे सत्र के दौरान शानदार फॉर्म में चल रही लखनऊसुपर जाइंट्स की टीम पिछले मैच में मिली हार से उबरकर रविवार को यहां राजस्थान रॉयल्स को हराकर प्ले आफ में अपनी जगह पक्की करने के इरादे से उतरेगी। लगातार चार जीत के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर चल रही लोकेश की अगुआई वाली सुपर जाइंट्स की टीम ने पिछले मैच में गुजरात के खिलाफ हार के साथ अपना नंबर एक स्थान इस टीम को गंवा दिया था। सुपर जाइंट्स की टीम 16 अंक के साथ दूसरे स्थान पर चल रही है और प्ले आफ की शुरुआत से पहले एक और मैच गंवाना नहीं चाहेंगी। रॉयल्स की टीम भी पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आठ विकेट की करारी हार के बाद वापसी करके प्ले आफ में जगह बनाने का अपना दावा मजबूत करने की कोशिश करेगी। सपुर जाइंट्स की टीम अगर रविवार को जीत दर्ज करती है तो उसकी प्ले आफ में जगह सुनिश्चित हो जाएगी। रॉयल्स की टीम भी अगर जीत दर्ज करती है तो अंतिम चार में जगह बनाने की तरफ एक और कदम बढ़ा लेगी। लखनऊ की टीम के लिए कप्तान राहुल और डिकॉक को एक बार फिर अधिकांश रन जुटाने होंगे। टाइटंस के खिलाफ ये दोनों सस्ते में पवेलियन लौट गए थे और रॉयल्स के खिलाफ उम्दा पारी खेलना चाहेंगे। राहुल 12 मैच में 459 रन के साथ टूर्नामेंट के दूसरे सबसे सफल बल्लेबाजों में से एक हैं।

# धवन और पंड्या कप्तानी की दौड़ में

● रोहित, पंत, राहुल, बुमराह को द.अफ्रीका श्रृंखला से आराम

भाषा। नई दिल्ली





**भारतीय क्रिकेट** टीम के जुलाई में इंग्लैंड के अहम दौरे को देखते हुए कप्तान रोहित शर्मा और लोकेश राहुल समेत कई सीनियर खिलाड़ियों को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला से विश्राम दिया जाएगा।

इन दोनों के अलावा राष्ट्रीय चयन समिति जसप्रीत बुमराह और ऋषभ पंत को भी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्राम देगी। यह समझा जाता है कि अनुभवी सलामी बल्लेबाज धवन और इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में गुजरात के लिए अपनी कप्तानी से प्रभावित करने वाले हार्दिक को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू और फिर आयरलैंड के दौरे पर सीमित ओवरों की श्रृंखला टीम का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी दी जा सकती है। दक्षिण अफीका के खिलाफ टी20 श्रृंखला जून को शुरू होगी जिसका पहला मैच नई दिल्ली और बाकी मैच क्रमशः कटक, विशाखापत्तनम, राजकोट और बेंगलुरु में खेले जाएंगे। आईपीएल सत्र के लीग चरण के आखिरी दिन 22 मई को मुंबई में दक्षिण अफ्रीका श्रृंखला के लिए टीम का चयन किए जाने की संभावना है। पीटीआई पहले ही खबर दे कर चुका है कि खराब फॉर्म में चल रहे विराट कोहली को भी जरूरी विश्राम दिया जाएगा। चयनकर्ताओं के साथ-साथ बीसीसीआई के लिए जुलाई की शुरुआत में इंग्लैंड का दौरा काफी अहम है। इस मामले की जानकारी रखने वाले बीसीसीआई के एक अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, भारत के सभी अनुभवी खिलाड़ियों को कम से कम साढ़े तीन सप्ताह का पूर्ण आराम मिलेगा। रोहित, विराट, राहुल, ऋषभ और जसप्रीत सभी सीमित ओवरों की श्रृंखला के बाद पांचवें टेस्ट के लिए सीधे इंग्लैंड जाएंगे। हमें अपने सभी प्रमुख खिलाड़ियों को इंग्लैंड श्रृंखला के लिए तरोताजा रखने की जरूरत है। टीम की कप्तानी के बारे में पूछे जाने पर सूत्र ने कहा, चयनकर्ताओं के पास दो विकल्प हैं। पहला, धवन, जो पिछले साल की श्रीलंका श्रृंखला के दौरान विराट, रोहित और राहुल की अनुपस्थिति में भारत की कप्तानी कर चुके हैं। इसके साथ ही हार्दिक पांड्या ने गुजरात के लिए अपनी कप्तानी से काफी प्रभावित किया है। यह करीबी मुकाबला होगा। उमरान ने अपनी 150 किमी प्रति घंटे से अधिक की गति से काफी उत्साह पैदा किया है लेकिन ऐसा लग रहा है कि वह भी राष्ट्रीय टीम की जिम्मेदारी के लिए तैयार नहीं है।

### स्पेन और जर्मनी ने फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया

**नई दिल्ली।** गत चैम्पियन स्पेन और जर्मनी ने यूएफा यूरोपीय चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुंचकर अक्टूबर में भारत में होने वाले फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया। स्पेन और जर्मनी ने बोस्निया और हर्जेगोविना में खेली जा रही यूरोपीय महिला अंडर-17 चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में क्रमशः फ्रांस और नीदरलैंड को हराया। अब रविवार को होने वाले फाइनल में दोनों एक दूसरे के आमने सामने होंगे। फ्रांस और नीदरलैंड के बीच रविवार को होने वाले तीसरे स्थान के मुकाबले की विजेता टीम भी फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप के लिए यूरोप से क्वालीफाई करने वाली तीसरी टीम होगी।

# फेलिक्स को हराकर जोकोविच सेमीफाइनल में



भाषा। रोम

**दुनिया के नंबर** एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने कड़े मुकाबले में शुक्रवार को फेलिक्स आगर एलियासिम को सीधे सेट में हराकर इटली ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। वर्ष 2021 में कैलेंडर ग्रैंडस्लैम पूरा करने से सिर्फ एक मैच दूर पहुंचे जोकोविच ने फेलिक्स को 7-5 7-6 से हराया।

जोकोविच ने इस जीत के साथ सुनिश्चित किया कि सोमवार को जब नवीनतम एटीपी रैंकिंग जारी होगी तो दूसरे नंबर के खिलाड़ी दानिल मेदवेदेव उन्हें पछाड़ नहीं पाएंगे। जोकोविच ने मैच के बाद कहा, यह शीर्ष स्तर का टेनिस था। मुझे अपना स्तर बेहतर करना पड़ा और लगातार अच्छा टेनिस खेलना पड़ा।

## स्वियाटेक लगातार 27 जीत के रिकॉर्ड की बराबरी के साथ इटली ओपन के फाइनल में

**रोम।** रैंकिंग मे शीर्ष पर काबिज इगा स्वियाटेक ने इटली ओपन के सेमीफाइनल मे शनिवार को यहां आर्यना सबालेंका को 6-2, 6-I से हराकर लगातार 27वी जीत दर्ज कर सेरेना विलियम्स के रिकॉर्ड की बराबरी की। सेरेना ने 2014 और 2015 मे यह उपलब्धि हासिल की थी। रोम में अपने खिताब का बचाव करने के साथ लगातार पांचवे टूर्नामेंट को जीतने की कोशिश मे लगी पोलैंड की 20 साल की खिलाड़ी ने आठवी रैंकिंग की खिलाड़ी सबालेंका को कोई भी मौका नही दिया। रविवार के खेले जाने वाले फाइनल मे स्वियाटेक के सामने ओन्स जबूर या रूस की डारिया कसाटकिना के मैच के विजेता की चुनौती होगी। जबूर भी सेमीफाइनल से पहले लगातार 10 मैच जीत चुकी है। इससे पहले शुक्रवार को दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने कड़े मुकाबले मे फेलिक्स आगर एलियासिम को सीधे सेट मे हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। वर्ष 2021 मे कैलेंडर ग्रैंडस्लैम पूरा करने से सिर्फ एक मैच दूर पहुंचे जोकोविच ने फेलिक्स को 7-5, 7-6 से हराया। सेमीफाइनल मे उनका सामना कैस्पर रूड से होगा। पुरुषो के एक अन्य सेमीफाइनल मे अलेक्जेंडर ज्वेरेव के सामने स्टेफानोस सिटसिपास की चुनौती होगी।

## बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया, बेयरस्टो और लिविंगस्टोन ने कमाल कर दिया: मंयक

**मुंबई।** पंजाब किंग्स के कप्तान मयंक अग्रवाल ने शुक्रवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में मिली जीत के बाद जॉनी बेयरस्टो (66 रन) और लियाम लिविंगस्टोन (70 रन) के प्रदर्शन की तारीफ की। अग्रवाल ने अहम मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) को 54 रन से हराने के बाद कहा, हमने बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया। जॉनी और लिवी की बल्लेबाजी कमाल की थी। बेयरस्टो को 29 गेंद में सात छक्के और चार चौके जड़ित पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। हारने वाली टीम आरसीबी के कप्तान फाफ डुप्लेसी ने कहा, जॉनी ने जिस तरह बल्लेबाजी की, उसने हमारे गेंदबाजों को दबाव में ला दिया था। उन्होंने कहा, जब आप 200 से ज्यादा रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए हो सबसे अहम चीज होती है कि एक साथ ज्यादा विकेट नहीं गंवाओ। हमारे साथ ऐसा ही हुआ, विराट के बाद मैं आउट हो गया। फिर आगे के ओवरों में भी ऐसा ही हुआ।

## पंजाब किंग्स के साथ पारी का आगाज करने का लुत्फ उठा रहे हैं बेयरस्टो

**मुंबई।** जॉनी बेयरस्टो ने हाल में इंग्लैंड के लिए काफी मुकाबलों में पारी का आगाज नहीं किया है लेकिन वह मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग में पंजाब किंग्स की ओर से सलामी बल्लेबाज की भूमिका का लुत्फ उठा रहे हैं। बेयरस्टो ने शुक्रवार को सिर्फ 29 गेंद में चार चौकों और सात छक्कों की मदद से 66 रन की पारी खेली जिससे पंजाब किंग्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को 54 रन से हराया। मैंने जिस तरह सलामी बल्लेबाजी से सामंजस्य बैठाया है उससे मैं खुश हूं। शीर्ष क्रम पर दोबारा खेलने का काफी लुत्फ उठा रहा हूं। बेयरस्टो मौजूदा टूर्नामेंट के लिए देर से पहुंचे और शुरुआत में मध्यक्रम में बल्लेबाजी की जहां उन्हें लय में आने के लिए जूझना पड़ा।

## सीबीआई ने कथित आईपीएल मैच फिक्सिंग के आरोप में सात सट्टेबाजों पर मामला दर्ज किया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पाकिस्तान से मिली सूचना के अधार पर वर्ष 2019 में आईपीएल मैच की कथित फिक्सिंग करने के आरोप में कुल सात संदिग्ध सट्टेबाजों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। एजेंसी ने इस सबंध में दो प्राथमिकी दर्ज की हैं। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने मामले में राष्ट्रव्यापी जांच शुरू की है और दिल्ली, हैदराबाद, जयुपर और जोधपुर में सात ठिकानों की तलाशी ली है। प्राथमिकी में आरोप लगाया है कि एजेंसी को जानकारी मिली कि क्रिकेट सट्टेबाजी में संलिप्त व्यक्तियों का नेटवर्क पाकिस्तान से मिली सूचना के आधार पर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के तहत होने वाले मैचों के नतीजों को प्रभावित कर रहा है। सीबीआई ने पहली प्राथमिकी में दिल्ली के रोहिणी निवासी दिलीप कुमार और हैदराबाद के गुरुम वासु और गुरुम सतीश को आरोपी के तौर पर नामजद किया है। वहीं दूसरी प्राथमिकी में सज्जन सिंह, प्रभुलाल मीणा, राम अवतार और अमित कुमार शर्मा को को नामजद किया है। चारों राजस्थान के रहने वाले हैं।

# इंडोनेशिया के खिलाफ फाइनल में इतिहास रचने उतरेगा भारत

● थॉमस कप बैडमिंटन



भाषा। बैंकॉक

**आत्मविश्वास** से भरा भारत रविवार को यहां थॉमस कप बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में 14 बार के चैंपियन इंडोनेशिया के खिलाफ एक बार फिर इतिहास रचने के इरादे से उतरेगा। गत चैंपियन इंडोनेशिया का इस टूर्नामेंट में रिकॉर्ड शानदार रहा है और टीम मौजूदा टूर्नामेंट में अब तक अजेय रही है। भारतीय पुरुष टीम ने हालांकि मलेशिया और डेनमार्क जैसी टीम को हराकर पहली बार फाइनल में जगह बनाई है और दिखाया है कि वे किसी भी टीम को हराने की क्षमता रखते हैं। भारत के लिए यह एतिहासिक लम्हा है। अपने से बेहतर रैंकिंग वाली टीम के खिलाफ भारतीय खिलाड़ियों में आत्मविश्वास की कोई कमी नहीं दिखी और पिछले दो मैच में पिछड़ने के बावजूद टीम ने मानसिक मजबूती दिखाते हुए जीत दर्ज की। इंडोनेशिया की टीम ने टूर्नामेंट में अब तक कोई मुकाबला नहीं गंवाया है जबकि भारत को एकमात्र शिकस्त का सामना ग्रुप चरण में चीनी ताइपे के खिलाफ करना पड़ा। इंडोनेशिया ने नॉकआउट चरण में जून और जापान को हराया तो भारत ने पांच बार के पूर्व चैंपियन मलेशिया और 2016 के विजेता डेनमार्क को शिकस्त दी। भारत के स्टार पुरुष खिलाड़ियों किदांबी श्रीकांत और एसएस प्रणय ने जिम्मेदारी अपने कंधों पर उठाई है और अब तक अपने सभी पांच मुकाबले जीते हैं। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी ने भी प्रभावी प्रदर्शन किया है। कृष्ण प्रसाद गारगा और विष्णुवर्धन गौड़ पंजाला की युवा जोड़ी कमजोर कड़ी साबित हुई है लेकिन मलेशिया और डेनमार्क के खिलाफ हार के दौरान इन्होंने कड़ी चुनौती पेश की। भारत फाइनल में दूसरी युगल जोड़ी के रूप में एक बार फिर एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला को उतार सकता है। इस जोड़ी ने राउंड रोबिन प्रारूप में दो मुकाबले खेले जिसमें से एक में उन्होंने जीत दर्ज की जबकि दूसरे में उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

## टखने में चोट के बावजूद मैं हार नही मानने को लेकर प्रतिबद्ध था: प्रणय

**बैंकॉक।** टखने मे चोट के बाद भी अपने करियर की सबसे यादगार जीत में से एक दर्ज करने के बाद भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय ने कहा कि किसी भी परिस्थिति मे हार न मानने की मानसिकता ने उन्हें थॉमस कप सेमीफाइनल में डेनमार्क पर शानदार जीत के दौरान प्रेरित किया। प्रणय ने निर्णायक एकल मैच मे शानदार प्रदर्शन किया जिससे भारतीय पुरुष टीम ने शुक्रवार को यहां डेनमार्क पर 3-2 से जीत के साथ इतिहास रच दिया। भारतीय टीम पहली बार थॉमस कप के फाइनल में पहुंचने में सफल रही। दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी रास्मस गेमके के खिलाफ प्रणय को कोर्ट पर फिसलने के कारण टखने मे चोट भी लगी लेकिन इस भारतीय ने मेडिकल टाइमआउट लेने के बाद मुकाबला जारी रखा। वह कोर्ट पर दर्द मे दिख रहे थे लेकिन इस परेशानी के बावजूद उन्होंने 13-21 21-9 21-12 से जीत दर्ज कर भारत का नाम इतिहास के पन्नो मे दर्ज करा दिया।